CMYK

अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C
तापमान

सेंसेक्स 82,515.14
निफ्टी 25,141.40

सोना 98,850
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 12 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 309 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 15 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में और भीषण गर्मी बढ़ने के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के सभी प्रमुख शहर इन दिनों भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं और आगामी दिनों में प्रचंड गर्मी होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया के एक अध्ययन के अनुसार, मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, सूरत, ठाणे, पटना और भुवनेश्वर जैसे शहरी क्षेत्रों में 2030 तक गर्मी के दिनों की अवधि में दोगुनी वृद्धि होने का अनुमान है।

नई दिल्ली में ग्लोबल-साउथ क्लाइमेट रिस्क सिम्पोजियम में पेश रिपोर्ट 'वेदरिंग द स्टॉर्म: मैनेजिंग मानसून इन ए वार्मिंग क्लाइमेट' आने वाले वर्षों के लिए एक गंभीर तस्वीर पेश करती है, क्योंकि भारत अब तेजी से परिवर्तनशील जलवायु के चरम से जूझ रहा है। भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि देखी गई, जबकि पिछले दशक में इसमें 19 गुना वृद्धि हो चुकी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लंबे समय तक चलने वाली ये गर्मी अब अनियमित और तीव्र वर्षा की ओर ले जा रही है, जिससे 2030 तक देश के 80 प्रतिशत जिलों में बारिश होने के आसार हैं। आईपीई ग्लोबल में जलवायु -शेष पृष्ठ दो पर



**भारत में पिछले 30 वर्षों में अत्यधिक गर्मी वाले दिनों में 15 गुना वृद्धि हुई**

## सात दिन में देश का टेंपरेचर 8.13 डिग्री बढ़ा

**नई दिल्ली।** देशभर में भीषण गर्मी का दौर जारी है। पिछले सात दिन में देशभर के तापमान में 8 से 13 डिग्री सेल्सियस तक का इजाफा हुआ है। मंगलवार को पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। वहीं, हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया।

राजस्थान में भी गर्मी और हीटवेव का तेज असर जारी है। मंगलवार को राजस्थान के 3 शहरों का तापमान 46 डिग्री या उससे ज्यादा दर्ज किया गया। श्रीगंगानगर में 47.4 डिग्री, कोटा में 46.3डिग्री और बीकानेर में पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया। देश के उत्तरी राज्यों- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में दो दिन लू का अलर्ट है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री दर्ज किया गया, लेकिन गर्मी 47 डिग्री जैसी महसूस की गई। बुधवार को दिल्ली का तापमान 45 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है। इधर, केरल में फिर से तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल के उत्तरी जिलों में भारी बारिश की संभावना है।

**■ मप्र- राजस्थान समेत छह राज्यों में लू का अलर्ट, बठिंडा 47.6 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म**

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में लगी आग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में बुधवार सुबह आग लग गई। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा कर्मचारियों द्वारा त्वरित कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह विधानसभा परिसर के लॉबी क्षेत्र में आग लग गई। इस हादसे में पूर्व राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और विधायकों की कुछ तस्वीरें और फर्नीचर जल गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि आग की लपटें देखकर विधानसभा के कर्मचारी आग बुझाने लगे। उन्होंने तेजी से कार्रवाई की और अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

### बीएसएफ के जवानों को गंदगी भरा ट्रेन सेट, चार अधिकारी निलंबित

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों के लिए पुराना एवं गंदगी भरा ट्रेन सेट उपलब्ध कराने पर कड़ी कार्रवाई की है और चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। श्री वैष्णव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस घटना की जानकारी मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई की गई है। रैक बदलने के साथ ही इस गलती के लिए जिम्मेदार अलीपुरद्वार मंडल के चार अधिकारी निलंबित कर दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार निलंबित अधिकारियों में अलीपुरद्वार कोचिग डिपो के प्रभारी तथा मंडल के तीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर शामिल हैं।

### यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की जमानत याचिका खारिज

**हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हिसार की कोर्ट से बुधवार को जोरदार झटका लगा है। हिसार की अदालत ने ज्योति मल्होत्रा को झटका देते हुए जमानत याचिका का खारिज कर डाला है। ज्योति मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने हिसार कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी और अपनी दलीलें कोर्ट के सामने रखी, लेकिन इसके बावजूद हिसार कोर्ट ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज करते हुए ज्योति मल्होत्रा को बेल देने से ही मना कर दिया।

### मतदाता सूचियां तैयार करना सबसे कठोर प्रक्रिया: ज्ञानेश

**नई दिल्ली/स्टॉकहोम।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भारत में मतदाता सूची तैयार करने के काम को दुनिया की सबसे कड़ी और पारदर्शी प्रतिक्रियाओं में एक बताते हुए कहा है कि इसके लिए आयोग की ओर से परिचालित मजबूत तंत्र देश में चुनावों की विश्वसनीयता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री कुमार मंगलवार शाम स्वीडन में ईमानदारी के साथ चुनाव विषय पर स्टॉकहोम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दे रहे थे।

### लक्ष्मण सिंह छह वर्ष के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश से पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर ने बुधवार को बताया कि श्री सिंह को पार्टी विरोधी गतविधियों के कारण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। श्री सिंह गांधी परिवार के खिलाफ विवादित बयान देने के कारण पिछले कुछ समय से चर्चा में हैं।

# संत परंपरा प्राचीन, संतों ने विदेशी आक्रांताओं से लिया लोहा: योगी

## कहा: संतों ने समाज को दिखाई एकता और जोड़ने की राह

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना/शुक्रताल (मुजफ्फरनगर)।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां मौजूद जनसमूह को सुरक्षा की गारंटी देते हुए कहा कि अब कोई कांधला और कैराना पलायन जैसी घटना करने की हिमाकत नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज की प्रेरणा से पीएम मोदी की आगुवाई में बिना भेदभाव के समग्र विकास पर काम हो रहा है। उन्होंने सतगुरू रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शुक्रताल स्थित संत स्वामी ज्ञान भिक्षुकदास महाराज और संत रविदास मिशन के संस्थापक अध्यक्ष सतगुरु समनदास की पुण्यतिथि पर आयोजित समागम समारोह में शिरकत करने यहां पहुंचे थे। साधु संतों को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि सतगुरु रविदास जी महाराज ने अपनी कर्म साधना से जो प्रेरणा दी वह आज भी सम्पूर्ण देशवासियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य कर रही है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्व की सरकारों में कांधला और कैराना जैसी घटना करने की अब कोई हिमाकत उत्तर प्रदेश में नहीं कर सकता। शुकतीर्थ सनातन धर्म का पौराणिक तीर्थ है।



**सीएम ने सतगुरु रविदास जी महाराज समदास महाराज की स्मृति में घाट बनाने की भी घोषणा की**

**योगी बोले- मन चंगा, तो कठौती में गंगा, सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंतरिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मध्यकाल में जब देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था, विदेशी आक्रांताओं द्वारा भारत की धर्म और संस्कृति को रौंदा जा रहा था, तो उस समय ज्योति के पुंज के रूप में काशी के सीरगोवर्धन में सतगुरु रविदास जी महाराज का अविर्भाव होता है। उन्होंने कर्मसाधना के माध्यम से जो प्रेरणा दी, वह आज भी देश व हर श्रद्धालु के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करती है। सतगुरु रविदास जी महाराज ने सामाजिक आडंबर व -शेष पृष्ठ दो पर

# न्यायिक आतंकवाद से बचना होगा

## कोर्ट को नहीं लांघनी चाहिएं अपनी सीमाएं: गवई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने कहा है कि भारत का संविधान सिर्फ अधिकार नहीं देता, बल्कि समाज के पिछड़े और दबे-कुचले वर्गों को ऊपर उठाने का काम भी करता है। उन्होंने यह बात ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम के दौरान कही।

सीजेआई ने कहा कि देश में ज्यूडिशियल एक्टिविज्म की भूमिका बनी रहेगी, लेकिन इसे इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। उन्होंने कहा कि न्यायिक सक्रियता जरूरी है, लेकिन यह इस हद तक नहीं होनी चाहिए कि यह न्यायिक आतंकवाद का रूप ले ले। कई बार ऐसा होता है कि न्यायपालिका ऐसे क्षेत्रों में घुस जाती है, जहां उसे नहीं जाना चाहिए। सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए। जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए। भारत में कई दशक पहले लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें अशुद्ध बताया जाता था। कहा जाता था कि वे इस जाति के नहीं हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपनी बात खुद नहीं कह सकते, लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर आसीन होकर खुलकर बोल रहा है।

**न्यायपालिका को मर्यादा में रहकर हस्तक्षेप करना चाहिए**

**भारतीय संविधान दबे-कुचलों को ऊपर उठाने का काम करता है**

**मुख्य न्यायाधीश ने ऑक्सफोर्ड यूनियन में एक प्रोग्राम को किया संबोधित**



### सीएए को चुनौती: सुप्रीम कोर्ट ने की पाकिस्तानी नागरिक की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक की याचिका बुधवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने दीर्घकालिक वीजा पर गोवा में रह रहे जूड मेंडेस की इस याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया, लेकिन इस मामले में बम्बई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की उन्हें अनुमति दी। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने दलील देते हुए कहा कि मैं (जूड मेंडेस) 2014 के बाद भारत आया हूं। मैं एक ईसाई पाकिस्तानी नागरिक हूं। मैं सीएए के प्रासंगिक प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती दे रहा हूं। इस पर अदालत ने कहा कि बम्बई उच्च न्यायालय के समक्ष जाएं।

# विधायक नाहिद हसन दोषमुक्त करार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** उप्र में सहारनपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सरकारी काम में बाधा डालने समेत कई मामलों के आरोपी कैराना विधायक नाहिद हसन को दोषमुक्त करार दिया है।

विधायक नाहिद हसन के वकील जानिसार ने बुधवार को बताया कि कोर्ट ने पत्रावलियों पर आए साक्ष्यों और गवाहों को सुनने के बाद नाहिद हसन को आरोपमुक्त किया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2012 में एक मामले में नाहिद हसन ने थाना सरसावा का घेराव किया था और सरकारी काम में बाधा डालने, सड़क पर जाम लगाने आ सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने के आरोप पुलिस ने उन और उनके समर्थकों पर लगाए थे। फैसले के दौरान विधायक नाहिद हसन खुद कोर्ट में उपस्थित थे।

**■ एमपी-एमएलए कोर्ट ने दी सपा विधायक को राहत**

# केरल हाईकोर्ट का प्रियंका को नोटिस

कोच्चि, वार्ता

**केरल हाईकोर्ट ने** बुधवार को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को नोटिस जारी किया है। इसमें वायनाड लोकसभा सीट पर उपचुनाव में उनकी जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका भाजपा नेता नव्या हरिदास की ओर से दायर की गई है।

उन्होंने वायनाड सीट पर प्रियंका के खिलाफ चुनाव लड़ा था। नव्या का आरोप है कि प्रियंका ने अपने नॉमिनेशन फॉर्म में अपनी और परिवार की संपत्तियों की जानकारी सही नहीं दी। नव्या ने दावा किया कि प्रियंका गांधी ने जानबूझकर संपत्ति छिपाई, ताकि चुनाव परिणाम प्रभावित हो। यह भ्रष्ट आचरण (करप्ट प्रैक्टिस) की कैटेगरी में आता है। झूठी जानकारी देकर प्रियंका ने आचार संहिता का भी उल्लंघन किया है। याचिका पर अगली सुनवाई अगस्त में होगी। चुनावी हलफनामे में प्रियंका गांधी ने 12 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति घोषित की थी। उनके पास 4.24 करोड़ रुपये की चल और 7.74 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां हैं। प्रियंका ने पति रॉबर्ट वाड्रा की संपत्ति का भी ब्योरा दिया था। वाड्रा के पास कुल 65.54 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 37.9 करोड़ रुपये की चल और 27.64 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां है।



**■ वायनाड सीट पर जीत को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा, संपत्ति छिपाने का आरोप**

# बहुप्रतीक्षित एक्सिओम-04 का प्रक्षेपण फिर टला

बेंगलुरु, वार्ता

**बहुप्रतीक्षित एक्सिओम**-04 मिशन के प्रक्षेपण की तारीख एक बार फिर आगे बढ़ा दी गई है। प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकि विसंगतियों का पता चलने के बाद 11 जून को प्रस्तावित प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया गया है।

इसरो ने यहां बताया कि प्रक्षेपण से पहले प्रोटोकॉल के तहत इसके प्रदर्शन को सफल करने के लिए 'लॉन्च पैड' पर फाल्कन 9 प्रक्षेपण वाहन के बूस्टर चरण का सात सेकंड का 'हॉट टेस्ट' किया गया। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान इंजीनियरों ने रॉकेट के प्रोपल्शन में लिक्विड ऑक्सीजन के रिसाव का पता लगाया। इसरो के अध्यक्ष डा. वी. नारायणन ने कहा कि इसे ठीक करने के बाद मिशन की नई तारीख की घोषणा की जाएगी।

**■ प्रक्षेपण तैयारियों के दौरान तकनीकी विसंगतियों का पता चलने के बाद लिया फैसला**

# पीएम से मिलने वाले मंत्रियों का RT-PCR टेस्ट होगा

## देश में कोरोना के एक्टिव केस 7000 के पार, अब तक 74 लोगों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले सभी मंत्रियों के लिए आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है।

देशभर में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या 7121 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 300 से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2223 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1223, दिल्ली में 757 और पश्चिम बंगाल में 747 पॉजिटिव मरीज हैं।

**रोज 350+ नए मामले आ रहे सामने**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, कोरोना के नए वैरिएंट से 74 मौतें हुई हैं। मंगलवार को 6 लोगों ने जान गंवाई। इनमें केरल में 3, कर्नाटक में 2 और महाराष्ट्र में एक मौत हुई है। बीते 10 दिन में 3000 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 40 मरीजों की मौत हुई है। हर दिन 350 से ज्यादा नए केस दर्ज हो रहे हैं। केरल के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट बुजुर्गों और दूसरी बीमारियों वाले मरीजों के लिए ज्यादा खतरनाक है।



### भारत ने 11 साल में पार किए कई मील के पत्थर: भाजपा

**नई दिल्ली।** सरकार ने पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले 11 वर्षों में हासिल किए गए विकासात्मक मील के पत्थरों की एक श्रृंखला का प्रदर्शन किया।

भाजपा की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राजग सरकार की उपलब्धियों के बारे में मीडिया के सामने एक घंटे तक प्रस्तुति दी। इस बात पर जोर देते हुए कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता संभालने से पहले ऐसी प्रगति कभी नहीं देखी गई थी। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, निर्मला सीतारमण और नितिन गडकरी, सहित विभिन्न प्रवक्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने न केवल आर्थिक परिवर्तन की दिशा में काम किया है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को बढ़ाने के लिए लाखों लोगों के सशक्तिकरण के लिए भी काम किया है और देश की सुरक्षा में सुधार किया है।



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने वंचित समुदाय के बच्चों की शिक्षा को लेकर मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित वर्ग के बच्चों की शिक्षा को निर्वाध रूप से जारी रखने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। गांधी ने 10 जून को श्री मोदी को लिखे पत्र में कहा कि वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसर में बाधाएं आ रही हैं और ये बच्चे निर्वाधरूप से अपनी शिक्ष हासिल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने दलित, आदिवासी, आर्थिकरूप से कमजोर तथा पिछड़ा वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की बहुत खराब स्थिति को वर्गों के छात्रों की शिक्षा में बाधक बताया है। हाल की अपनी बिहार यात्रा के दौरान दरभंगा के अम्बेडकर छात्रावास का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि वहां छह-सात छात्रों को एक कमरे में ठूंसकर रखा जाता है। छात्रावास में बहुत गंदे शौचालय, असुरक्षित पीने का पानी, भोजन की अव्यवस्था और शैक्षणिक संसाधनों के अभाव जैसे गंभीर हालात हैं।

### भारत की बात पहले दुनिया गंभीरता से सुनती थी: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहले भारत की अपनी विदेश नीति रही है और हमारी बात दुनिया गंभीरता से सुनती थी लेकिन आज हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमले पर दुनिया इस घटना की आलोचना तो करती है लेकिन कोई भारत के साथ खड़ा नहीं हुआ है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल से लेकर डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकात तक इस नीति में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया, जिसके कारण पूरी दुनिया के लोग भारत की आवाज को गंभीरता से सुनते भी थे और जुड़ते भी थे। उन्होंने कहा कि आज हालात एकदम बदल गए हैं। हालात यह है कि पहलगाम आतंकवादी हमला हुआ है। इस आतंकवादी घटना की पूरी दुनिया ने आलोचना तो की है लेकिन इस घटना को लेकर कोई देश हमारे साथ खड़ा नहीं हुआ।

### वोट नहीं देने पर हत्या छह को उम्रकैद

**आगरा।** आगरा की अदालत ने 20 साल बाद उन 6 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है, जिन्होंने अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने से इन्कार करने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इनके नाम जितेंद्र सिंह, बबलू सिंह, पवन सिंह, सत्तू सिंह, गिर्राज सिंह, गोविंद सिंह और बलबीर सिंह हैं और मृतक की पहचान धर्मपाल के रूप में हुई थी। जनपद के लाडम मनखेड़ा में पंचायत चुनाव के दौरान 35 वर्षीय धर्मपाल और उनके भाई धर्मवीर को कुछ लोगों ने उनके पसंदीदा उम्मीदवार को वोट देने के लिए कहा था।

### अपहरण के बाद हत्या मामलों में लापरवाही बरतने पर अदालत सख्त

# हाईकोर्ट ने लगाई यूपी पुलिस को फटकार

**प्रयागराज, वार्ता**



■ कहा-मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे और पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती यूपी पुलिस को अपनी जिम्मेदारी तय करनी चाहिए

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के बढ़ते मामलों पर पुलिस को उसकी जिम्मेदारी न निभाने के लिए नाराजगी जाहिर की है और पुलिस को इन मामलों पर सख्ती से निपटने के लिए आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने पुलिस की लाप. रवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं जिस तरह से लगातार अपहरण के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं और अपहरण के मामलों में पुलिस खोजबीन तक नहीं कर पाती है।

कोर्ट ने कहा अपहरण के मामलों में अपहरणकर्ता की ही हत्या हो जाती है, तो सबसे पहले पुलिस की को अपनी जिम्मेदारी तय करना चाहिए और इसी के अधिकार क्षेत्र में केस दर्ज किया जाना चाहिए। इलाहाबाद हाई कोर्ट की तरफ से पुलिस के लिए यह भी कहा गया है कि पुलिस अधिकारी हमेशा बड़ी छवि बनाने की कोशिश में दिखते हैं, लेकिन वह किसी भी तरीके से शिकायतों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। अगर किसी वजह से अपहर्त व्यक्ति का पता नहीं लगता है, तो इसके लिए पुलिस की प्रमुख जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। वाराणसी से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। इस दौरान नितेश कुमार की याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा यह पहला मामला नहीं है, जब लापता लोगों का पता नहीं चल पाया है। हमने कई बार देखा है कि पुलिस खुद शिकायतों को प्राप्त करने और उन पर ध्यान देने से बचती रहती है। याची का भाई 31 मार्च 2025 से लापता है। कथित तौर पर उसका अपहरण कर लिया गया है,जिसके बाद 3 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज की गई थी, लेकिन पुलिस अभी तक इस मामले में कोई कड़ी कार्रवाई नहीं कर पाई है। इस मामले में अधिकारियों की कोई व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय नहीं की जाती है। यही कारण है कि कई बार अपहरण किए गए व्यक्ति की हत्या हो जाती है। इस मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने वाराणसी के पुलिस आयुक्त से हलफनामा तलब किया है और 12 जून को सुनवाई की तारीख को निर्धारित किया गया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग करेगा दुष्कर्म प्रकरण की जांच, 13 जून को कौशांबी जाएगा

**कौशांबी।** जनपद के सैनी थाना क्षेत्र में बच्ची से कथित दुष्कर्म और इसके बाद हुई घटनाओं को लेकर अब राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इस प्रकरण की जांच कराने का निर्णय लिया है। आयोग 13 जून को एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित पक्ष से मिलने और घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए भेजेगा। 28 मई को सैनी थाना क्षेत्र की एक बच्ची की ओर से सिद्धार्थ नाम के युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया, लेकिन 4 जून को आरोपी के पिता रामबाबू तिवारी ने बेटे को झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद मामला और ज्यादा संवेदनशील हो गया।

### बटला हाउस में जारी रहेगी तोड़फोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बटला हाउस में प्रस्तावित तोड़फोड़ के खिलाफ आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जनहित याचिका को खारिज करते हुए तोड़फोड़ पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता। जस्टिस गिरीश कठपालिया और जस्टिस तेजस करिया की डिविजन बेंच ने कहा कि हमें लगता है कि यह याचिका पीड़ितों द्वारा उठाई जानी चाहिए। कोर्ट ने अमानतुल्लाह खान को आदेश दिया कि प्रभावित लोग तीन दिन के भीतर संबंधित प्राधिकरण के सामने अपनी याचिका दायर करें। अमानतुल्लाह खान की ओर से सीनियर वकील सलमान खुर्शीद ने कोर्ट में दलील दी कि दिल्ली विकास प्राधिकरण सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने कहा कि डीडीए ने खसरा नंबर 279 के दायरे से बाहर के मकानों को भी तोड़फोड़ का नोटिस दे दिया है। खुर्शीद ने इसे जनरल नोटिस बताते हुए कहा कि यह नोटिस बिना व्यक्तिगत जानकारी के जारी किए गए जो प्रभावित लोगों के लिए एक तरीके से अन्याय है। सलमान खुर्शीद ने कोर्ट से अनुरोध किया कि अगर इसे जनहित याचिका के तौर पर नहीं सुना जा सकता, तो इसे रिट पिटीशन के रूप में स्वीकार कर उचित बेंच के सामने सूचीबद्ध किया जाए। साथ ही उन्होंने सात दिन की मोहलत मांगी।

## यूपी के 44 जिलों में करेंगे किसान इनोवेटिव खेती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रॉप प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी में समय के साथ बदलाव कर किसानों को आधुनिक खेती के लिए तैयार किया है। इसके तहत अब ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी तकनीकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे किसान ऑफ सीजन में भी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की फसलें उगा सकें।

लखनऊ, बहराइच, सुल्तानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, अमेठी समेत 44 जिलों के किसान अब इस तरह का बदलाव लाने जा रहे हैं। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि प्रदेश के 44 जिलों में किसानों को ग्रीन हाउस और पॉली हाउस जैसी संरक्षित खेती की सुविधा प्रदान की जा रही है। इनमें से 24 जिलों में ग्रीन हाउस बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 20 जिलों में तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। योगी सरकार का उद्देश्य है कि हर मौसम में किसान बेहतर उत्पादन कर सकें और बाजार में ताजे उत्पाद उपलब्ध करा सकें। कृषि अवसंरचना निधि योजना के अंतर्गत ये सभी विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही इस पर सब्सिडी भी दी जा रही है। ग्रीन हाउस और पॉली हाउस टेक्नोलॉजी से खेती करने पर मौसम की मार से फसलों को सुरक्षा मिलती है। किसान अब सर्दी, गर्मी और बरसात हर मौसम में टमाटर, मिर्च, शिमला मिर्च, खीरा, बीन्स जैसी पौष्टिक सब्जियां और अनाज की खेती कर सकते हैं। इससे न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होती है बल्कि बाजार मूल्य भी अधिक मिलता है। इसी उद्देश्य से अब तक 37 ग्रीन हाउस पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं, जो उत्पादन के लिए तैयार हैं। इसके अलावा 29 ग्रीन हाउस निर्माणाधीन हैं, जिन्हें जल्द पूरा कर लिया जाएगा। योजना के अंतर्गत किसानों को ग्रीन हाउस व पॉली हाउस निर्माण के लिए सरक. ारी अनुदान दिया जा रहा है। साथ ही उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

## 1680 दिव्यांगों को मिल रही निशुल्क शिक्षा

### उत्तर प्रदेश में सोलह विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे

**लखनऊ, वार्ता**

■ मेरठ, बांदा में बालकों व सहारनपुर में बालिकाओं के लिए स्कूलों का संचालन

उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए विशेष विद्यालयों के संचालन की योजना के तहत 16 विशेष विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 2040 है। इन विद्यालयों में वर्तमान में 1680 दिव्यांग बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

योजना के तहत दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों के अनुरूप अलग-अलग विद्यालय स्थापित किए गए हैं। 'प्रयास विद्यालय' चलन-बाधित दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए प्रतापगढ़ और लखनऊ में हाई स्कूल स्तर तक संचालित किए जा रहे हैं, जिनकी कुल छात्र क्षमता 100 है। वहीं मानसिक मंदता से प्रभावित बच्चों के लिए 'ममता विद्यालय' प्रयागराज में बालकों और लखनऊ में बालिकाओं के लिए जूनियर हाई स्कूल स्तर तक चल रहे हैं, जिनकी क्षमता भी 100 है। मूक-बधिर बच्चों के लिए सरकार 'संकेत विद्यालय[ का संच. ालन कर रही है जो आगरा, लखनऊ, बरेली, फर्रुखाबाद और गोरखपुर में संचालित हैं, जहां आगरा में हाई स्कूल और बाकी जगह जूनियर हाई स्कूल स्तर की पढ़ाई होती है। इनकी कुल क्षमता 790 है। दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 'स्पर्श विद्यालय' लखनऊ और गोरखपुर में बालक-बालिकाओं के लिए एक-एक , मेरठ और बांदा में बालकों के लिए और सहारनपुर में बालिकाओं के लिए संचालित हैं। इनकी कुल छात्र क्षमता 1050 है। इन सभी विद्यालयों में विशेष शिक्षकों और संसाधनों के जरिए बच्चों को उनकी जरूरत के अनुरूप शिक्षा दी जा रही है, ताकि वे अपनी क्षमताओं को पहचान सकें और समाज में अपनी जगह बना सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि दिव्यांग बच्चों की शिक्षा और उनके सशक्तीकरण के जरिए एक समावेशी समाज का निर्माण कर सकते हैं। यही वजह है कि इन विशेष विद्यालयों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के न केवल शिक्षा बल्कि समग्र विकास पर जोर दिया जा रहा है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले 1680 बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण, सहायक उपकरण और अनुकूल माहौल भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

### राजा के घर पहुंचा सोनम का भाई मांगी माफी

**इंदौर।** पिछले कुछ दिन से देश भर में सुर्खियों में बने मध्यप्रदेश के इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बुधवार को मुख्य आरोपी सोनम का भाई राजा के घर पहुंचा और उसके परिवार से माफी मांगी। सोनम का भाई गोविंद आज दोपहर राजा रघुवंशी के घर पहुंचा और दिवंगत राजा की मां समेत पूरे परिवार से माफी मांगी। इस दौरान राजा के भाई विपिन रघुवंशी समेत सभी अन्य परिजन भी उपस्थित रहे। इस मुलाकात के बाद सोनम के भाई गोविंद ने संवाददाताओं से कहा कि अब तक जो सबूत मिल रहे हैं, उनके हिसाब से ये हत्या सोनम ने ही की है। उसी ने ये काम किया है और उससे करवाया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सभी आरोपी राज कुशवाह से ही जुड़े हुए हैं।

## एलजी ने सिन्हा ने किए अमरनाथ गुफा के दर्शन

**श्रीनगर, वार्ता**



■ प्रथम पूजा के साथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत की

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए पवित्र गुफा में 'बाबा बर्फानी' के दर्शन किए।

अड़तीस दिवसीय वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल तीन जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी। श्री सिन्हा ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि हर हर महादेव। बाबा बर्फानी के दर्शन किए और पवित्र गुफा में 'प्रथम पूजा' के साथ वार्षिक श्री अमरनाथ जी यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। बाबा अमरनाथ जी हम सभी पर अपना दिव्य आशीर्वाद बनाए रखें। मैं बाबा बर्फानी के सभी भक्तों से अनुरोध करता हूं कि वे पवित्र यात्रा के लिए बड़ी संख्या में आएं तथा जम्मू कश्मीर और देश की प्रगति के लिए महादेव से प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस और अद्र्धसैनिक बल तीन जुलाई से शुरू होने वाली सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुविधाओं और सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वर्ष की तीर्थयात्रा सभी भक्तों के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक हो। इससे पहले उपराज्यपाल ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल में श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के आपदा प्रबंधन और यात्री निवास परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों की प्रगति का पता लगाया और अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के लिए विकसित की जा रही बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## अर्थ व्यापार

## लिवाली के बल पर शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई, वार्ता**



वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर तेल एवं गैस, टेक, आईटी, एनर्जी जैसे क्षेत्रों में हुई लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही जिससे बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी कल की गिरावट से उबरकर बुधवार को बढ़त बनाने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 123.42 अंक बढ़कर 82515.14 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 37.15 अंक उठकर 25141.40 अंक पर रहा। इस दौरान छोटी कंपनियों में लिवाली देखी गई जबकि मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई का मिडकैप 0.12 प्रतिशत उतरकर 46532.22 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.06 प्रतिशत की बढ़त बनाकर 54281. 27 अंक पर रहा। इस दौरान बढ़त में रहने वाले समूहों में तेल एंव गैस 1. 83 प्रतिशत, एनर्जी 1.33 प्रतिशत, आईटी 1.25 प्रतिशत, फोक्सड आईटी 1.30 प्रतिशत और टेक 1. 01 प्रतिशत शामिल है। गिरावट में रहने वालों में यूटिलिटीज 0.76 प्रतिशत, एफएमसीजी 0.56 प्रतिशत, पावर 0.81 प्रतिशत और सर्विसेस 0.45 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बीएसई में कुल 4180 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2227 हरे निशान में और 1821 लाल निशान में रही जबकि 132 में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक हरे निशान में रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.13 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.34 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.13 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.84 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.52 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### ललितपुर में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भीषण गर्मी के चलते बुधवार को सैकघें चमगादड़ों की मौत हो गई।

विकास खंड व कोतवाली तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेरवास कलां में एक बरगद के पेड़ के नीचे सैकड़ों चमगादड़ मृत पाए गए। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच की और पाया गया कि चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है। वन विभाग की एसडीओ शीरीन सिद्दीकी के ने बताया कि चमगादड़ और राष्ट्रीय पक्षी मोर पर गर्मी का प्रभाव जल्दी पड़ता है व चमगादड़ों की मौत अत्यधिक गर्मी के कारण हुई है।

## चुनिंदा दालों में तेजी, खाद्य तेल रहे नरम

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज आवक बढ़ने से खाद्य तेलों में भारी गिरावट देखी गई, जबकि मांग निकलने से चुनिंदा दाल दलहन में तेजी रही। इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में मूंगफली तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 147 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1099 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 365 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गई जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500 -7600, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8700-8800 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में...**

प्रमुख अविनाश मोहंती ने चेतावनी देते हुए कहा कि परिवर्तन की गति और पैमाने अभूतपूर्व हैं। हम देख रहे हैं कि मानसून लंबी गर्मियों जैसी स्थितियों में बदल रहा है, जिससे बारिश अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही है। इस स्थिति को संभालना मुश्किल है और इससे उबरना और भी मुश्किल है। वर्ष 2030 तक टियर-1 और टियर-2 के 72 प्रतिशत शहरों में बार-बार गर्मी, भयंकर बारिश, बिजली के तूफान और यहां तक कि ओलावृष्टि भी होने का अनुमान है। यहां लगभग 70 प्रतिशत लोगों को मानसून के दौरान भी गर्मी जैसी स्थितियों का ही सामना करना पड़ सकता है। यह प्रतिशत वर्ष 2040 तक 79 प्रतिशत तक हो सकता है। अध्ययन में कहा गया है कि गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, ओडिशा, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश और अन्य राज्यों को गर्मी और बाढ़ दोनों का सामना करना पड़ेगा, जिससे इन प्रदेशों के 80 प्रतिशत से अधिक जिले प्रभावित होंगे। आईपीई ग्लोबल के प्रबंध निदेशक अश्वजीत सिंह ने जोर देकर कहा कि समूचे विश्व के दक्षिणी भाग खास तौर पर भारत दोहरे नुकसान में हैं, जो विकास के लिए संघर्ष करते हुए जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे प्रभावों से भी जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि वनों की कटाई, भूमि-उपयोग में बदलाव, आर्द्रभूमि और झाड़ियों एवं इसी प्रजाति के पेड़ों का विनाश देश के स्थानीय जलवायु संकट को बढ़ा रहा है। इन मानव-जनित परिवर्तनों के कारण कई संवेदनशील जिलों में भूमि उपयोग में 63 प्रतिशत बदलाव आया है। अध्ययन में आह्वान किया गया है कि उपग्रह डाटा और जलवायु मॉडल का उपयोग करने वाली राष्ट्रीय जलवायु संकट वेधशाला (सीआरओ) का जिला स्तर पर गठन किया जाए, ताकि इस बाबत स्थानीय कार्रवाई की अगुवाई हो सके। गौरतलब है कि भारत पहले से ही जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों का सामना कर रहा है। तत्काल और व्यापक कार्रवाई के बिना ये प्रभाव और भी गंभीर हो जाएंगे, जिससे जीवन, बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के खतरे में पड़ने की आशंका है।

**संत परंपरा....**

कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक किया। कर्म पर विश्वास करने की प्रेरणा दी। आध्यात्मिक चेतना का जागरण किया। उन्होंने कहा कि मन चंगा, तो कठौती में गंगा। सतगुरु रविदास जी का कथन जीवन में आंत. रिक पवित्रता और निर्मलता का प्रतीक है। उन्होंने समाज को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की नई प्रेरणा दी। संत रविदास जी महाराज के गुरु संत रामानंद जी महाराज ने कहा था कि जाति-पाति पूछे नहीं कोई, हरि को भजे सो हरि का होई। मुख्यमंत्री ने संत रविदास के कथन की चर्चा करते हुए कहा कि उनकी वाणी अत्यंत दिव्य थी। रविदास जी ने कहा था मैं तब प्रसन्न रहूंगा, जब बिना भेदभाव सबको समान अधिकार व अन्न मिलेगा। संत रविदास की इन बातों को पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री गरीब अन्न कल्याण योजना के माध्यम से इसे अक्षरश: लागू किया। कोरोना जैसी महामारी से अब तक 81 करोड़ लोगों को अन्न वितरण कराया जा रहा है और यही संतों की प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि रविदास जी महाराज की पावन जन्मभूमि सीरगोवर्धन की सड़कें 2014 के पहले सिंगल लेन की थी, लेकिन पीएम मोदी की प्रेरणा से उसे फोरलेन से जोड़ दिया गया। आश्रम को भव्य रूप दे दिया गया है। गुरु रविदास की भव्य प्रतिमा व अन्न क्षेत्र का निर्माण किया गया। सैकड़ों बीघा जमीन को खरीदकर सतगुरु रविदास जी महराज के नाम पर पार्क व प्रतिमा की स्थापना हुई। योगी ने कहा कि शुकतीर्थ पौराणिक तीर्थ है। यह भागवतभूमि है, पांच हजार वर्ष पहले शुकदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत की पहली कथा इस धाम पर सुनाकर भक्ति, ज्ञान, मुक्ति के महत्व की प्रेरणा बताई थी। कार्यक्रम में आयोजक महंत गोवर्धन दास जी महाराज, स्वामी ओमानंद जी महाराज, निर्मल दास जी महाराज, गुरुदीप गिरि जी महाराज, केशवनानंद जी महाराज, सत्यानंद जी महाराज, सतीश दास जी महाराज, विज्ञानानंद जी महाराज, सांसद चंदन चौहान, योगी सरकार के मंत्री अनिल कुमार, कपिलद. ेव अग्रवाल, सोमेंद्र तोमर, पूर्व सांसद संजीव बालियान, विधायक राजपाल बालियान, वंदना वर्मा, मिथिलेश पाल, विक्रम सैनी आदि मौजूद रहे।

## प्रयागराज में वकीलों के चैबरों पर गरजा बुलडोजर, तोड़फोड़

**प्रयागराज।** कचहरी परिसर में बनाए गए सैकड़ों अस्थायी अधिवक्ताओं के चैंबर को हटाने की प्रयागराज नगर निगम की कार्रवाई के दौरान बवाल हो गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई के विरोध में तोड़फोड़ और आग. जनी कर दी। वकीलों के चैंबर के साथ करीब 1000 से अधिक दुकानों को भी तोड़ दिया गया। विरोध में वकील और दुकानदार सड़कों पर उतर आए और टूटी कुर्सियां और फर्नीचर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया गया, कई जगह आगजनी हुई, जिससे पूरा इलाका पुलिस छावनी में तब्दील हो गया।

वकीलों ने नगर निगम की इस कार्रवाई को विश्वासघात बताया और कहा कि नगर आयुक्त से पहले ही मांग की गई थी कि वैकल्पिक व्यवस्था के बिना चैंबर न तोड़े जाएं। वकीलों का आरोप है कि अचानक आई टीम ने फाइलें, स्टाम्प, लैपटॉप और नकदी उठा ली। वकीलों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर आयुक्त व डीएम पर लूट का मुकदमा दर्ज करने और दोनों का ट्रांसफर करने की मांग की है। सुबह करीब 5 बजे नगर निगम की टीम 6 बुलडोजरों के साथ पहुंची। कार्रवाई के दौरान विकास भवन और कचहरी के सामने अस्थायी चैंबर, कुर्सी-मेज और करीब 1500 दुकानों को हटाया गया। चार थानों की फोर्स, आरएएफ और पीएसी की मौजूदगी में अतिक्रमण तोड़ा गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# पैरामेडिकल स्टाफ की मान्यता को परिषद का होगा गठन

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में लिए गए 6 फैसले

**राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद का होगा गठन 10 श्रेणियों में समूहीकृत 56 डिग्रियों को करेगा मान्यता प्रदान पैराचिकित्सा विधाओं में व्यावसायिक शिक्षा का होता है पंजीकरण गृह सचिव शैलेश बगौली ने मीडिया सेंटर में की कैबिनेट ब्रीफिंग**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य में पैरामेडिकल स्टाफ के पंजीकरण एवं व्यावसायिक मान्यता के लिए अब राज्य सरकार एक परिषद का गठन करने जा रही है। इसके प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट की बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया है। परिषद के तहत पैरामेडिकल व्यवसाय को अपनाने वालों को राज्य सरकार की तरफ से मान्यता प्रमाण पत्र भी जारी किया जाएगा।

सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 6 फैसले लिए गए। कैबिनेट बैठक के बाद गृह सचिव शैलेश बगौली ने मीडिया सेंटर में कैबिनेट ब्रीफिंग की।

वर्तमान में राज्य में परा-चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए उत्तराखंड पराचिकित्सा अधिनियम, 2009 एवं परा-चिकित्सा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों हेतु स्टेट मेडिकल फैकल्टी के प्राविधान प्रभावी हैं, के अन्तर्गत विभिन्न 22 पराचिकित्सा विधाओं में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का पंजीकरण किया जाता है।

देश में सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख व्यवसायियों के लिए शिक्षा और सेवाओं के मानकों को विनियमित करने, आचार संहिता, प्रवेश परीक्षाएं, पाठ्यक्रम मानकीकरण, पंजीकरण के मानकों में एकरूपता लाने, अन्तर्राज्यीय पंजीकरण को सरल एवं सुलभ बनाये जाने तथा कुल 10 श्रेणियों में समूहीकृत 56 व्यवसायी उपाधियों को मान्यता प्रदान किये जाने के लिए राष्ट्रीय सहबद्ध और स्वास्थ्य देखरेख वृत्ति आयोग अधिनियम-2021 (2021 का अधिनियम संख्यांक 14) के अध्याय-3 की धारा 22 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देखरेख परिषद् का गठन करने का कैबिनेट ने अनुमोदन प्रदान किया। पराचिकित्सा यानि पैरामेडिकल वह चिकित्सा क्षेत्र है जिसमें डॉक्टरों के सहयोग के लिए प्रशिक्षित सहायक स्वास्थ्यकर्मी कार्य करते हैं। पराचिकित्सकीय पेशेवर (जैसे लैब टेक्नीशियन, रेडियोलॉजिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, एंबुलेंस टेक्नीशियन आदि) स्वास्थ्य सेवाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं।

### पैरामेडिकल के प्रमुख क्षेत्र:

1. रेडियोलॉजी टेक्नोलॉजी एक्स-रे, सीटी स्कैन, एमआरआई जैसी तकनीकों का संचालन।
2. लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी - खून, पेशाब और अन्य नमूनों की जांच।
3. फिजियोथेरेपी- चोट या बीमारी के बाद शरीर को सामान्य स्थिति में लाने की थेरेपी।
4. ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी सर्जरी के समय डॉक्टरों की सहायता और उपकरणों की व्यवस्था।
5. डायलिसिस टेक्नोलॉजी किडनी फेल होने पर रक्त शुद्ध करने की प्रक्रिया।
6. ईएमटी ( आपातकालीन मेडिकल टेक्नीशियन ) ख्र आपातकालीन स्थितियों में प्राथमिक चिकित्सा देना।

## जैव प्रौद्योगिकी में भर्ती को लेकर नियमों में बदलाव

**देहरादून।** धामी मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी परिषद में पदों के भर्ती के स्रोत परिवर्तन को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, यानी विभागीय ढांचे में संशोधन का निर्णय लिया गया है। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के गठन के पश्चात न्यूनतम आवश्यकता के आधार पर पूर्व में परिषद के हल्दी, पंतनगर स्थित मुख्यालय के लिए 34 पद एवं एडवांस सेंटर फॉर कम्प्यूटेशनल एण्ड एप्लाईड बायोटेक्नोलोजी, देहरादून के लिए 12 पद सहित कुल 46 पद सृजित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परिषद के स्वीकृत विभागीय संरचना-ढांचे में पदों की संख्या में परिवर्तन किए बिना विभागीय संरचना-ढांचे में मुख्यालय एवं देहरादून सेंटर-अन्य सेन्टरल को लिए समस्त पदों को एकीकृत (एकल संवर्ग) रूप में रखे जाने एवं भर्ती के स्रोत में परिवर्तन किये जाने का कैबिनेट द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है।

## आसन नदी के दोनों तटों पर होंगे विकास कार्य

**भट्टा फाल से आसन बैराज तक एनजीटी के निर्देशों के अनुसार होगा काम,कैबिनेट की बैठक में विभिन्न कार्यों को प्रस्तावों को हरी झंडी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के प्राविधानानुसार जनपद देहरादून के तहसील सदर एवं विकासनगर के अंतर्गत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज (कुल लगभग 53.00 किमी0 लम्बाई) तक आसन नदी के दोनों तटों पर बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की अधिसूचना के सम्बन्ध में लिया गया निर्णय।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या: 477/2022 राजेन्द्र गंगसारी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में हरित अधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक: 19.03.2024 के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य में नदियों के बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण की व्यवस्था के लिए अधिनियमित उत्तराखण्ड बाढ़ मैदान परिक्षेत्रण अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत जनपद देहरादून के तहसील सदर एवं विकासनगर के अंतर्गत आसन नदी के प्रारम्भिक बिन्दु भट्टा फॉल से आसन बैराज (कुल लगभग 53.00 किमी० लम्बाई) तक आसन नदी के दोनों तटों पर चिन्हित भूमि को प्रतिषिद्ध तथा निर्बन्धित क्षेत्रों के सम्बन्ध में जारी अनन्तिम अधिसूचना संख्या-1141, दिनांक: 19.11.2024 के क्रम में अन्तिम अधिसूचना निर्गत किये जाने एवं राज्य की विभिन्न नदियों के बाढ मैदान परिक्षेत्रण हेतु पूर्व में निर्गत विभिन्न अधिसूचनाओं में उल्लिखित प्रतिषिद्ध तथा निर्बन्धित क्षेत्रों में अंकित अनुमन्य कार्यों में एस०टी०पी० का निर्माण, रोपवे टावरों का निर्माण, मोबाइल टावर का निर्माण, हाई टेंशन विद्युत ट्रॉन्समिशन हेतु टावर का निर्माण कार्य तथा ऐलिवेटेड रोड कॉरिडोर के लिए नींव एवं उपसंरचना आदि से सम्बन्धित निर्माण कार्यों को कैबिनेट द्वारा अनुमोदन दिया गया।

## खनन विभाग के ढांचे में 18 पदों को बढ़ाने का फैसला

**हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में कैबिनेट का निर्णय**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** राज्य सरकार ने खनन विभाग में 18 पदों को बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एक याचिका के संदर्भ में हाई कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए पद बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

गौरतलब है कि, उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित याचिका ( सो मोटो ) 174/2024 श्डेवेलपिंग क्रैक्स इन हाउसेस, फर्टाइल लैंड्स ऑफ पुअर विलेजर्स एंड ड्राईंग अप ऑफ ड्रिंकिंग वाटर सौर्सेस ड्यू टू लैंड सब्सिडेंस इन सम विलेजेस ऑफ डिस्ट्रिक्ट बागेश्वर बनाम उत्तराखंड राज्य एवं अन्यश ( षजिला बागेश्वर के कुछ गांवों में भूमि धंसाव के कारण गरीब ग्रामीणों के घरों में दरारें आना, उपजाऊ भूमि का नुकसान होना तथा पीने के पानी के स्रोतों का सूख जाना बनाम उत्तराखंड राज्य एवं अन्य। ) में सुनवाई के दौरान दिये गये निर्देशों के समादर में भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के ढांचे में विभागीय आवश्यकतानुसार पर्याप्त कार्मिकों की उपलब्धता कराये जाने के लिए अतिरिक्त पदों के सृजन को कैबिनेट ने दी मंजूरी। इस प्रकार से कुल 18 पदों को बढ़ाया गया है।

## आबकारी पर लगाया गए सेस से की जाएगी गैप फिलिंग

**महिला कल्याण एवं बाल विकास योजनाओं की गैप फिलिंग होगी फंड से समिति के माध्यम से कॉर्पस फंड संच. ालन का कैबिनेट ने लिया निर्णय**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री महिला एवं बाल बहुमुखी सहायता निधि (कॉर्पस फंड) का संचालन अब विभागीय समिति के माध्यम से होगा और इस फंड से विभागीय योजनाओं की गैप फिलिंग का काम भी किया जाएगा। इसके के क्रियान्वयन के संबंध में भी कैबिनेट बैठक में बुधवार को निर्णय लिया गया है । धामी कैबिनेट द्वारा मुख्यमंत्री महिला एवं बाल बहुमुखी सहायता निधि (कॉर्पस फंड) सम्बन्धी नियमावली के अन्तर्गत विभाग को प्राप्त विदेशी मदिरा-बियर पर उपकर (सैस) की धनराशि को कॉर्पस फण्ड के रूप में विभागान्तर्गत संचालित उत्तराखंड महिला एवं बाल विकास समिति के माध्यम से संचालित किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत राज्य की महिलाओं एवं बच्चों के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के प्राप्त अंतरालों (गैप फिलिंग) को भरा जायेगा व आवश्यकता एवं प्रस्थिति के अनुसार नवाचार योजनाओं का क्रियान्वयन भी किया जायेगा। प्रमुख रूप से उक्त निधि के तहत आपदा अथवा दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों, निराश्रित महिलाओं के जीविकोपार्जन व वृद्ध महिलाओं के लिए जीवन निर्वहन की समुचित व्यवस्था का निर्माण किया जायेगा।

## लोक निर्माण विभाग के पांच गेस्ट हाउस चलेंगे पीपीपी मोड पर

**सीएम धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट में लिया गया निर्णय**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** लोक निर्माण विभाग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के अन्तर्गत स्थापित विभिन्न निरीक्षण भवनों, गेस्ट हाउस में से प्रथम चरण के अन्तर्गत 05 चयनित निरीक्षण भवनों (रानीखेत, उत्तरकाशी, दुग्गलबिट्टा, हर्षिल व ऋषिकेश) को पीपीपी मोड में संचालित करते हुये उनका मुद्रीकरण का कार्य यूआईआईडीबी द्वारा किये जाने के प्रस्ताव पर मंत्रिमण्डल द्वारा इस प्रतिबंध के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि उक्त निरीक्षण भवनो से संबधित भूमि का स्वामित्व लोक निर्माण विभाग के पास रहेगा तथा यूआईआईडीबी उक्त कार्य हेतु ट्रांजेक्शन एडवाईजर के रूप में कार्य करते हुये नियमानुसार अपना शुल्क प्राप्त करेगा। उक्त मुद्रीकरण के फलस्वरूप जंहा लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवनों का बेहतर रख-रखाव संभव होगा एवं विभाग को अधिक राजस्व भी प्राप्त हो सकेगा, वहीं उस क्षेत्र मे आने वाले पर्यटको को बेहतर आवासीय सुविधायें प्राप्त होगी।

## हेलीकॉप्टर कंपनियों को मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में सेवाएं दे रहे सभी हैली सर्विस प्रोवाइडर्स और ऑपरेटर्स को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कड़े शब्दों में स्पष्ट किया है कि हैली सेवाओं के सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता नही किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने साफ तौर पर कहा कि हैली सेवा लेने वाले यात्रियों की अधिकाधिक आंकड़ों से आत्ममुग्ध हुए बिना सुरक्षा मानकों को शीर्ष प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गत वर्षों में हुए हैली दुर्घटनाओं की आडिट व निरन्तर समीक्षा के भी निर्देश दिए है ताकि इनकी पुनरावृति ना हो । उन्होंने कहा कि राज्य के नोडल के रूप में यात्रियों की सुरक्षा हमारा का सबसे बड़ा दायित्व हैं।

## जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री को एग्री मित्रा उत्तराखंड 2025 के लिए किया आमंत्रित



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**नई दिल्ली।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर उन्हें गंगाजल एवं पारंपरिक औद्योनिक उत्पाद भेंट किये। मुलाकात के दौरान, कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को 14 और 15 जून को देहरादून में आयोजित होने वाले एग्री मित्रा उत्तराखण्ड 2025 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया, जिस पर केन्द्रीय मंत्री ने स्वीकृति प्रदान की।

इस दौरान प्रदेश में जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रही क्षति से निपटने के लिए घेरबाड़ योजना के संबंध में भी चर्चा की, जिसमें केन्द्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि कृषि मंत्रालय की टीम देहरादून में ही बैठक करने के बाद इस समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक निर्णय लेगी।

## 2026 तक उत्तराखंड को एमआर फ्री राज्य बनाने का लक्ष्य

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड में खसरा और रूबेला जैसी अत्यधिक संक्रामक बीमा. रियों के उन्मूलन तथा नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से आज राज्य टास्क फोर्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के सभागार में सम्पन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता स्वाति एस. भदौरिया, मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखंड ने की। बैठक में वर्ष 2026 तक उत्तराखंड को खसरा-रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। मिशन निदेशक ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इस लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मिशन निदेशक ने जानकारी दी कि जुलाई 2025 से अगले तीन महीनों तक पूरे प्रदेश में विशेष एम.आर. टीकाकरण सप्ताह आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों की निगरानी यू- विन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई टीकाकरण सत्र आयोजित नहीं हो पाता है, तो उसके पीछे के कारणों की समीक्षा की जाएगी और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

बैठक में सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और जिला प्रतिरक्षण अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र में टीकाकरण सत्रों की नियमित समीक्षा, जन-जागरूकता गतिविधियों और सत्र आयोजन पर विशेष ध्यान दें। इस बैठक में डॉ. मनु जैन (निदेशक, एनएचएम), डॉ. कुलदीप मार्तोलिया (राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी), शैलेन्द्र सिंह चौहान (उप निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा), डॉ. हितेन्द्र (उप निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य), तरूणा चमोला (स्टेट नोडल अधिकारी, महिला एवं बाल विकास), डॉ. हंस वैस, डॉ. सौरभ सिंह (सहायक निदेशक, डॉ. फरीद जफ्फर (सहायक निदेशक, अर्बन हेल्थ प्रोग्राम) सहित डब्ल्यूएचओ और यूएनडीपी के प्रति. निधि उपस्थित रहे। इसके अलावा राज्यभर के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



### बैठक के प्रमुख बिंदु

1 :वीपीडी सर्विलांस के माध्यम से खसरा व रूबेला के मामलों की सक्रिय पहचान, प्रयोगशाला से पुष्टि एवं समयबद्ध रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना।

2 :- प्रकोप की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र को सुदृढ़ करना।

3 :- यू- विन पोर्टल के माध्यम से टीकाकरण सत्रों की डिजिटल मॉनिटरिंग और विश्लेषण।4 :- जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से समुदायों को टीकाकरण के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना।

### बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं खसरा और रूबेला:स्वाति

स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही संक्रामक वायरल बीमारियाँ हैं, जो विशेषकर बच्चों को गंभीर रूप से प्रभावित करती हैं। ये बीमारियाँ निमोनिया, मस्तिष्क ज्वर, अंधत्व और यहाँ तक कि मृत्यु का भी कारण बन सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में ये भ्रूण विकृति और गर्भपात जैसी जटिलताओं को जन्म देती हैं। इसलिए इनका उन्मूलन वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उत्तराखंड में इस दिशा में 95 प्रतिशत या उससे अधिक टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है, जिससे सामुदायिक प्रतिरक्षा विकसित की जा सके।

## खाद्य संरक्षा में कई अभिहित अधिकारियों के तबादले

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस फेरबदल के तहत प्रदेश भर में तैनात अभिहित अधिकारियों के बंपर तबादले किए गए हैं। शासन की ओर से जारी आदेश में कुल नौ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से अपने नवीन तैनाती स्थल पर योगदान सुनिश्चित करें।

### इन अफसरों के हुए तबादले

**1- पी.सी. जोशी को अल्मोड़ा से पौड़ी भेजा गया है।**
**2- अमिताभ जोशी को चमोली से बागेश्वर स्थानांतरित किया गया है।**
**3- ललित मोहन का तबादला बागेश्वर से उधम सिंह नगर किया गया है।**
**4- प्रकाश चंद्र फुलारा अब उधम सिंह नगर से अल्मोड़ा में सेवाएं देंगे।**
**5- संजय कुमार को नैनीताल से हरिद्वार भेजा गया है।**
**6- मनोज कुमार सिंह का स्थानांतरण रुद्रप्रयाग से चमोली किया गया है।**
**7- अजब सिंह रावत अब पौड़ी से रुद्रप्रयाग में कार्यभार संभालेंगे।**
**8- महिमा आनंद जोशी को हरिद्वार से नैनीताल स्थानांतरित किया गया है।**
**9- पवन कुमार का तबादला जसपुर ( उधम सिंह नगर ) से भगवानपुर ( हरिद्वार ) किया गया है। उन्हें भगवानपुर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।**

प्रदेश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता व दक्षता को सुनिश्चित करने के लिए यह प्रशासनिक फेरबदल आवश्यक था। यह कदम अधिकारियों की कार्यक्षमता का बेहतर उपयोग करने की दृष्टि से लिया गया है। हम चाहते हैं कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण व सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे तुरंत नवीन तैनाती स्थल पर योगदान करें ताकि खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यों में कोई व्यवधान न आए।

**आयुक्त खाद्य संरक्षा एंव औषधि प्रशासन विभाग डॉ. आर. राजेश कुमार**

## डबल इंजन सरकार के 8 वर्ष विफलताओं का मीनार: गरिमा

**पलायन और गांवों के खाली होने का जिम्मेदार कौन**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** विगत दिवस भाजपा प्रदेश मुख्यालय से प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट व राज्य सरकार के मुखिया की और से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी के 11 वर्षों को सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित बताने को उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दासानी ने खोखला और कोरा झूठ करार दिया हैं।दसौनी ने कहा कि केंद्र सरकार के 11 सालों का लेखा-जोखा देने से पहले प्रदेश की भाजपा सरकार को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। दसौनी ने कहा कि उत्तराखंड में भाजपा की डबल इंजन सरकार को सत्ता में आए 8 वर्ष पूरे हो चुके हैं। प्रचंड बहुमत के बावजूद सरकार ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में गंभीर विफलताएं दिखाई हैं।



गरिमा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में यानी 2017 से 2022 के बीच उत्तराखंड राज्य में भाजपा ने 3 मुख्यमंत्री बदले गए, यह सत्ता की अस्थिरता और गुटबाजी को उजागर करता है। गरिमा ने कहा कि पेपर लीक और अन्य भर्ती घोटालों ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। गरिमा ने कहा कि सरकार रिवर्स पलायन की बात करती रही, लेकिन हकीकत यह है कि आज भी 4,000 से अधिक गांव वीरान हैं। रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग गांव छोड़ने को मजबूर हैं।

## महिला अपराध पर भाजपा मूक दर्शक बनी हुई है: माहरा

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि आज देश व प्रदेश में जिस प्रकार के हालात चल रहे हैं और आम जनता को धर्म-जाति के नाम पर लड़ाया जा रहा है यह स्थिति आने वाले समय उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं, बेरोजगारों, अल्पसंख्यकों, गरीबों और किसानों पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। राज्य में रोज बलात्कार की जघन्य घटनायें घटित हो रही हैं, मगर राज्य सरकार और भाजपा का महिला मोर्चा मूक दर्शक बने हुए हैं।करन माहरा बुधवार को कांग्रेस की वरिष्ठ कार्यकर्ता रेहाना परवीन की और से शांति विहार कारगी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

## यूपीइएस में आईसीएमएस-2025 का आयोजन
# गणितीय विज्ञानों से मिले पर्यावरणीय संकटों के समाधान सूत्र

**दुनियाभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, 200 से अधिक शोध सारांश, 107 मौखिक प्रस्तुतियां**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और तकनीकी विकास के बीच तालमेल बैठाने के प्रयासों को नई दिशा देते हुए यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीइएस) देहरादून ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईसीएमएस-2025 का सफल आयोजन किया। इस सम्मेलन का विषय था, 'इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय सततता में उभरते अनुप्रयोगों के लिए गणितीय विज्ञान'। सम्मेलन में भारत सहित दुनियाभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें छात्र, शोधकर्ता और विभिन्न संस्थानों से आए विशेषज्ञ शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन और उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया गया।



### गणित के जरिए जलवायु संकट पर मंथन

सम्मेलन का उद्देश्य था, गणितीय विज्ञानों के माध्यम से वैश्विक समस्याओं जैसे जलवायु परिवर्तन, आपदा पूर्वानुमान, जल प्रबंधन और सतत ऊर्जा के लिए नवाचार करना। विशेष रूप से हिमालयी क्षेत्र में इन समस्याओं की गंभीरता और समाधान की संभावनाओं पर गहराई से चर्चा हुई। सम्मेलन का उद्घाटन देश-विदेश के ख्यातिप्राप्त वैज्ञानिकों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर डॉ. वीरेंद्र एम. तिवारी, निदेशक सीएसआईआर-एनईआईएसटी, जोर्हाट। डॉ. वीनीत के. गहलौत, निदेशक, वाडिया इंस्टिट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी। अतिथि के रूप में प्रो. तादेउस्ज चाचोर्स्की, पोलिश एकेडमी ऑफ साइंसेज, पोलैंड से जुड़े। सम्मेलन में कुल 200 से अधिक शोध सारांश प्रस्तुत किए गए, जिनमें से 107 को मौखिक प्रस्तुति के लिए चुना गया। ये शोध एससीआई और स्कोपस सूचीबद्ध अंतरराष्ट्रीय जर्नलों में प्रकाशित किए जाएंगे।

### सहयोग से सुलझेंगे जटिल मुद्दे: डॉ. राम शर्मा

देहरादून। यूपीइएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा ने कहा, 'आईसीएमएस 2025 विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग का एक प्रभावशाली उदाहरण है। गणितीय विज्ञानों के माध्यम से हम पर्यावरणीय और इंजीनियरिंग समस्याओं का स्थायी समाधान खोज सकते हैं'।

## उत्तराखंड राज्य हज समिति अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा

**खतीब अहमद का पुन: उत्तराखंड राज्य हज समिति का अध्यक्ष बनना तय**

**सचिव अल्पसंख्यक कल्याण ने की अध्यक्ष पद को लेकर सदस्यों से चर्चा, बैठक में उत्तराखंड वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, लक्सर विधायक शहजाद व राज्य हज समिति के नवनियुक्त 11 सदस्य भी रहे मौजूद**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सचिव अल्पसंख्यक कल्याण धीरज गबयाल की अध्यक्षता में बुधवार को अल्पसंख्यक निदेशालय में उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष पद को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में मौजूद उत्तराखंड क बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स, लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद, राज्य हज समिति के नवनियुक्त 11 सदस्य और अल्पसंख्यक निदेशक राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

जानकारी के अनुसार सचिव अल्पसंख्यक ने उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष के नाम को लेकर सदस्यों से चर्चा की। बैठक में मौजूद राज्य हज समिति के नवनियुक्त 11 सदस्यों में से 8 ने निवर्तमान अध्यक्ष खतीब अहमद के नाम पर सहमति जताई।

यहां यह भी उल्लेखनीय हैं कि खतीब अहमद ने उत्तराखंड राज्य हज समिति समिति का अध्यक्ष रहते हुए अपने कार्य को बेहतर ढंग से अंजाम दिया है। खतीब अहमद भाजपा संगठन की भी पसंद है क्योंकि उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान 10000 से ज्यादा सदस्य बनाकर अपनी छाप छोड़ी थी। उम्मीद की जा रही है कि खतीब अहमद फिर से उत्तराखंड राज्य हज समिति के अध्यक्ष बन सकते हैं।

# स्टोन क्रेशरों के ऑनलाइन पोर्टल खनन विभाग ने किए बन्द

## पिंडर घाटी के तीन स्टोन क्रेशरों पर खनन विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**छह साल से चल रहे थे और मानकों का कर रहे थे उल्लंघन, अब जमा करना होगा जुर्माना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** कई तरह की खामियां पायें जाने पर खनन विभाग ने पिंडर घाटी क्षेत्र के तीनों क्रेशरों के आनलाइन रवनों को बंद कर दिया है। जिसके चलते तीनों क्रेशर फिलहाल बंद हो गये हैं।

मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड थराली के अंतर्गत अभियुदय स्टोन क्रेशर जो कि पिछले छह सालों से अधिक समय से संचा. लित हैं और लगातार मानकों के उल्लंघन के लिए प्रसिद्ध हो चुका है। माना जाता है कि अपने शासन, प्रशासन से अच्छी लाइजनिंग के चलते सभी नियम कानूनों को ताक में रखकर उसका संचालन होता आ रहा



है। खनन विभाग ने आनलाईन रवनों को बंद कर दिया है। इसके अलावा हालही में स्थापित नारायणबगड़ विकास खंड के अंतर्गत स्थापित बिनायक स्टोन क्रेशर व पिंडर वैली स्टोन क्रेशर के आनलाईन रवनों को बंद कर दिया गया हैं, जिसके कारण तीनों क्रेशर बंद हों गए हैं।

इस संबंध में खान निरीक्षक एवं प्रभारी खान अधिकारी चमोली अंकित चन्द्र ने बताया कि तीनों ही क्रेशर संचालकों के द्वारा लगातार नियम कानूनों का उल्लघंन करने की शिकायतें मिल रही थीं। जिस पर उन्होंने स्वयं मंगलवार को तीनों क्रेशरों का निरीक्षण किया तों शिकायतें सही पाई गईं जिस पर खनन विभाग ने कार्यवाही करते हुए उनके आनलाइन रवनों को बंद कर दिए गए हैं।

कहा कि आनलाइन रवनों के बंद होने के चलते यहां पर उपखनिज न तों आ सकता हैं और न ही उपखनिज कही जा सकता है। बताया कि तीनों क्रेशरों पर नियम कानूनों को ताक पर रख कर संचालन करने पर जुर्माना तय करने और उसे जमा करने के बाद ही उनका संचालन शुरू किया जा सकता हैं।

# यात्री की मौत, पांच साथी सुरक्षित

**केदारनाथ यात्रा पर दोस्तों के साथ आया था अलीगढ़ का 22 वर्षीय युवक, रामबाड़ा में मंदाकिनी नदी पार करते समय तेज बहाव में बहा, बाकी के 5 साथी भटके रास्ता एसडीआरफ टीम ने रेस्क्यू कर बचाई भक्तों की जान**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम की यात्रा में आए श्रद्धालु शॉर्टकट रास्ता अपनाकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से यात्रा में आए 6 युवक केदार बाबा के दर्शन के बाद शॉर्टकट रास्ते से गरुड़चट्टी की ओर जा रहे थे। इस दौरान रामबाड़ा क्षेत्र के निकट नदी पार करते समय इनमें एक युवक मन्दाकिनी नदी के तेज बहाव में बह गया, जबकि बाकी के पांच युवक रास्ता भटक गए। एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर युवकों को सुरक्षित निकाला।

मंगलवार रात्रि आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने एसडीआरएफ टीम को सूचना दी कि लिनचोली के पास नदी के पार पांच युवक फंसे हुए हैं। सूचना पर पोस्ट लिनचोली से उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम तत्काल आवश्यक बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुल 6 युवक, जो अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, केदारनाथ के दर्शन के पश्चात शॉर्टकट रास्ते से गरुड़चट्टी की ओर जा रहे थे। इस दौरान रामबाड़ा क्षेत्र के निकट नदी पार करते समय उनमें से एक युवक राहुल (22) नदी के तेज बहाव में बह गया। सूचना प्राप्त होते ही डीडीआरएफ भीमबली टीम ने युवक की खोजबीन की, मगर अत्यधिक अंधेरा व तेज बहाव के कारण युवक का कोई पता नहीं चल पाया। शेष पांच लोग नदी पार नहीं कर सके और वहीं फंस गए। एसडीआरएफ टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर डीडीआरएफ के साथ मिलकर अत्यधिक अंधेरे व विषम परिस्थितियों के चलते नदी के तेज बहाव के कारण वैकल्पिक मार्ग गरुड़चट्टी की ओर से दुर्गम रास्तों से होते हुए युवकों तक पहुंच बनाई। पांचों युवकों विष्णु चौधरी पुत्र लोकेंद्र सिंह उम्र 20 वर्ष, कुनाल पुत्र नरेंद्र सिंह उम्र 17 वर्ष, शिभव पुत्र श्रीकांत शर्मा उम्र 21 वर्ष, महेश चौधरी पुत्र गजेंद्र सिंह उम्र 19 वर्ष, शिभव कुमार पुत्र दिनेश पालीवाल उम्र 20 वर्ष निवासीगण अलीगढ़ उत्तर प्रदेश को टीम द्वारा सकुशल मुख्य मार्ग तक लाया गया और पुलिस चौकी लिनचोली को सुपुर्द किया गया।

# चार महीने बाद भी नहीं हटा मलवा, लोगों में बढ़ा आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** लंबगांव-प्रतापनगर मोटर मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढे और फैला हुआ मलबा स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बन गया है। यह स्थिति दूरसंचार निगम द्वारा चार महीने पहले संचार लाइन बिछाने के दौरान की गई खुदाई के बाद उत्पन्न हुई, जिसमें मार्ग पर बड़ी मात्रा में मलबा छोड़ा गया था। अब तक मलबा न हटाए जाने से क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष व्याप्त है, और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

स्थानीय टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष संदीप रावत, महामंत्री मोर सिंह पंवार, बिजेंद्र रांगड़ सहित अन्य लोगों ने बताया कि चार महीने पूर्व दूरसंचार निगम ने लंबगांवदृप्रतापनगर सड़क मार्ग पर अपनी संचार लाइन बिछाने के लिए खुदाई की थी। उ जिससे आज स्थिति और भी खराब हो गई है। सड़क के किनारे मलवे के ढेर अब सड़क पर फैलकर वाहनों की आवाजाही में गंभीर बाधा उत्पन्न कर रहे हैं और दुर्घटना की आशंका बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार बढ़ती परेशानी और प्रशासन की निष्क्रियता को देखते हुए लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। टैक्सी यूनियन और स्थानीय लोगों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र ही सड़क से मलबा नहीं हटाया गया, तो वे जनहित में आंदोलन को मजबूर होंगे।

इस विषय में लोनिवि के सहायक अभियंता सतीश भट्ट ने जानकारी दी कि मामले को संज्ञान में ले लिया गया है और दूरसंचार निगम को तत्काल मलबा हटाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

# विधायक का केंद्र सरकार पर तीखा हमला

**ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में झूठे वादों और जनविरोधी नीतियों का आरोप**
**महंगाई, बेरोजगारी और सांप्रदायिकता के लिए केंद्र की नीतियों को बताया जिम्मेदार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने केंद्र सरकार के बीते ग्यारह वर्षों के कार्यकाल पर कड़ी आलोचना करते हुए इसे जनवि. रोधी और भ्रम फैलाने वाला बताया। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने लंबे कार्यकाल में जनता को केवल लोकलुभावन वादों और खोखले सपनों में उलझाए रखा, लेकिन धरातल पर आम जनता के हित में कोई ठोस कार्य नहीं हुआ।



विधायक नेगी ने कहा कि सत्ता में आने से पहले हर वर्ष दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने और विदेशों से काला धन वापस लाकर हर नागरिक के खाते में 15 लाख रुपये जमा करने जैसे वादे किए गए थे, जो आज तक अधूरे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि 'अच्छे दिन' के नाम पर केवल छलावा किया गया और जनता को भावनात्मक मुद्दों में उलझाकर असल समस्याओं से ध्यान भटकाया गया।

उन्होंने केंद्र सरकार पर जाति और धर्म के नाम पर समाज को विभाजित करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों ने देश में सांप्रदायिकता को बढ़ावा दिया, जिससे सामाजिक समरसता प्रभावित हुई है। विधायक ने नोटबंदी और जीएसटी को छोटे व्यापारियों की रीढ़ तोड़ने वाला कदम बताया और कहा कि इन फैसलों ने खासतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों के आर्थिक ढांचे को बुरी तरह प्रभावित किया। उन्होंने अग्निवीर योजना को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार देते हुए कहा कि इससे सेना में जाने की इच्छा रखने वाले पहाड़ी युवाओं के सपनों को गहरा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि महंगाई आज चरम पर है, जिससे आम आदमी की कमर टूट चुकी है। चाहे रसोई गैस हो या दैनिक उपयोग की वस्तुएंकृहर चीज आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार पर सां. प्रदायिकता को बढ़ावा देने और विकास की बजाय धर्म व जाति के मुद्दों को उछालने का आरोप लगाया। विधायक ने दावा किया कि देश का युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग अब केंद्र सरकार की नीतियों से तंग आ चुका है और कांग्रेस के दौर को याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

# केदारनाथ जा रही बस टिपरी में पलटी, चार यात्री घायल

शाह टाइम्ससंवाददाता

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा पर निकली एक यात्री बस बुधवार दोपहर को टिहरी जनपद में दुर्घटना का शिकार हो गई। उत्तरकाशी से केदारनाथ की ओर जा रही यह बस टिहरी से लगभग दो किलोमीटर आगे पिपलडाली के पास अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस हादसे में चार यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए तत्काल पीएचसी नंदगांव भेजा गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। बस में कुल 33 यात्री सवार थे, जिनमें अधिकांश यात्री गुजरात से थे। पुलिस मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टिपरी से



आगे एक तीखे मोड़ पर बस के ब्रेक फेल हो गए, जिससे वाहन का संत. ुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गया।

हादसे में घायल यात्रियों की पहचान कनकू बेन नायक (48 वर्ष), पत्नी सतीश नायक, निवासी सरखेज, जिला अहमदाबाद, सतीश ए. पंड्या (67 वर्ष), निवासी सरखेज, जिला अहमदाबाद, चंद्रिका बेन (56 वर्ष), पत्नी मनोज भाई पंड्या, निवासी राजकोट, गुजरात, और लीला शंकर (29 वर्ष), पुत्र हकरा जी, निवासी घंकरा, जिला सलेमपुर, उदयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। इन सभी को हल्की चोटें आई हैं और प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है।

इसके अलावा कुछ अन्य यात्रियों को भी मामूली खरोंचें आई हैं, जिनका इलाज मौके पर मौजूद चिकित्सा दल द्वारा किया गया। पुलिस के अनुसार, सभी यात्री तीन दिन पहले हरिद्वार से चारधाम यात्रा पर निकले थे और वर्तमान में केदारनाथ की ओर बढ़ रहे थे।

गनीमत रही कि बस गहरी खाई की ओर नहीं गिरी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए यात्रा को कुछ समय के लिए रोका और जांच शुरू की है। हादसे के बाद क्षेत्र में यात्रियों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल देखा गया।

# फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन चला रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** थाना गुप्तकाशी पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर वाहन संच. ालन करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरूद्ध गुप्तकाशी थाने में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

कुछ दिन पहले अमित निवासी गांव मिर्चपुर जिला हिंसार ने थाना गुप्तकाशी में शिकायत की कि उनकी गाड़ी संख्या एचआर 66बी 1175 की फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर एक व्यक्ति पिछले कुछ समय से संचालन कर रहा है। इस वाहन पर किए जा रहे यातायात नियमों के उल्लंघन के ऑनलाइन चालान के मैसेज उनके मोबाइल पर आ रहे हैं। उनके ड्राइवर ने वाहन की फर्जी नम्बर प्लेट लगी गाड़ी को गुप्तकाशी में रुकवाया है। पुलिस ने इस प्रकरण में अपने स्तर से जांच कर पाया कि एक व्यक्ति द्वारा उक्तानुसार नम्बर के वाहन का संचालन किया जा रहा है, लेकिन उसके पास उक्त वाहन से सम्बन्धित वास्तविक दस्तावेज नहीं है। शिकायत के आधार पर थाना गुप्तकाशी ने अमनजीत सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट मुसा खेड़ा, फतेहाबाद, हरियाणा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4), 336 (3), 340 (2) का अभियोग पंजीकृत किया। जिसके बाद नियमानुसार गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## एक नजर .......

### एक जुलाई से प्रारंभ होगा हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोटद्वार।** सेवायोजन विभाग उत्तराखंड द्वारा संचालित गोविंद नगर स्थित शिक्षण एवं मार्ग दर्शन केंद्र में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार परख प्रशिक्षण व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छह मास का हिंदी टंकण प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जुलाई से आरंभ होकर 31 दिसंबर तक आयोजित होगा। टंकण प्रशिक्षण के साथ कम्प्यूटर प्रशिक्षण, सामान्य हिंदी, सामान्य अंग्रेजी व सामान्य ज्ञान निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दिया जायेगा। इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जून व साक्षात्कार की तिथि 31 जून रखी गई है।

### मूल निवासी अपने राज्य में ही अपने को ठगा सा महसूस कर रहे: उपाध्याय

**श्रीनगर।** हिमालय क्रांति पार्टी की जनसंपर्क यात्रा बुधवार को श्रीनगर पहुंची। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोगों को पार्टी का दृष्टिकोण बताते हुए इसके पत्रक वितरित किए। कहा पार्टी का गठन उत्तराखंड की स्थिति और इसकी पीड़ा को देखते हुए यहां के मूल निवासियों द्वारा किया गया है। उन्होंने लोगों से क्षेत्रीय पार्टी को मजबूत करने की अपील की। कहा यहां के मूल निवासी अपने राज्य में ही अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। गढ़वाल मंडल विकास निगम में पत्रकारों से बातचीत में हिमालय क्रांति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेश उपाध्याय ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की टीम उत्तराखंड में 14 जनवरी से जनसंपर्क यात्रा निकाल रही है। कहा इस यात्रा का समापन 15 जून को कोटद्वार में होगा। यात्रा के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर इकाइयों का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मुख्य फोकस एक परिवार, एक रोजगार व शेष को स्वरोजगार देने के मुद्दे पर है। साथ ही मूल निवास अधिकार, सशक्त भू कानून, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, राजधानी गैरसैण, भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश, चकबंदी, महिला एवं बाल सुरक्षा आदि मुददों को लेकर वह जनता के बीच जा रहे हैं। उन्होंने 2027 के चुनाव में क्षेत्रीय पार्टी को मजबूती देने का आह्वान किया।

### विधानसभा अध्यक्ष ने दिव्यांग बच्चों के लिए संस्था को दी एक लाख की आर्थिक मदद

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा के झंडीचौड़ स्थित भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन की संस्था को एक लाख रुपए की आर्थिक मदद दी। उन्होंने बताया कि भारती देवी एजुकेशनल फाउंडेशन संस्था भाबर क्षेत्र में आसपास के इलाकों से दिव्यांग बच्चों की देख रेख करती है उन्हें स्किल सीखाना, उनमें ऐसी प्रतिभा भरना जिससे वह इस समाज में कुछ कर सके, भारती देवी संस्था द्वारा लगातार कई वर्षों यह कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दिव्यांग बच्चे भगवान का स्वरूप होते है वह भी इस समाज का एक अभिन्न अंग है जिन्हे समाज में रहकर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करने का पूरा अधिकार दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताया इस से पूर्व भी जो भी संस्था द्वारा उन्हें बताया गया उन्होंने उस पर कार्य किया है और आगे भी लगातार वह कार्य करते रहेंगी। इस अवसर पर संस्था के मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, फाउंडर कमलेश कुमार, इंचार्ज रिनी लखेड़ा, हेमा जदली, मानसी भट्ट, रिंकी, विनोद धूलिया, नवल किशोर आदि लोग उपस्थित रहे।

### योगाभ्यास सत्र का आयोजन

**कोटद्वार।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग कार्यकर्मों की श्रंखला में मंगलवार को विकासखंड जयहरीखाल में आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुणजोली पौड़ी गढ़वाल टीम द्वारा योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर योग अनुदेशिका वंदना द्वारा कार्यक्रम में शामिल कुल 50 व्यक्तियों को सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार कुशलतापूर्वक योगाभ्यास करवाया गया। इस अवसर पर डॉ जितेंद्र भाटिया ने कहा कि इस योगाभ्यास को केवल एक औपचारिकता मात्र न मानकर इसे अपने दैनिक जीवन का मुख्य अंग बनाना चाहिए और प्रतिदिन योगाभ्यास करने से ही योग से होने वाले अभूतपूर्व लाभों को अनुभव किया जा सकता है। ब्लाक प्रमुख दीपक भंडारी ने भी उपस्थित जनसामान्य से योग को प्रतिदिन करने की अपील की। इस योगाभ्यास सत्र में आयुष विभाग से डॉ जितेंद्र भाटिया चिकित्साधिकारी कुणजोली, शंकर प्रसाद डोभालफार्मेसी अधिकारी, कुणजोली, अंजलि, फार्मेसी अधिकारी ढौंटियाल, गणेश सिंह बहुद्देशीय कर्मी, कुणजोली एवं योग अनुदेशिका वंदना उपस्थित रहीं।

# लोगों को जल का महत्व समझना व संरक्षण के लिए आगे आएं: पोरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** जनपद पौड़ी में बुधवार को सारा परियोजना के तहत ग्राम पंचायत गाड के महरगांव में जल उत्सव मनाया गया।

इस मौके पर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने कहा कि कहा कि लोगों को जल का महत्व समझना चाहिए और इसके संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। पृथ्वी के 2-3 भाग में जल है। इसमें 97 फीसदी समुद्री जल खारा, 75 फीसदी हिमखंड, 14 फीसदी भूजल, जल सिंचाई उद्योग पेयजल तथा घरेलू उपकरणों के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि भू-जल में काफी मात्रा में लोह तत्व पाए जाते हैं। इस दौरान बीडीओ पौड़ी सौरभ हांडा समेत ब्लॉक, ग्रामोत्थान परियोजना, एनआरएलएम और सीएलएफ स्टाफ ने जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया। कहा कि गर्मी के दौर में पेयजल किल्लत से जनता को दो चार न होना पड़े और भविष्य में जल संकट की भयावह स्थिति उत्पन्न न हो जल संरक्षण और संवर्धन के लिए क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील की। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान राखी देवी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुलदीप रावत, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य पैडुल, दिनेश सिंह नेगी, सहायक खण्ड विकास अधिकारी, यूनिट अधिकारी जलागम अगरोडा, कल्जीखाल, अमोठा सहित आदि मौजूद थे।

# रात में चल रहे खनन पर रोक की मांग

**श्रीनगर।** चौरास क्षेत्र में अलकनंदा नदी से रात के अंधेरे में हो रहे खनन ने स्थानीय निवासियों की नींद उड़ा दी है। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद चमोली ने प्रशासन से इस अवैध गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही की मांग की है। चमोली ने बताया कि खनन कार्यों के लिए निर्धारित समय सीमा सांय 5 या 6 बजे तक की होती है, लेकिन क्षेत्र में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए देर रात तक खनन कार्य जारी रहता है। खनन से निकलने वाले ओवरलोड ट्रक न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहे हैं, बल्कि इनसे उड़ने वाली धूल और भारी आवाजों से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन और खान विभाग की अनदेखी के कारण खननकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं।

# कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर मे योग व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** नमामि गंगे परियोजना के तहत राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग की इकाई की ओर से कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग, स्वच्छता जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को वैदिक परंपराओं से जोड़ते हुए जनजागरूकता बढ़ाना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी एवं कोटेश्वर मंदिर के महंत शिवानंद गिरी महाराज ने किया। इस अवसर पर विधायक चौधरी ने स्वयंसेवकों से उत्तराखंड की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से प्रेरणा लेकर



समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। महंत शिवानंद गिरी महाराज ने अपने उद्बोधन में वैदिक जीवनशैली के उच्च मूल्यों को अपनाने और मान. सिक विकारों से दूर रहने की आवश्यकता पर बल दिया। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए योग एवं अध्यात्म को जीवन पुनरुत्थान का माध्यम बताया। नेहरू युवा केंद्र के राहुल डबराल एवं विजय वशिष्ठ ने स्वयंसेवकों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया। सत्र का संचालन डॉ. अंविता सिंह एवं डॉ. सुनीता असवाल ने किया। इस अवसर पर डॉ. गोपी प्रसाद, विशाल दत्ता, विपेंद्र, युवा योग प्रशिक्षिका नेहा सिंह, प्रिया नौटियाल, खुशी कुकरेती, प्रियांशु, आदर्श, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद थे।

# 123.47 लाख रुपये की लागत से बने नलकूप का विधानसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने वार्ड नं० 35 त्रिलो. कपुर के श्रीरामपुर गांव में उत्तराखंड जल संस्थान राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अंतर्गत 123.43 लाख रुपए की लागत से बने नलकूप का पूजा अर्चना कर विधिवत रूप से उद्घाटन किया। ऋतु खण्डूडी ने कहा कि श्रीरामपुर में बने इस नलकूप से आसपास के गांव लोकमणिपुर, जयदेवपुर, मनदेवपुर, दलीपपुर, गंदारियाखल, अम्बेडकरनगर में रह रहे 1800 परिवारों का इसका लाभ मिलेगा। सिगड्डी क्षेत्र की पानी एक बहुत बड़ी समस्या थी जिसे आज इस नलकूप के उद्घाटन के माध्यम से जनता को समर्पित किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने क्षेत्रीय जनता को



बताया कि वार्ड नं० 36 में अभी तक उनकी सरकार द्वारा लगभग 19 करोड़ के कार्य धरातल पर हो गए है जिसमें 10किमी की सिंचाई नहरें हो, दीवार मरमत कार्य, हाथी सुरक्षा दीवार, विद्यालयों का सौंदर्यकरण, सिगड्डी स्रोत से आ रही सिंचाई नहर आदि कार्य शामिल है। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने बताया कि 2022 से अब तक उन्होंने लगभग 10 नलकूपों का उद्घाटन इस कोटद्वार क्षेत्र में कर दिया है, कोटद्वार में पानी एक बहुत बड़ी समस्यां है।

जिसपर लगातार प्रयासरत हूं और लगातार नल कूप के लिए कार्य हो रहे है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त किया और बताया कि सरकार द्वारा वार्ड नं० 04 से 26 तक पेय जल योजना का लगभग 373 करोड़ रुपए की लागत से कार्य चल रहा है। जल्द ही भाबर में भी इसी तरह की एक बड़ी योजना के साथ पेयजल की समस्याओं से कोटद्वार को आने वाले 50 सालों तक के लिए मुक्त करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, पार्षद राजेंद्र सिंह, रजनीश बेबनी, विवेक भारती, राजेन्द्र सती, दिनेश सती, कांता सैलवाल, कमला सती, सुमिति जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# आजादी के 78 साल बाद मोटर पुल तैयार, खुशी से झूम उठे ग्रामीणों



शाह टाइम्स संवाददाता

**भटवाड़ी / उत्तरकाशी:** जिले के दर्जनों गांव आजादी के 78 वर्ष बाद भी सड़क, जैसे मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं।

विकास खण्ड भटवाड़ी के सीमांत सांलग गांव में आजादी के 78 साल बाद भी सड़क नहीं बनी थी, अब मोटर पुल तैयार होने से ग्रामीणों में सड़क की आस भी जग गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अब मोटर पुल लगभग तैयार हो चुका है तो हमारी भी आस जग चुकी है कि हमारे गांव में भी गाड़ी का होर्न बजेगा। बता दें कि विकास खण्ड भटवाड़ी के अभी भी गंगा घाटी के कुछ ऐसे गांव हैं जो आजदी के 78 वर्ष बाद सड़क के लिए टकटकी लगाए बैठे हैं कि कब हम भी गाड़ी से अपने गांव घर पहुंचेंगे जैसे नाल्ड कठूड पट्टी के हूर्री, बुक्की, पिलग, जोडाव, सालू, व टकनौर क्षेत्र के सुनगर, गुणगा, छोलमी आदि गांव में आजतक भी सड़क नहीं पहुंच पाई है।

# गांव में गुलदार का भयावह आतंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विकासखण्ड जखोली के निकटवर्ती गांवों में पिछले एक साल से गुलदार का भयावह आतंक बना हुआ है। गुलदार अभी तक तीन महिलाओं को निवाला बना चुका है और कई महिलाओं के अलावा बच्चों को घायल कर चुका है। गुलदार के हमलों के कारण क्षेत्र में दहशत का माहौल है। बुधवार को आक्रोशित जनता ने मयाली बाजार में चक्काजाम लगा दिया। लगभग छह घंटे तक क्षेत्र के ग्रामीणों ने मयाली-बाजार में चक्काजाम कर दिया और वन विभाग के डीएफओ सहित अन्य अधिकारियों का घेराव करते हुये जमकर विरोध-प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने कहा कि गुलदार के हमले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन वन विभाग कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया।



बुधवार सुबह लगभग सात बजे क्षेत्र के ग्रामीण मयाली बाजार पहुंचे और निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप थपलियाल के नेतृत्व में मयाली-बाजार में चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि गुलदार अलग-अलग क्षेत्रों में इंसानों को निवाला बना रहा है, लेकिन वन विभाग की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। गुलदार दिन के समय भी सक्रिय है। ग्रामीणों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने देवल, डांडा-चमसारी में भी महिलाओं को निवाला बनाने वाले गुलदार को नष्ट करने की मांग की। इस बीच छह घंटे तक मयाली में चक्काजाम लगाये रखा। जिस कारण गंगोत्री-यमुनोत्री से केदारनाथ धाम जाने वाले यात्री भारी परेशान रहे। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी हयात सिंह राणा, ग्राम प्रधान शंभू प्रसाद उनियाल, नागेन्द्र पंवार, चौन सिंह पंवार, आशीष नेगी सहित अन्य मौजूद थे।

# कल्याणी नदी को स्वच्छ बनाने की कार्ययोजना तैयार

- 1028 अतिक्रमण में से 550 को नोटिस जारी
- प्रशासन ने दिए पांच जुलाई तक हटाने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** कल्याणी नदी को फिर से स्वच्छ और धारा प्रवाह बनाने की कवायद शुरू हो गई है। कल्याणी नदी को पूर्व की भांति स्वच्छ और धारा प्रवाह बनाने के लिए प्रशासन ने ठोस कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत नदी में गिरने वाले नालों के पानी को टैप कर एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तक ले जाया जाएगा और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया तेज की जाएगी।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि कल्याणी नदी पर हुए अतिक्रमणों के कारण इसका प्रवाह रुक गया है और वर्षा ऋतु में जलभराव एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता सुनील जोशी, सिंचाई विभाग के बीएस डांगी, और क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी एसपी सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक नदी क्षेत्र में 1028 अतिक्रमण चिन्हित किए जा चुके हैं, जिनमें से 550 को नोटिस जारी कर दिया गया है, जबकि शेष 478 को 18 जून तक नोटिस भेजने की प्रक्रिया चल रही है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी अतिक्रमणकारियों को पांच जुलाई तक स्वयं अतिक्रमण हटाना होगा। नदी में गिरने वाले नालों के पानी को शुद्ध करने के लिए एसटीपी की योजना बनाई गई है। यह एसटीपी अटरिया पुल से दक्षिण की ओर पांच किलोमीटर क्षेत्र में प्रस्तावित है, जहां अतिक्रमण की स्थिति भी अधिक है। पेयजल निगम ने नगर निगम से इसके लिए एनओसी प्राप्त कर ली है, और एसटीपी नजूल भूमि पर बनेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 18 जून तक सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिए जाएं और पांच जुलाई तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया जाए। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने बताया कि नदी में गिरने वाले नालों के अपशिष्ट जल के उपचार के लिए एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) स्थापित किया जाएगा। एसटीपी के लिए नजूल भूमि को चिह्नित किया गया है और नगर निगम से एनओसी भी प्राप्त कर ली गई है।

नदी में अटरिया पुल से दक्षिण की ओर लगभग पांच किलोमीटर क्षेत्र में अतिक्रमण चिह्नित हैं। इस क्षेत्र में गिरने वाले नालों को टैप कर लाइन बिछाई जाएगी और उन्हें एसटीपी तक ले जाया जाएगा ताकि गंदा पानी सीधे नदी में न गिरे। इस दौरान नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम सुनील जोशी, सिंचाई विभाग के बीएस डांगी और क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी एसपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# लाडी अपना देखें, रुद्रपुर की राजनीति में न दें दखलः खेड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहन खेड़ा ने किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ को लेकर की गई बयानबाजी को लेकर सिटी क्लब में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस नेता हरेंद्र सिंह लाडी पर तीखा हमला बोला। मोहन खेड़ा ने कहा कि लाडी को रुद्रपुर की राजनीति में दखल नहीं देना चाहिए और उन्हें अपने क्षेत्र की जनता का विश्वास जीतने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

बुधवार को काशीपुर बायपास स्थित सिटी क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में खेड़ा ने कहा कि लाडी ने हाल ही में तिलकराज बेहड़ के खिलाफ अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया, जो किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बेहड़ न केवल तीन बार विधायक रह चुके हैं, बल्कि दो बार राज्य के मंत्री भी रहे हैं और उन्होंने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कांग्रेस नेता संजय जुनेजा ने भी लाड़ी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह अब तक खुद कोई भी चुनाव नहीं जीत पाए हैं, फिर भी वह सीनियर नेताओं को राजनीति का पाठ पढ़ा रहे हैं। उन्होंने लाड़ी की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उन्हें पहले अपने राजनीतिक अनुभव और कामकाज का आंकलन करना चाहिए। वहीं कांग्रेस नेता हरीश बावरा ने चेतावनी देते हुए कहा कि लाडी को अपने क्षेत्र तक ही सीमित रहना चाहिए और रुद्रपुर में दखलअंदा. जी से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि लाडी ने ऐसा करना बंद नहीं किया, तो रुद्रपुर के कांग्रेसी कार्यकर्ता खुलकर उनके विरोध में खड़े हो जाएंगे।

मोहन खेड़ा ने बताया कि लाडी की टिप्पणी से कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है और जल्द ही एक प्रति. निधिमंडल तिलकराज बेहड़ के नेतृत्व में कांग्रेस हाईकमान से मिलकर इस मामले को उठाएगा।

## एक नजर

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नगर निगम कार्यालय के पीछे स्थित मीट मार्केट में गुरुवार शाम करीब 6:10 बजे एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक का अस्पताल में उपचार चल रहा है। रम्पुरा निवासी सोबित पाल पुत्र रमेश पाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि 6 जून को शाम करीब 6:10 बजे वह किसी कार्य से मीट मार्केट गया था, जहां उसकी मुलाकात सुमित पाल पुत्र विजय पाल निवासी वार्ड नंबर 21, रम्पुरा रुद्रपुर से हुई। बताया जा रहा है कि पीड़ित को सुमित पाल से कुछ रुपये लेने थे।

जब पीड़ित ने सुमित से पैसे की मांग की तो आरोपी आगबबूला हो गया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुमित पाल ने मीट की दुकान से एक धारदार चापड़ उठाकर युवक के सिर पर वार कर दिया। इस हमले में पीड़ित युवक के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ा। आरोपी ने मौके पर ही जान से मारने की धमकी भी दी। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की ओर से मामले की सूचना उपचार के दौरान देर से पुलिस को दी गई। पुलिस को दी तहरीर में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कृषक सलाहकार समिति,के ब्लॉक अध्यक्ष सरदार मुख्तियार सिंह घुम्मन द्वारा अपने बेटे के जन्मदिन पर जसपुर-काशीपुर मार्ग पर नौमी वाले मंदिर के पास स्थित अपने प्रतिष्ठान पर भीषण गर्मी में राहगीरों को शर्बत पिलाया ।



वह यह कार्यक्रम कुछ वर्षों से हर वर्ष आयोजित करते हैं । इस पुण्य अवसर पर जसपुर गुरुद्वारे के मुख्य ग्रंथी विक्रमजीत सिंह, भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, मुख्तियार सिंह घुम्मन, जसवंत सिंह, जगराज सिंह, गुरजीत सिंह, सतनाम सिंह, हरविंदर सिंह, यशपाल सिंह,पाल सिंह, गुरविंदर सिंह, मंजीत कौर, बलविंदर कौर, रुपिंदर कौर, अभिजोत सिंह, एकजोत सिंह, बंटी ,अंशदीप आदि मौजूद रहे।

### 30 जून तक गृहकरदाताओं को मिलेगी गृहकर पर 25 प्रतिशत की छूट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** गृहकरदाताओं के लिए यह खबर राहत भरी है। गृहकरदाताओं की मांग पर पालिकाध्यक्ष एवं ईओ ने गृहकर में 30 जून तक ओर छूट करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से गृहकरदाताओं में खुशी है।

बता दें कि पिछले दिनों नगर पालिका बोर्ड ने सर्वे के बाद लगाये गये टैक्स पर 25 प्रतिशत की छूट की थी। यह छूट 31 मार्च तक गृहकरदाताओं को मिली। बताते है कि कुछ गृहकरदाता इस छूट से वंचित रह गए। उन्होंने पालि. काध्यक्ष नौशाद सम्राट, ईओ शाहिद अली से छूट की अवधि बढ़ाने की मांग की थी। गृहकरदाताओं की मांग पर पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, ईओ शाहिद अली एवं सभासदों ने आपस में वार्ता कर 30 जून तक छूट की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया। पालिकाध्यक्ष नौशाद सम्राट, ईओ शाहिद अली ने बताया कि उनका मकसद गृहकरदाताओं लाभ देना है। गृहकरदाताओं की मांग पर छूट की अवधि को बढ़ाया गया है। उन्होंने गृहकरदाताओं से समयावधि के भीतर गृहकर जमा कराने की अपील की है। वहीं ईओ शाहिद अली ने बताया कि तीस जून तक गृहकर जमा न करने पर एक जुलाई से गृहकर दाताओं से गृहकर के साथ पेनाल्टी भी वसूल की जाएगी।

### सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मी का हल्द्वानी में चल रहा उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मंगलवार को तहसील परिसर में आत्मदाह का प्रयास करने वाले बीएसएफ के सेवानिवृत्त कर्मचारी का हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। ग्रामीणों से पूछताछ में प्रकाश में आया है कि सेवानिवृत्त बीएसएफ कर्मी की मां के निधन के बाद उनके हिस्से की जमीन को लेकर मामला चल रहा था। 46 बीघा जमीन के चार हिस्से थे। जिसमें तीन भाईयों का और एक मां का हिस्सा था। मां के हिस्से की जमीन इस समय जो भाई घर पर खेतीबाड़ी देखता था और जिसके साथ मां रहती थी। उसके पास वह जमीन थी। इसी जमीन को लेकर भाई में मनमुटाव था। कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि इस मामले में परिवार की ओर से अभी तक कोई जानकारी पुलिस को नही दी गई।

### भीम आर्मी का प्रदर्शन, रुद्रपुर विधायक का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भीम आर्मी ने मुख्य चौक पर विधायक रुद्रपुर का पुतला फूंका। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार बिजेंद्र सजवाण के माध्यम से ज्ञापन डीएम को प्रेषित किया। बुधवार को भीम आर्मी के दर्जनों कार्यकर्ता मुख्य चौक पर पहुंचे और रुद्रपुर विधायक के खिलाफ प्रदर्शन किया एवं उनका पुतला फूंका। भीम आर्मी ने डीएम को ज्ञापन देकर कहा कि ईद के दो दिन पूर्व रुद्रपुर के विधायक ने पहाड़गंज में समुदाय विशेष को लेकर सोशल मीडिया एवं न्यूज चौनलों पर अपशब्दों का प्रयोग किया तथा आपत्तिजनक टिप्पणी की और पूरे जिले का माहौल खराब करने की कोशिश की। जिससे मुस्लिम समाज में आक्रोश व्याप्त है। इसके विरोध में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें जवाब दिया जिसे न्यूज चौनलों द्वारा बड़ा चढ़ा कर दिखाया गया पुलिस द्वारा खटीमा में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज किया गया। जबकि शिव अरोड़ा द्वारा आपत्तिजनक बयान दिए गए थे। पुलिस की एकतरफा कार्रवाई से भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी कार्यकर्ताओं और मुस्लिम समाज में रोष व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक मुकदमा दर्ज करने और भीम आर्मी जिलाध्यक्ष को पुलिस सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। इस दौरान प्रेम प्रकाश,योगेंद्र कुमार,सुमित कुमार, राजा,अजय कुमार, श्रीचंद,सतेंद्र,विशाल सिंह,राजदीप,संदीप कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 81.45 लाख की ठगी

- पुलिस ने नागपुर से आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** खटीमा क्षेत्र में एक चिकित्सक के साथ ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 81.45 लाख रुपये की बड़ी साइबर ठगी का मामला सामने आया है। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पांच फरवरी को खटीमा निवासी एक चिकित्सक को व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से ठगों ने अपने जाल में फंसा लिया।

कॉलर ने डॉक्टर को ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग में बड़ा मुनाफा दिलाने का लालच दिया। झांसे में आकर डॉक्टर ने 5 फरवरी से 28 फरवरी के बीच कुल 81.45 लाख रुपये अलग-अलग ट्रांजेक्शन में ट्रांसफर कर दिए। बाद में खुद को ठगा महसूस करने पर डॉक्टर ने 23 मार्च को साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए केस दर्ज किया और जांच शुरू कर दी। आधुनिक तकनीकी उपकरणों की मदद से ट्रांजेक्शन का ब्योरा खंगाला गया, जिसमें आईसीआईसीआई बैंक के एक खाते में पैसे ट्रांसफर होना पाया गया। यह खाता वैभव मनोज गाडगे नामक व्यक्ति के नाम पर नागपुर, महाराष्ट्र के शांति नगर, विदर्भ हाउ. सिंग बोर्ड कॉलोनी का निकला।

खाते में ठगी की रकम में से करीब 14 लाख रुपये आने की पुष्टि के बाद साइबर पुलिस की एक टीम नागपुर भेजी गई। स्थानीय पुलिस के सहयोग से सुरागरसी के आधार पर आरोपी वैभव मनोज गाडगे को गिरफ्तार कर खटीमा लाया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। एसएसपी नवनीत सिंह ने जनता से अपील की है कि अज्ञात कॉल्स और ऑनलाइन निवेश के झांसे में न आएं और किसी भी लेनदेन से पहले उसकी पुष्टि अवश्य करें।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां ऐतिहासिकः जोशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में ऐतिहा. सिक यात्रा बताया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश ने शविकसित भारतश और श्आत्मनिर्भर भारतश की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाए हैं। यह सिर्फ मोदी की सरकार नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम, सपनों और संघर्ष की अभिव्यक्ति है।

रुद्रपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि यह कालखंड भारत के भविष्य की मजबूत

- कृषि मंत्री जोशी ने दी रुद्रपुर में भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता में मोदी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी

नींव रखता है। उन्होंने कहा कि शासन अब सेवा का माध्यम बन गया है, सरकार अब सहभागी बन चुकी है और सुशासन अब भारत की संस्कृति बन रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी बड़े बदलाव आए हैं। सरकार ने कृषि बजट को बढ़ाने का काम किया है जिससे किसानों को सीधा लाभ मिला है।उन्होंने कहा जितनी भी योजनाएं बनाई गई है वह गरीबों के केंद्रित कर के बनाई गई है।

कृषि मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले लोगों की सोच थी कि ष्ये नहीं हो सकताष, लेकिन अब सोच है ष्ये होगा और जरूर होगाष, क्योंकि ष्मोदी है तो मुमकिन हैष उन्होंने कहा कि पहले योजनाओं का लाभ बिचौलियों तक सिमट जाता था, जबकि अब डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से लाभार्थियों को सीधे पैसा मिल रहा है। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, मेक इन इंडिया, उज्जवला योजना, लखपति दीदी, पीएम आवास योजना जनधन योजना और एक्सपोर्ट में भारत की लीडिंग भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि इन 11 वर्षों में धारा 370 हटाना, तीन तलाक समाप्त करना, और वक्फ कानून में सुधार जैसे कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रही निर्णायक मुहिम ऐतिहासिक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर नकल माफिया पर करारी चोट की गई है। इसका परिणाम है कि आज तक 23,000 से अधिक युवाओं को बिना सिफारिश, केवल योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। उन्होंने बताया कि 57 नकल माफिया जेल भेजे गए और 24 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ 1064 टोल-फ्री नंबर को जनसहयोग का माध्यम बनाकर जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त प्रयास हुआ है। मंत्री जोशी ने कहा कि पहली बार राज्य के इतिहास में एक साथ दो आईएएस, एक पीसीएस और 12 से अधिक अधिकारियों को निलंबित कर यह संदेश दिया गया कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अब तक 200 से अधिक भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई की जा चुकी है।

# गुरुद्वारा नानकसर ठाठ में धार्मिक समागम संपन्न

- गुरु हरगोविंद सिंह और संत कबीर दास के प्रकाशोत्सव को समर्पित समागम में धार्मिक प्रचारकों ने किया गुणगान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला में सिखों के छठवें गुरु हरगो. विंद सिंह व महान संत कबीर दास के जन्मोत्सव को समर्पित एक दिवसीय धार्मिक समागम श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया।

गुरुद्वारा नानकसर ठाठ गजरौला के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुओं और संतों को याद करना इसलिए जरूरी है कि हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारे पूर्वजों के जीवन चरित्र का ज्ञान हो सके। समागम में क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक हरपाल सिंह खालसा, रागी भाई राजेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक भाई मंजीत सिंह, कविशर भाई जोगा सिंह, कथा वाचक भाई बलविंदर सिंह आदि ने दोनों महान आत्माओं के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आने वाली पीढ़ी से इन महान शिक्षकों की शिक्षा और उपदेश को अपने जीवन चरित्र में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन भाई अनमोल सिंह ने किया। इस मौके पर जगजीत सिंह सतनाम सिंह अमरीक सिंह, देवेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह, कश्मीर सिंह, प्रताप सिंह आदि सहित बड़ी मात्रा में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने शिरकत की। गुरुद्वारे के मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे में स्थित बाबा कुंदन सिंह संगीत विद्यालय के तत्वावधान में चल रहे मासिक गुरमत शिक्षा कैंप में क्षेत्रभर के 600 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। जिन्हें गुरबाणी, कीर्तन, गुरु इतिहास सहित अपनी महान परंपराओं से अवगत कराया जा रहा है।

# डीएम व कप्तान के निर्देश पर मेडिकलों पर छापा

- कृष्णा मेडिकल स्टोर और जगदीश मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्त करने की दी संस्तुति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी मणीक. ांत मिश्रा के निर्देश पर वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार मय संयुक्त टीम द्वारा बाजपुर क्षेत्र के मेडिकल स्टोरो पर छापेमारी कार्यवाही की गई। जिसमे कृष्णा मेडिकल स्टोर और जगदीश मेडिकल स्टोर में कई अनियमित्ता पाये जाने पर लाईसेंस निलम्बन की संस्तुति करते हुए मेडिकल स्टोर बन्द कराये गये।

वरिष्ठ औषधि निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा पुलिस के साथ बाजपुर में कृष्णा मेडिकल, जगदीश मेडिकल स्टोर, जय मेडिकल स्टोर और ओम मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृष्णा मेडिक स्टोर पर फॉर्मासिस्ट नही मिला और मन प्रभावी औषधियों का बिल सत्यापन नही पाया गया। जबकि जगदीश मेडिकल स्टोर पर भी फॉर्मासिस्ट नही पाया गया और मन प्रभावी औषधियों का बिल सत्यापन नही पाया गया। साथ ही फिजिसियन सैम्पल पाये जाने पर लाईसेंस को निलम्बित करने की संस्तुति करते हुए मेडिकल स्टोर बन्द करा दिए गए। साथ ही जगदीश मेडिकल स्टोर से 3 औषधी के नमूने जॉच के लिए एकत्रित किये गये। उन्होने बताया कि ओम मेडिकल स्टोर को औषधी के रख-रखाव और टीबी दवाई के लिए प्रथक पंजिका बनाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशानुसार जिला उधम सिंह नगर के सभी मेडिकल स्टोरों का लगातार निरीक्षण किया गया जायेगा। संयुक्त टीम में औषधि निरीक्षक शुभम कोटनाला, निधि शर्मा, अर्चना गहतोड़ी, पूजा जोशी, पूजा रानी शर्मा, पंकज पंत, हर्षिता और बाजपुर कोतवाली के एसआई पुलिस टीम मौजूद रही।

# वेद समस्त ब्रह्मांड के स्वरूप को समझने की कुंजी

- संवाद कार्यक्रम में वेद, पुराण, उपनिषद व योग के महत्व की दी गई जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** श्रीपुर विचवा मे मुख्यमंत्री धामी की प्रेरणा से आओ हम सब योग करें अभियान के साथ चलो वेद की ओर संवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाहक रमेश ओली, मुख्य अतिथि शिवदत्त भट्ट, विशिष्ट अतिथि डॉ मोनिका भैंसोड़ा, डॉक्टर धीरज बिनवाल, पूर्व प्रधान रमेश महर, उमेश कापड़ी विनोद कापड़ी, दिनेश भट्ट और कार्यक्रम संयोजक डा. नवीन भट्ट द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और वैदिक मंत्रोच्चारण क साथ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश ओली ने कहा कि आज के युवाओं को उपनिषद पढ़ने की आवश्यकता है जिससे वह जीवन के उद्देश्य को समझ सके और मानसिक स्थिरता पा सकें। वहीं अतिथि वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता शिव दत्त भट्ट ने कहा कि वेद केवल पूजा पाठ के ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। वेद समस्त ब्रह्मांड के स्वरूप को समझने की कुंजी है। कार्यक्रम संयोजक नवीन भट्ट ने कहा कि संवाद कार्यक्रम का मुख्य मूल उद्देश्य भारतीय संस्कृति की उस जड़ तक पहुंचना है जहां से ज्ञान, आचरण और आत्म कल्याण की धाराएं प्रवाहित होती है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीतर के उस दिव्य स्वर को जगाना है जो शाश्वत, सनातन और आत्मिक उन्नयन का पथ है। खटीमा महाविद्यालय की योग प्रवक्ता डॉक्टर धीरज बिनवाल ने बताया कि वेद केवल ग्रंथ नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना की जड़े हैं। हमारे बच्चों और युवाओं को वेदों की ओर प्रेरित करना समय की मांग है। दिनेश भट्ट ने बताया कि आज के दौर में जब नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है तब वेदों की ऋचाएं, उपनिषदों की शिक्षाएं और पुराणों की कथाएं हमें आत्म मंथन का अवसर देती है। नमामि गंगे अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल नदी को साफ करना नहीं बल्कि जनमानस में यह भाव जागृत करना है कि जब तक हमारी नदियां शुद्ध नहीं तब तक हमारा मन, समाज और संस्कृति भी शुद्ध नहीं हो सकती।

इस अवसर पर योग प्रशिक्षक हेमंत खनका और ज्योति राणा द्वारा सभी अतिथियों और ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया गया तथा सबके सुख की कामना करते हुए शांति पाठ द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान संवाद और चर्चाओं में वेद पुराण और उपनिषदों के साथ नदियों के सांस्कृतिक धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व की भी चर्चा की गई। इस अवसर पर बताया गया कि केवल खटीमा में ही 56 शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रदीप चौसाली, हिमांशु भंडारी, चंद्रशेखर भट्ट, हिमांशु भंडारी, इंद्र चौहान, जतिन मेहरा, अभिषेक राणा, मोहन उपरारी, मनीष जोशी, मंजू भट्ट, हेमा कापड़ी, हेमंती देवी, निर्मला रौतेला, कमला सामंत, कलावती देवी, गोविंदी देवी, रेखा भट्ट, हेमा मेहरा, तथा ममता जोशी आदि सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस से बैग चुराकर भाग रहे दो चोरों को यात्रियों ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** रोडवेज बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों के बैग उठाने वाले दो चोरों को बैग मालिक व ढाबा संच. ालकों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपुर ध्यान नगर में सिंह ढाबा नाम से रेस्टोरेंट है जिसमें ढाबा संचालक रोडवेज बसें के यात्रियों को जलपान व अन्य सुविधाओं उपलब्ध कराते हैं।बीते कई दिन से कई यात्रियों द्वारा बस ड्राइवर व ढाबा मालिकों से अपने सामान चोरी होने की सूचना दी जा रही थी। ढाबा संचालक बस के ड्राइवर, कंडक्टर आदि ने मिलकर चोर को पकड़ने की प्लानिंग की इस क्रम में कल रात मालधन निवासी यात्री अपना बैग रख जलपान करने के लिए ढाबे में बैठ गया तभी बस में सवार अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका बैग उठाकर रफू चक्कर होने की फिराक में था ढाबा संचालक द्वारा शक होने पर उससे बैग के संबंध में पूछा गया तो वह घबरा गया हंगामा होने पर बस यात्री, ड्राइवर व कंडक्टर पहुंच गए जिसमें से मालधन निवासी व्यक्ति ने बताया कि यह उसका बैग है इसके पश्चात ढाबे पर मौजूद यात्रियों ने पकडे गये चोरों की धुनाई कर दी उसने बताया कि इसका एक साथी और बराबर में खड़ा है यात्रियों द्वारा उसे भी पकड़ लिया गया पकड़े गए चोरों ने अपना नाम नसर अली व इंतजार हुसैन निवासी कुंडा होना बताया है। संचालक द्वारा उक्त के विषय में जसपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दी पुलिस ने त्वरित पहुंचकर दोनों आरोपियों को अपने कब्जे में ले लिया है पुलिस द्वारा आगे की जांच कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# धामी सरकार किसानों की भूमि का जल्द करे निस्तारणः लाडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा किसानो की वर्ग 4 की भूमि कांग्रेस सरकार में राजस्व विभाग के कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य द्वारा भूमि का समय बढ़ाया गया था। अब राज्य में भाजपा सरकार है जिला उधम सिंह नगर के ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की भूमि का समय बढ़ाया जाए और वर्ग 4 की भूमि का पैसा जमा करा कर भूमि को पक्का किया जाए इसके साथ ही सरकार को राजस्व भी मिलेगा। हर बार किसानों से कहा जाता है गन्ने की फसल को बढ़ाओ लेकिन किसानों को गन्ने का मूल्य कम दिया जाता है किसानों का मूल्य 500 प्रति कुंतल कर दिया जाए और इसके साथ ही शुगर फैक्ट्री की रिपेयरिंग भी कराई जाए समय पर फैक्ट्री सही नहीं चल पाती है किसानों को भी और फैक्ट्री को भी बहुत नुकसान होता है। उन्होंने कहा 20 गांव की 5838 एकड़ कृषि भूमि को लेकर किसानों द्वारा आंदोलन किया गया और मुख्यमंत्री द्वारा किसानों के प्रतिनिधि मंडल को छह बार आश्वा. सन दिया गया कि तुम्हारी भूमि धरी के अधिकार किसानों को वापस दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री को जल्द ही किसानों की भूमिका निस्तारण करना चाहिए। उन्होंने कहा किसानों को सरकार द्वारा इस बार धान लगाने की अनुमति नहीं दी गई ठीक है कोई बात नहीं किसानों ने धान नहीं लगाया।

## विधायक बेहड़ पर लगाए भाजपा से मिले होने के आरोप

**बाजपुर।** उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ पर भाजपा से मिले होने के आरोप लगाते हुए कहा गदरपुर विधानसभा सीट, रुद्रपुर विधानसभा सीट बीजेपी से मिले होने के कारण कांग्रेस हारी। रुद्रपुर विधायक राजकुमार ठुकराल को कांग्रेस में नहीं आने दिया जा रहा, उनका विरोध किया जा रहा है। उन्होंने कहा राजकुमार ठुकराल के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। आप किच्छा विधानसभा के विधायक हो आप अपनी किच्छा देखो इसकी चिंता आप मत करों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्युत स्मार्ट मीटर तोड़कर नौटंकी की जा रही है। सबसे ज्यादा किच्छा विधानसभा में विकास हो रहा है, बीजेपी से मिले होने के कारण।

# डीएम प्रत्येक सोमवार को जनता की समस्याओं को सुनकर करेंगे निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि जनपद में भ्रष्टाचार और लापरवाही पर प्रभावी अंकुश लगाने, सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को प्रात: 10 बजे से जिला कार्यालय में जनपद वासियों की सीधे समस्याओं को सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा।



जिसके लिए जनपद के सभी कार्यालय अध्यक्ष तथा जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति सोमवार को प्रात: 10 बजे जिला कार्यालय पहुँचकर सीधे अपनी समस्या रख सकता है। उन्होंने बताया कि जन सुनवाई के दौरान प्राप्त होने वाली शिकायतों से अधिकारियों तथा कर्मचारियों फील्ड में संक्रियता, कार्मिकों की कार्य पद्धति एवं कार्य शैली का आंकलन भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने सभी फील्ड स्तरीय कार्मिकों को अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर जन समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही निस्तारण की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वार की परिकल्पना को साकार करते हैं तो व्यक्तियों को जन सुनवाई के लिए मुख्यालय की भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार को विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की अद्यतन सूचनाओं सहित स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि कोई भी अत्यावश्यक कार्य पड़ने पर जिलाधिकारी की पूर्वानुमति के बिना किसी भी अधीनस्थ कर्मचारी को जन सुनवाई में न भेजा जाये और न ही जन सुनवाई में अनुपस्थित हों। उन्होंने बताया कि किसी भी सोमवार को सार्वजनिक अवकाश होने की दिशा में जनसुनाई अगले सोमवार को की जायेगी क्योंकि प्रत्येक मंगलवार को विभिन्न तहसीलों में तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है।

# सैनिक सम्मेलन में एसएसपी ने किया पुलिसकर्मियों को सम्मानित

## 34 जवान मैन ऑफ द मंथ और 4 महिला पुलिसकर्मी चुनी गई वुमेन ऑफ द मंथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने 34 पुलिस जवानों को मैन आफ द मंथ और 4 महिला आरक्षियों को वूमेन आफ द मंथ सम्मान से सम्मानित किया है। रोशनाबाद स्थित जिला पुलिस कार्यालय में आयोजित सैनिक सम्मेलन के दौरान मई माह में विभिन्न प्रकरणों के अनावरण में योगदान, लगन से ड्यूटी करने और मानवीय कार्यों के आधार पर चयनित किए गए पुलिस जवानों की भूमिका की सराहना करते हुए एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने सभी से जनपद को अपराध मुक्त करने एवं पुलिस की छवि को स्वच्छ बनाने के लिए सभी से सहयोग मांगा तथा श्रद्धालुओं एवं सभ्य पर्यटकों से अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। पुलिस कप्तान ने कहा कि आप विभाग की रीढ़ हैं। अपना महत्व समझें और उसी के मुताबिक कड़ी मेहनत कर औरों के लिए आदर्श बनें। एसएसपी ने पुलिस लाइन रोशनाबाद में तैनात सफाई वीर महिपाल सैनी की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उन्हे भी सम्मानित किया। इस दौरान अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी महिपाल सैनी के कार्यों की सराहना की।

मैन आफ द मंथ चुने गए पुलिसकर्मियों में कोतवाली नगर के एसआई चरण सिंह, एसआई संजीत कण्डारी, कांस्टेबल निर्मल, कांस्टेबल सुनील चौहान, होमगार्ड अनुज कुमार थाना श्यामपुर, हेड कांस्टेबल रविन्द्र तोमर, कांस्टेबल विशन सिंह चौहान थाना कनखल, कांस्टेबल अधीप कुमार आईआरबी प्रथम, कांस्टेबल सुखदेव कोतवाली ज्वालापुर, कांस्टेबल जयपाल सिंह थाना बहादराबाद, कांस्टेबल अर्जुन, कांस्टेबल विवेक गुंसाई कोतवाली रानीपुर, एसआई नरेंद्र सिंह थाना सिडकुल, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी कोतवाली रूड़की, अपर उपनिरीक्षक पुष्कर सिंह चौहान थाना कलियर, एसएसआई अजय शाह, कांस्टेबल रणवीर सिंह कोतवाली गंगनहर, एसआई हेमदत्त भारद्वाज कोतवाली मंगलौर, हेडकांस्टेबल गीतम सिंह थाना भगवानपुर, हेडकांस्टेबल रामवीर थाना झबरेड़ा, हेडकांस्टेबल दिनेश चन्द्र कोतवाली लकसर, एसएसआई यशवीर सिंह नेगी, कांस्टेबल राकेश नेगी थाना पथरी, एसआई अशोक सिरसवाल, कांस्टेबल ऋतिक कुमार थाना खानपुर, महिला कांस्टेबल नीलम चौहान थाना बुग्गावाला, कांस्टेबल सियाराम एसपी




ग्रामीण कार्यालय, महिला हेडकांस्टेबल उषा सिरोहा सीओ ज्वालापुर कार्यालय, सफाईकर्मी महिपाल सिंह पुलिस लाईन हरिद्वार, कांस्टेबल संजय कुमार सीपीयू रूड़की, महिला होमगार्ड रेखा रतूड़ी यातायात पुलिस हरिद्वार, फायर मैन खजान सिंह राणा फायर स्टेशन मायापुर, महिला कांस्टेबल पूनम मनराल दूरसंचार, हेडकांस्टेबल अश्वनी कुमार सीआईयू रूड़की, हेडकांस्टेबल नीरज रावत, अपर उपनिरीक्षक चन्द्रसिंह पंवार, मुख्य आरक्षी मंशाराम एलआईयू, प्रधान लिपिक कांस्टेबल प्रदीप भट्ट।

# ई-रिक्शा में छूटा ट्रॉली बैग, मदद के लिए आगे आई पुलिस

## कोतवाली ज्वालापुर के पुलिसकर्मी ने दिखाई तत्परता, युवक को वापस मिला कीमती सामान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जल्दबाजी में ई-रिक्शा में ट्रॉली बैग छूट जाने से परेशान युवक की मदद को हरिद्वार पुलिस देवदूत बनकर सामने आई। समय रहते की गई पुलिसकर्मी की सक्रियता और संवेदनशीलता से युवक को न सिर्फ उसका कीमती बैग वापस मिला, बल्कि पुलिस पर जनता का विश्वास भी और गहरा हो गया। मामला मंगलवार सुबह करीब 8:45 बजे का है। सिडकुल क्षेत्र निवासी विक्रम सिंह किसी कार्य से कोटद्वार जाने के लिए ई-रिक्शा से रानीपुर मोड़ पहुंचे थे। इसी दौरान जल्दबाजी में उनका ट्रॉली बैग ई-रिक्शा में ही छूट गया और चालक वाहन लेकर आगे बढ़ गया। कुछ समय बाद जब विक्रम को अपने बैग के गायब होने का एहसास हुआ, तो उनके होश उड़ गए। रानीपुर मोड़ पर मौजूद पुलिसकर्मी हसलवीर रावत को उन्होंने पूरी आपबीती बताई। युवक की परेशानी समझते हुए कांस्टेबल हसलवीर ने बिना देर किए विक्रम को अपनी बाइक पर बिठाया और तत्काल हरिद्वार के विभिन्न ई-रिक्शा व टैम्पो यूनियनों में जाकर जानकारी जुटानी शुरू कर दी। साथ ही ब्ब्ज्ट फुटेज की मदद से भी रिक्शा का सुराग लगाने



की कोशिश की गई।

कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार कांस्टेबल हसलवीर रावत की मेहनत रंग लाई और संबंधित ई-रिक्शा तथा उसमें रखा ट्रॉली बैग सुरक्षित बरामद कर लिया गया। ई-रिक्शा चालक को बैग की जानकारी नहीं थी, लेकिन ईमानदारी से उसने बैग लौटा दिया। अपना कीमती सामान वापस पाकर विक्रम सिंह की आंखों में राहत और चेहरे पर संतोष की झलक साफ दिखाई दी। उन्होंने हरिद्वार पुलिस, विशेषकर कांस्टेबल हसलवीर रावत का आभार जताते हुए कहा ष्पुलिस के ऐसे मानवीय कार्य ही आम जनता के दिल में उनके प्रति विश्वास को मजबूत करते हैंष् हरिद्वार पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता एक बार फिर साबित करती है कि मुश्किल समय में पुलिस सिर्फ एक व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता की असली साथी बनकर सामने आती है।

# ज्वालापुर में अघोषित विद्युत कटौती की जाए बंद : मनव्वर कुरैशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनव्वर कुरैशी ने विद्युत विभाग से ज्वालापुर में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। मनव्वर कुरैशी ने कहा कि भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती के चलते उपनगरी ज्वालापुर की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार बिजली गुल होने से लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। बिजली की आपूर्ति नहीं होने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो जाती है। जिससे महिलाओं को घर के कामकाज करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उमस भरी गर्मी में बिजली कटौती के साथ लो वोल्टेज की समस्या से भी लोग जूझ हैं। बार-बार कट लगने से घरों और दुकानों में लगे बिजली के उपकरण खराब हो रहे हैं। व्यापारियों को भी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मनव्वर कुरैशी ने कहा कि उपभोक्ताओं से भारी भरकम बिल वसूलने के बाद विद्युत विभाग निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने में नाकाम हो रहा है। उन्होंने कहा कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति के साथ लो वोल्टेज की समस्या को दूर किया जाए। यदि व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं किया गया तो बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन और कार्यालय की घेराबंदी एवं तालाबंदी की जाएगी।

# एक नजर

## जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** नेशनल हियूंमन राइट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय सचिव अनूप प्रकाश भारद्वाज एडवोकेट ने टीम के साथ जाकर जिलाधिकारी हरिद्वार को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें गरीब बच्चों की शिक्षा, युवा पीढ़ी नशे का लत का शिकार होना और कृषको की पूर्वजों की जमीनो पर दबंग भू-माफियायों की गिद्ध दृष्टि एवं पट्टे की अफवाह को लेकर चिंता जताई। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषक की जमीनो को लेकर सभी एडडीएम को निर्देश दें दिए गये है बिना पैमाइस के किसी भी जगह को लेकर कोई भी फर्जीवाड़ा सामने आया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में शिवा कांत पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष सुधांशु सैनी, जिला अध्यक्ष सुधांशु जोशी, अंशुल गोयल, सोहनलाल उर्फ सोम, राजेंद्र जिंदल, पवन कुमार, रविन्द्र कुमार, हिमांशु सरीन एडवोकेट, रणविजय, मोहसिन अली शामिल रहे।

## ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने मेडिकल स्टोरों का किया निरीक्षण

**बहादराबाद।** न्यायालय के निर्देशों पर विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सिमरनजीत कौर और ड्रग्स कंट्रोल विभाग ड्रग्स इंस्पेक्टर अनीता भारती की संयुक्त टीम ने रावली महदूद के मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान तीन मेडिकल स्टोरों के स्वामियों से दवाइयों के कागज दिखाने को कहा गया था। जो मौके पर नहीं दिखा पाए जिसके चलते स्टोर बंद करा दिए गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती ने बताया कि सभी स्टोर संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे एक्सपायरी दवाइयां किसी भी ग्राहक को न बेचें और इस बात का विशेष ध्यान रखें। टीम में ड्रग्स इंस्पेक्टर मेघा, ऋषभ धामा, मो. ताजीम आदि शामिल रहे।

## निजी फाइनेंस कंपनी पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

**हरिद्वार।** समाजसेवी कार्तिक कुमार ने फाइनेंस कंपनी पर लोन के नाम पर धोखाखड़ी करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कार्तिक कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी उनके कार्यालय पर आए और कम ब्याज दर पर लोन दिए जाने की योजना बतायी। जिस पर उन्होंने लोन के लिए कागजात और 11 चेक कंपनी के कर्मचारियों को सौंप दिए। बाद में धोखाधड़ी का पता चलने पर उन्होंने कंपनी के मैनेजर को दी। मैनेजर ने बताया कि आपका लोन डिसबर्स हो चुका है। लेकिन



आपको चेक नहीं मिलेगा और ना ही रजिस्ट्री होगी। जब तक हमारी शर्तें पूरी नहीं होगी। मैनेजर ने बताया कि आपकी संपत्ति नगर निगम के वार्ड 58 में है। इसे नगर निगम की सीमा से बाहर किया जाए। जो कि संभव नहीं है। कार्तिक कुमार ने कंपनी के कर्मचारियों पर अपने निजी खाते में पैसे लिए जाने का आरोप भी लगाया।

# किसानों के साथ नहीं होने दिया जाएगा अन्याय : चौधरी अंबावता

## किसानों को मिले उद्योगपतियों के समान सहूलियत : डीपी यादव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने किसानों का भला नहीं किया। केवल भोले भाले किसानों को ठगा है। अब किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। अलकनंदा मैदान पर आयोजित भारतीय किसान यूनियन अंबावता के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर के दूसरे दिन किसान पंचायत को संबोधित करते हुए चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने कहा कि फसलों का उचित दाम नहीं मिलने से कर्ज के जाल में फंसे किसानों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्यों में किसान हितैषी सरकारों का होना जरूरी है। इसके लिए भाकियू अंबावता ने अभियान शुरू कर दिया है। प्रत्येक पदाधिकारी को संगठन से पांच सौ किसान जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। आगामी चुनावों के बाद यूपी सहित तमाम राज्यों और केंद्र में किसानों का हित सोचने वाली सरकार का गठन होगा।

अंबावता ने कहा कि भाजपा किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन है। दिल्ली में किसान आंदोलन के दौरान मोदी सरकार ने एमएसपी पर फसल खरीद की गारंटी देने का कानून बनाने का वादा किया था। जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया। फसलों का उचित दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज के जाल में फंस रहे हैं। सरकार किसानों की अनदेखी नहीं कर सकती है। किसानों की समस्याएं दूर करना सरकार की जिम्मेदारी है। स्मार्ट मीटर लगाकर देश को लूटने का काम किया जा रहा है। किसानों को बिजली तो मिलती नहीं, लेकिन भारी भरकम बिल थमा दिए जाते हैं। बड़े पूंजीपतियों के कर्ज माफ कर दिए जाते हैं। लेकिन किसान को कर्ज माफी नहीं मिलती। उन्होंने केंद्र सरकार से किसान मजदूर की दशा सुधारने के लिए देश में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को नि:शुल्क करने, किसानों का पूरा कर्ज माफ करने और वृद्धावस्था पेंशन पांच हजार रूपए मासिक करने की मांग भी की। राष्ट्रीय परिवर्तन दल के



राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद डीपी यादव ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं। सरकारों द्वारा किसानों के अधिकारों का हनन बंद हो। किसानों को उद्योगपतियों के समान सहूलियत मिले। सरकार ने एमएसपी में जो बढ़ोतरी की है वह नाकाफी है। खेती को लाभकारी बनाया जाए। किसान के बेटों को रोजगार मिले। डीपी यादव ने कहा कि गंगा तट पर किसानों के संघर्ष को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। एकजुट होकर पूरी ताकत से किसानों के हित में संघर्ष किया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव रामपाल सिंह अंबावता एवं प्रवीन अंबावता ने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, यूपी, उत्तराखण्ड सहित तमाम राज्यों के हजारों किसान भाग ले रहे हैं। उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सचिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, दिल्ली प्रदेश अध्क्ष अनिल चौधरी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, हरियाण प्रभारी चुहड़ सिंह रावत, रमन पंवार, नसीर खान, परशुराम प्रधान, तौफीक आदि पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। इसके पूर्व चौधरी ऋषिपाल अंबावता के अधिवेशन स्थल पर पहुंचने पर संगठन पदाधिकारियों और देश भर से आए हजारों किसानों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

# फेरुपुर में ग्राम समाज की भूमि से हटाया अतिक्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव फेरुपुर में कुछ ग्रामीणों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण किया हुआ था जिसे राजस्व विभाग की टीम ने विरोध के बाद हटवा दिया। शिकायत पर राजस्व विभाग की टीम अवैध कब्जे को हटाने पहुची थी। कब्जा धारकों ने टीम का जमकर विरोध किया। मामले में पुलिस बल के साथ कब्जा को हटाया गया। मामले में ग्राम पंचायत सदस्य कुमारी शिवानी ने जिलाधिकारी को शिकायत कर भूमि से कब्जा हटवाने की मांग उठाई थी। जांच के बाद जिलाधिकारी के आदेश अनुसार राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची ओर कब्जा काटने के लिये जेसीबी को लगा दिया। अतिक्रमणकारियों ने टीम का जमकर विरोध किया और महिलाएं जेसीबी के सामने खड़ी हो गई। राजस्व विभाग टीम ने पुलिस फोर्स के साथ मिलकर कब्जे को हटा दिया। अतिक्रमणकारियों ने उक्त भूमि पर टीन सेड डालकर कब्जा किया था जिसे जेसीबी मशीन द्वारा हटाया गया है। इतना ही नही चार दिन पहले भी राजस्व विभाग की टीम कब्जे को हटाने पहुंची थी लेकिन महिलाओं के विरोध करने पर टीम कब्जा नही हटा सकी थी। मंगलवार को टीम पुलिस बल के साथ पहुची थी और कब्जा हटाया गया। कानूनगो संजय कुमार ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर अतिक्रमण किया था। टीम अतिक्रमण को हटाने पहुची थी लेकिन महिलाओ के विरोध के बाद टीम कार्रवाई नही कर सकी थी। इस बार टीम पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमण को हटाकर भूमि को कब्जा मुक्त किया गया। दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई भी



अमल में लाई जाएगी। ग्राम प्रधान मीनू सैनी ने बताया ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा नहीं होना चाहिये। राजस्व विभाग ने मामले की जांच कर कार्रवाई की है जो सही है। फेरुपुर चौकी प्रभारी शुधांशू कौशिक का कहना है कि राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस फोर्स की मांग की थी शांति व्यवस्था के लिये पुलिस मौके पर गई थी।

# सलेमपुर के ग्राम प्रधान ने सौंपा जिलाधिकारी को ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सलेमपुर की ग्राम प्रधान संगीता पाटिल ने ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सलेमपुर का नाम नहीं बदलने की मांग की है। संगीता पाटिल ने कहा कि सोशल मीडिया पर चल रही खबरों से पता चला है कि सलेमपुर को नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई के नाम पर रखा जा रहा है। सन 1374 में बसा सलेमपुर प्राचीन गांव है। समस्त ग्रामवासी अपनी प्राचीन पहचान को कायम रखना चाहते हैं। संगीता पाटिल ने ग्राम सभा की खुली बैठक व ग्राम पंचायत की बैठक शीघ्र बुलाने के आदेश पारित करने की मांग भी की ताकि खुली बैठक में समस्त ग्रामवासियो की राय ली जा सके। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली ने कहा कि ग्राम




सलेमपुर का नाम बदलकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर रखा जाना, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जैसी महान शख्सियत के लिए बेहद छोटा सम्मान है। उनके नाम को कोई बड़ी सौगात देकर जोड़ा जाये। हरिद्वार जिला मुख्यालय ग्राम रोशनाबाद में ही स्थित है और ग्राम रावली महदूद भी सटा हुआ है। धनगर समाज के लोगों की आबादी भी आसपास में बसी हुई है, तो जनपद हरिद्वार के नाम के साथ लोक माता अहिल्याबाई का नाम जोड़ा जाये, तो पूरे भारत में लोक माता अहिल्याबाई के मानने वालों का सम्मान माना जायेगा। यदि यह सम्भव नही है तो कोई बड़ा महाविद्यालय, अस्पताल, रेलवे स्टेशन या बस अड्डे का नाम उनके नाम पर रखा जाए। एक छोटे से गांव की प्राचीन पहचान मिटाकर लोकमाता अहिल्याबाई को यह छोटा सम्मान देना। उनकी गौरवमयी प्रतिष्ठा के सामने तुच्छ प्रतीत होता है। ज्ञापन देने वालों में आरिफ अली एडवोकेट, राव अहमद, राव आफाक अली, एडवोकेट मोहित, एडवोकेट सौरभ चौहान, एडवोकेट सुदेश, पंचायत सदस्य पंकज, पूर्व प्रधान पप्पू पाटिल, मोहित पाटिल, भोटी, पंचायत सदस्य दीपक, राव माजिद, राव कासिफ, पंचायत सदस्य तिलकराम, अब्दुल हफीज, शाहनवाज अली, विकास, राजवीर सिंह, सनव्वर अली, डा. करीम, एडवोकेट रिहान, फुरकान, एडवोकेट शाहबाज अली, एडवोकेट राव गुलफाम, सलीम सलमानी, एडवोकेट तौफीक शामिल रहे।

# गोशाला में गुलदार की दस्तक से हड़कंप

## पशुओं पर हमला कर गुलदार उठा ले गया एक बछिया

शाह टाइम्स संवाददाता

पथरी। क्षेत्र के ग्राम फेरुपुर के नजदीक खेतों में बनाई गई एक गोशाला में गुलदार की दस्तक से हड़कंप मच गया। गुलदार गोशाला में मौजूद पशुओं पर हमला कर एक बछिया को उठा ले गया। मामले में गोशाला स्वामी ने वनप्रभाग को इसकी सूचना दे दी है। गुलदार की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। एक दिन पूर्व भी गोशाला से गुलदार एक कुत्ते को उठाकर ले गया था। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। ग्राम फेरुपुर निवासी शुभम सैनी ने सीताराम नाम से गांव



के नजदीक खेतों में गौशाला बनाई हुई है। गोशाला में कई गाय रखी गई है उनकी देखरेख के लिये पशु पालक को भी तैनात किया हुआ है जो दिनरात उनकी सेवा में लगा रहता है। बताया जा रहा है कि सोमवार रात अचानक एक गुलदार ने गोशाला में दस्तक दे दी गुलदार को देख पशुओं में हलचल हुई तो वहां रहने वाले चौकीदार की नींद खुल गई। गुलदार को देखा तो उसके होश उड़ गए। गुलदार गोशाला से एक कुत्ते को उठाकर ले गया। चौकीदार ने हल्ला गुल्ला किया तो गुलदार कुत्ते को लेकर गोशाला से भाग निकला। वहीं, बीती रात गुलदार फिर से गोशाला में आया और एक गाय पर हमला कर उसकी बछिया को उठाकर ले गया। गुलदार की लगातार दस्तक के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मामले में गोशाला स्वामी शुभम सैनी ने वनप्रभाग को घटना की पूरी जानकारी दी है। गुलदार की पूरी हरकत गोशाला में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फिलहाल वनप्रभाग की टीम ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। गोशाला स्वामी शुभम सैनी ने बताया गोशाला में गुलदार आने के बाद कर्मचारी में हड़कंप मचा हुआ है। गुलदार कर्मचारियों पर हमला भी कर सकता है। वनप्रभाग कि टीम को तत्काल इसका उपाय करना चाहिये। वनक्षेत्र अधिकारी सलेंद्र सिंह नेगी ने बताया फिलहाल वनप्रभाग की टीम को गस्त के आदेश जारी किया है। जल्द गोशाला के पास पिजरे को लगाया जाएगा।

# लक्सर में सिडकुल की स्थापना किए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लक्सर में सिडकुल की स्थापना होने पर शिवालय निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी विपनानंद ने सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी विपनानंद ने कहा कि राज्य गठन के बाद भी लक्सर का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया था। युवाओं को रोजगार के लिए दूर जाना पड़ता था। सिडकुल रोशनाबाद की तर्ज पर लक्सर में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होने से क्षेत्र का तेजी से विकास होगा। सिडकुल का लाभ लक्सर के अलावा खानपुर, प्रह्लादपुर को भी मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि लकसर के रेल नेटवर्क से जुड़े होने का लाभ सिडकुल में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों को मिलेगा।

# 16 से 27 जून तक आयोजित होंगे बहुद्दशीय शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** जिला समाज कल्याण अधिकारी अभिजीत सिंह ने अवगत कराया है कि सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र के क्रम में एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में धरती आबा जनजातीय अभियान उत्कृष्ट योजना की जन जागरूकता व भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से बुक्सा जनजाति के पात्र जनजातीय जनों को शतप्रतिशत लाभान्वित किये जाने हेतु आगामी 15 जून से 30 जून तक ''धरती आबा अभियान और जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति'' शिविर का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने अवगत कराया है कि दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सम्बन्धित योजनाओं से जनपद में स्थित बुक्सा जनजाति के लोगों को लाभान्वित किये जाने हेतु निधारित किए गए कार्यक्रमों के अनुसार बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किये जा रहे हैं, जिनमें समस्त सम्बन्धित विभागीय अधिकारी एवं प्रखण्ड स्तरीय अधिकारी भी स्वयं उपस्थित रहेंगे। सभी शिविर प्रात: 10.30 बजे से अपराहन 3 बजे तक संचालित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि विकासखण्ड बहादराबाद में शिविर का आयोजन शहीद मनोज सिंह चौहान, रा०इ०का० गैण्डीखाता में 16 जून जिसमें गैण्डीखाता व इन्द्रानगर तोक के बुक्सा जनजाति के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। 19 जून को बारातघर रसूलपुर, ग्रा०प० रसूलपुर मीठीबेरी रसूलपुर, क्षेत्र में, 21 जून को मॉडल विद्यालय, राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेज, लालढांग, लालढांग, नयागाँव व मौहल्लापुरी के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय सगसपुर, 23 जून को प्राथमिक विद्यालय समसपुर कटेवड (सोमवार) जसपुर चमरिया तथा 27 जून को प्राथमिक विद्यालय ढंडियानवाला, जिसमें ढंडियानवाला व मीठीबेरी के बुक्सा जनजाति पात्र लाभार्थियों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में प्रतिभाग करें ताकि शिविर स्थल पर सेवाओं/योजनाओं से लोगों को लाभान्वित किये जाने हेतु विभागीय स्टॉल लगाते हुए जिससे कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ से क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया जा सके।

## एक नजर

### मेयर बाली ने किया वाटर एटीएम का शुभारंभ

**काशीपुर।** काशीपुर बार एसोसिएशन, नगर निगम महापौर दीपक बाली, इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड (आईजीएल) एवं चाहत एनजीओ द्वारा अधिवक्ता चैंबर्स परिसर में वाटर एटीएम लगाया गया जिसकी अनुमानित लागत लगभग 25 लाख रुपए है। उक्त एटीएम से अधिवक्ताओं और आम जनमानस को भीषण गर्मी में ठंडा पानी पीकर राहत मिलेगी। उक्त वाटर एटीएम के उपलक्ष्य में काशीपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्तागणों ने महापौर दीपक बाली, आईजीएल कंपनी के एचआर आरएस यादव, चाहत फाउंडेशन के संरक्षक सतपाल सिंह का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया उक्त आयोजन में काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, सचिव नृपेंद्र कुमार चौधरी, उप सचिव सूरज कुमार, ऑडिटर हिमांशु बिश्नोई, पुस्तकालय अध्यक्ष सतपाल सिंह बल, रश्मि पाल, कामिनी श्रीवास्तव, अमित कुमार गुप्ता, अविनाश कुमार, अंशुमान सिंह, आनंद रस्तोगी, इंदर सिंह, विवेक मिश्रा आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**काशीपुर।** आईटीआई थाना क्षेत्र के खड़कपुर देवीपुरा इलाके से एक किशोरी तड़के 3 बजे अचानक परिजनों को बगैर कुछ बताए घर से लापता हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। खड़कपुर देवीपुरा निवासी एक महिला ने घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 जून की सुबह लगभग 3:00 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं लापता हो गई। महिला ने पुलिस को बताया कि तमाम संभावित स्थानों पर तलाश के बाद भी किशोरी का कहीं पता नहीं चला है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की गुमशुदगी दर्ज कर ली।

### पुलिस ने किये चार वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वारण्टियों की धरपकड़ हेतु चलाये गये अभियान के तहत कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर जमानतीय आदेशिकाओं के अनुपालन में आज चार वारण्टी जो काफी समय से फरार चल रहे थे, को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार वारण्टियों में कमल उर्फ चीनू पुत्र हरपाल सिंह निवासी मौहल्ला नत्था सिंह जसपुर, कुलदीप सिंह पुत्र मेजर सिंह निवासी दोहरी वकील कुण्डेश्वरी काशीपुर, हरविन्दर सिंह उर्फ कालू पुत्र परमजीत सिंह निवासी रम्पुरा काशीपुर वअर्जुन सिंह पुत्र दिलबाग सिंह निवासी गुलजारपुर कुण्डेश्वरी काशीपुर हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह, मनोज धौनी, संतोष देवरानी व कां. मुकेश कुमार, सुनील कुमार व सचिन कुमार शामिल हैं।

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लाखों रुपये की ठगी

**काशीपुर।** टेलीग्राम पर वर्क फॉम होम का मैसेज भेजकर भरोसे में लेने के बाद साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से लाखों रूपये की ठगी कर ली। आदर्श नगर कॉलोनी, आकांक्षा मार्बल के समीप काशीपुर निवासी अमित कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके टेलीग्राम पर कुछ समय पूर्व वर्क फॉम होम का विज्ञापन भेजा गया। क्लिक करने के उपरांत कुछ फॉर्मेलिटी के बाद चैटिंग शुरू हो गई। सहमति देने के बाद लिंक के माध्यम से पी ए एम पी गोल्ड मिंटेड सुपर कॉइन से जोड़ दिया गया। एडमिन ने खुद को रिसेप्शनिस्ट बताया। शुरू शुरू में लाभ हानि की जानकारी देकर प्रॉफिट के स्क्रीनशॉट शेयर किए जाने लगे। छोटे-छोटे विज्ञापन देखने के बदले विश्वास में लेने के लिए कुछ धनराशि अकाउंट में डाली गई। भरोसा होने पर इन्वेस्टमेंट के नाम पर अलग-अलग बैंकों में पैसे डाल दिए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि प्रॉफिट अमाउंट देखने के बाद जब उसने बैंक में विड्रोल लगाया तो प्रोसेसिंग चार्ज और जीएसटी मांगने पर माथा ठनक गया। टेलीग्राम पर वर्क फ्रॉम होम का लिंक भेज कर प्रलोभन देते हुए उसके साथ 12,65209 रुपए ठगी की गई। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### पंतनगर विवि के तीन छात्रों का चयन

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के बी.टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) के छात्र आयुष सिरोला, अर्चना और आयुष कुमार का चयन प्रतिष्ठित सीआईई ऑटोमोटिव कंपनी में हुआ है। चयन बेसिक एप्टीट्यूड, साइकोमेट्रिक टेस्ट और साक्षात्कार के आधार पर हुआ। चयनित छात्रों को प्रशिक्षण उपरांत रुपये 6 लाख वार्षिक वेतन और अन्य सुविधाएं प्राप्त होंगी। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक डा. एमएस नेगी और सह-निदेशक डा. गीता पाठक ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

### आचार्य मासिक अभ्यास प्रारंभ

**बागेश्वर।** एकल अभियान के तहत कपकोट, शामा, तप्तकुंड, हरसीला, रीमा, दोफड़, रवाईखल क्षेत्र के एकल शिक्षकों का 10 दिवसीय आचार्य मासिक अभ्यास वर्ग शुरू हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानी ने सभी से प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण के उपरांत एकल अभियान के एक आचार्य के रूप में अपने-अपने गांव विद्यालय को संगठित करेंगे किया जाएगा। साथ हो संगठन के कार्य को मजबूत दिलाई जाएगी। बागेश्वर अंचल के महिला समिति खष्टी कोरंगा एवं अंचल कार्यकारिणी सदस्य इंद्र प्रसाद, संच रवाईखाल के संच समिति संजय सिंह ने कार्यशाला के महत्व के बारे में बताया। कहा कि अपने गांव में एकल विद्यालय के माध्यम से गांव की महिलाओं को संगठित करें।

# शांतिपुरी में कृषि मंत्री गणेश जोशी की चौपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

शांतिपुरी। शांतिपुरी में भारत सरकार के विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आयोजित बुधवार को किसान चौपाल को संबोधित

**किसानों की समस्याएं सुनीं, समाधान का भरोसा दिलाया**



करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने वैज्ञानिकों से अत्याधुनिक कृषि तकनीक को किसानों के खेत तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें खुशहाल बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने विशेष रूप से प्रत्येक पंचायत स्तर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम संचालित किया है। जिसके माध्यम से लगातार हमारे विशेषज्ञ कृषि वैज्ञानिक किसानों तक विक. सित कृषि तकनीक को पहुंचा रहे हैं। कृषि मंत्री जोशी ने इस संबंध में किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी।

उन्होंने कृषि बागवानी में सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों से जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने किसान चौपाल में आवारा गोवंशीय पशुओं की समस्या उठाने वाले किसानों को भरोसा दिया कि जल्द ही सरकार किसानों को उनकी फसल सुरक्षा हेतु तार बाढ़ लगाने के लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था कर उन्हें आर्थिक मदद करने जा रही है। कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने दुनिया में अपनी अलग पहचान रखने वाले पंतनगर यूनिवर्सिटी की सिडकुल को दी गई आठ सौ एकड़ भूमि का मुआवजा विश्वविद्यालय को दिलाने, यूनिवर्सिटी कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं का निस्तारण करवाने तथा हवाई अडे के विस्तारीकरण के एवज में हस्तांतरित 1100 एकड़ भूमि का मुआवजा यूनिवर्सिटी को दिलाकर विश्वविद्यालय को आर्थिक संकट से उबारने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व में सिडकुल की स्थापना के समय पं. नारायण दत्त तिवारी ने तीन सौ नये पद सृजित कर एक एकमुश्त एफडीआर विश्वविद्यालय के नाम की थी। जिससे विश्वविद्यालय आज भी अपने खर्चे चला रही है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंतनगर में हवाई अड्डा विस्तारीकरण के दायरे में आ रहे कृषि शोध संस्थानों का मुआवजा निर्धारण कर प्रभावित शोध संस्थानों को पुन: स्थापित कराने की मांग की।

सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी ने रूद्रपुर में सीएसडी कैंटीन खुलवाने, प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा ने सार्वजनिक खेल मैदान में पहा नदी किनारे पीचिंग के साथ जालीदार स्टील फैंसिंग लगवाने तथा महिला कलस्टर भवानी टाकुली व भाजपा मण्डल महामंत्री गंगा सिंह पपोला ने क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसानों की फसल एवं लोगों की जानमाल की सुरक्षा का निदान करवाने हेतु ज्ञापन सोंपे। इस दौरान गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि विवविद्यालय पंतनगर के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री विवेक सक्सेना, रुद्रपुर महानगर पालिका के मेयर विकास शर्मा, एसडीएमत किच्छा कौस्तुभ मिश्रा, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी, पूर्व प्रधान धनानंद तिवारी, प्रधान विमला कैलाश जोशी, महिला समूह की अध्यक्षा कविता तिवारी, भवानी टाकुली, दीपा जोशी, मण्डल अध्यक्ष पिंकी डिमरी व किसान मौजूद रहे।

### बारिश तो हुई, लेकिन मन प्यासे रह गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिले में बुधवार की सुबह से ही झमाझम बारिश हुई। नगर मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में रुक-रुक कर हुई बारिश से और अधिक उमस बढ़ा दी है। लोगों को उम्मीद थी कि बारिश दोपहर तक रहेगी। पिछले दिनों से हो रही भीषण गर्मी से निजात मिल पायेगा। लेकिन मनचाहा नहीं हुआ। बारिश सुबह की पाली में हुई। जैसे ही दिन चढ़ा फिर गर्मी और उमस से लोगों का रहना मुश्किल हो गया। वही ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी बारिश हुई है। कपकोट, कांडा, शामा, गरुड़ में बारिश के बाद किसानों ने राहत की सांस ली है। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में नमी लौटने लगी है और किसानों ने धान, मक्का जैसी खरीफ फसलों की बुआई की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिन लोगों ने पहले बुआई कर ली थी वो गुड़ाई में जुट गए है अब अच्छी पैदावार की उम्मीद है। वही मुख्य कृषि अधिकारी राजेंद्र उप्रेती ने बताया कि बारिश होने के साथ खरीफ की फसलों को काफी लाभ होगा।

# अवैध लीसा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पुलिस ने 160 टिन अवैध लीसे के साथ तस्करी के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके पर तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को सीज



कर तस्कर के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अल्मोड़ा-कोसी मोटर मार्ग के केंद्रीय विद्यालय के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान ट्रक संख्या यूके 04 सीए 4276 को रोका गया। सघनता से चेक करने पर ट्रक के अंदर बने केबिन बना पाया गया। जिसमें लीसे के 160 टिन बरामद हुए। मौके पर पुलिस ने तस्करी में शामिल ट्रक चालक दीपक कुमार आर्या (37) वर्ष पुत्र दीवानी राम, निवासी ग्राम विजयपुर थाना द्वाराहाट, अल्मोड़ा। हाल निवासी मुरारजीनगर केयर ऑफ लाल भोज हल्द्वानी को गिरफ्तार किया गया। साथ ही अवैध लीसे को सील कर चालक के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी टीम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी, बेस चौकी प्रभारी बृजमोहन भट्ट, कांस्टेल सुंदर लाल, राजेश भट्ट, राकेश भट्ट, हरीश प्रसाद शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास में वांछित दो युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के



तहत काशीपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। बीती 21 मई को काशीपुर कोतवाली में सरजीत सिंह पुत्र सोमपाल सिंह निवासी मौहल्ला कटरामालियान, काशीपुर द्वारा एक तहरीर देकर बताया गया था कि 19 मई की रात्रि लगभग 9 बजे उसके भाई नवीन कुमार को वंश और उसके साथियों ने कलश मंडप रोड, रॉयल एन्क्लेव के पास पकड़कर मारपीट की। इसके बाद वे नवीन को अलीगंज रोड होते हुए दड़ियाल फाटक के पास एक अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल में खाली प्लॉट के पास ले गए, जहां उन्होंने जान से मारने की नियत से नवीन के सिर पर धारदार हथियार से वार किया और उसे मरा हुआ समझकर छोड़ दिया। इस संबंध में कोतवाली काशीपुर में धारा 126(2), 109, 352 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान 04 अन्य अभियुक्तों की संलिप्तता भी सामने आई, जिसके परिणामस्वरूप अभियोग में धारा 190/191(2)/191(3)/351(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में, फरार चल रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में गत दिवस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए, पुलिस टीम ने कब्रिस्तान को जाने वाले टूटे हुए गेट के पास, चौकी बांसफौड़ान क्षेत्र से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमन पुत्र जयदेव निवासी कलश मंडप रोड, थाना काशीपुर और रोहन पुत्र जयदेव निवासी उपरोक्त के रूप में हुई है। अभियुक्त अमन के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया, जबकि अभियुक्त रोहन के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर कोतवाली काशीपुर में धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है। साथ ही, इन अभियुक्तों को पूर्व में धारा-126(2)/109/352/190/191 (2)/191(3)/351(2) बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास है। कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमर चंद शर्मा, उपनिरीक्षक सुनील सुतैड़ी व गणेश पाण्डेय, कांस्टेबल दिनेश त्यागी, देव गिरी, कैलाश तोमक्याल एसओजी थे।

# 'भवनों को ध्वस्त करने में धांधली की गई'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शान्तिपुरी।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एवं पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने कृषि मंत्री गणेश जोशी

**न्यायिक जांच के लिए कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन**



से एक कृषि कार्यक्रम के दौरान भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने तराई विकास निगम, पंतनगर के भवनों के ध्वस्तीकरण में हुई अनियमितताओं की न्यायिक अथवा सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की। आरोप लगाया कि पंतनगर में प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार के नाम पर तराई विकास निगम के कार्यालयों और भवनों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया में भारी धांधली की गई है। उन्होंने बताया कि भवनों को ध्वस्त करने के लिए निजी एजेंसी का अनुमानित लागत मूल्य लगभग 12 करोड़ आंका गया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे घटाकर मात्र 4.70 करोड़ कर दिया गया और फिर कथित सांठगांठ के तहत कार्य एक विशेष व्यक्ति को सौंप दिया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि तराई विकास निगम की स्थापना के समय लगभग 400 कार्मिक कार्यरत थे, लेकिन अब केवल 135 कर्मचारी शेष हैं, जिनमें 21 उपनल के माध्यम से कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानांतरण के एवज में तराई विकास निगम को 15 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाए और पुनर्वास हेतु 35 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जाए। डा. उपाध्याय ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि बजट 2025 में किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि डबल इंजन सरकार की बात करते हुए इस मुद्दे को केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर विधायक तिल. कराज बेहड़, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, रुद्रपुर नगर निगम के मेयर विकास शर्मा, पंतनगर विश्वविद्यालय के कुलपति एमएम चौहान, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष उधम सिंह, एडवोकेट राजेंद्र शर्मा और किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री महिपाल सिंह बोरा सहित कई जनप्रतिनिधि थे।

# चुनाव को पर्वतीय क्षेत्रों के अनुरूप बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** दुग्ध विकास संगठन ने दुग्ध समितियों की चुनाव प्रक्रिया को पर्वतीय क्षेत्रों के अनुरूप बनाए जाने की मांग की है। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर चुनावों के बहिष्कार का ऐलान किया है। दुग्ध विकास संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने कहा कि दुग्ध सहका. रिता के लिए सरकार की ओर से बार-बार नियम बदलें जा रहे हैं। बार-बार नियम बदलने से दुग्ध समितियों की प्रबंध कमेटियां अस्थिर हो रही हैं। कहा कि इस कारण पांच वर्ष के लिए चुनी गई कमेटियां एक वर्ष में ही भंग कर दी जा रही है। एक वर्ष बाद ही उन समितियों में फिर से चुनाव थोप दिया जा रहा है। कहा कि सरकार के नीति निर्मता पर्वतीय क्षेत्रों की स्थिति से अवगत नहीं हैं, जिस कारण ऐसे नियम बना रहे हैं। जिनसे आने वाले समय में पर्वतीय क्षेत्रों में दुग्ध समितियों में चुनाव नहीं हो पायेंगे। सहकारिता का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। कहा कि विगत कुछ वर्षों में सरकार की ओर से प्रबंध प्रवंध कमेटी की सदस्यता के लिए आवेदन शुल्क भी बढ़ा दिया गया है। ऐसे में यदि चुनाव प्रतिवर्ष होने लगे तो कोई भी गरीब दुग्ध उत्पादक चुनाव में भागीदारी नहीं कर पाएगा। सरकार को चुनाव प्रक्रिया का पूरा खर्च सदस्यों के आवेदन शुल्क सहित स्वयं करना चाहिए।

# बिरला में दो दिवसीय टीओटी कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** बिरला विद्या मंदिर नैनीताल में दो दिवसीय प्रशिक्षक के प्रशिक्षण (टीओटी) प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को जमीनी स्तर पर लागू करना और 2047 तक भारत के लिए कुशल व सक्षम और उपयुक्त शिक्षित नागरिक तैयार करना था। बता दें कि सीबीएसई ने टीओटी के लिए राष्ट्रीय स्टार पर 15000 संसाधन व्यक्ति (रिसोर्स पर्सन) बनाए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने उद्घाटन समारोह में सभी विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभागी शिक्षकों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई द्वारा आयोजित यह दो दिवसीय कार्यक्रम शिक्षकों को निश्चित ही लाभान्वित करेगा। इस अवसर पर मुख्य संसाधन व्यक्तियों के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरियल ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट से शरद नौटियाल और विपिन भार्गव तथा साथ ही सीबीएसई की संयुक्त सचिव रमनदीप कौर ने कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य एवं सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में रमनदीप कौर ने सीबीएसई के डायरेक्टर (ट्रेनिंग) का सन्देश सभी प्रतिभागियों के सम्मुख रखा। शरद नौटियाल और विपिन भार्गव ने प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य पहलुओं से अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि यह टीओटी प्रमाणन कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कदम है जो शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण तकनीकों से परिचित कराने और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करेगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना कीए जिनके सामूहिक प्रयासों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया।



# कटारमल में बाइक सवारों पर झपटा गुलदार

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को कोसी-रानीखेत मोटर मार्ग के कटारमल के पास दो बाइक सवारों पर घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। हमले में बाइक चला रहा चालक घायल हो गया। किसी तरह हो हल्ला करने पर गुलदार वहां से भाग निकला। मिली जानकारी अनुसार बुधवार को अल्मोड़ा से रानीखेत को निकले बाइक सवारों पर कटारमल के समीप घात लगाए गुलदार ने हमला कर दिया। इस हमले में बाइक चला रहे है, मूलरूप से बिहार निवासी राकेश साह घायल हो गए। उनके साथी खत्याड़ी निवासी भूपेंद्र लाल बाइक से गिरने के चलते घायल हो गए। गनीमत रही कि हो हल्ला करने के बाद गुलदार वहां से भाग खड़ा हुआ। वहीं गुलदार के हमले में घायल चालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में चिकित्सकों ने घायल का उपचार किया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डा. प्रधान ने बताया कि घायल के पैर में पांच टांके आए हैं। इधर, सूचना के बाद वन विभाग के कर्मचारी भी अस्पताल पहुंचे। घायल का हालचाल जाना। रेंजर मोहन राम ने बताया कि सूचना मिली है, गुलदार का हमला है या नहीं जांच के बाद पता चलेगा। जिला अस्पताल में कर्मचारी को भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई जांच के बाद की जाएगी।

# हल्दूचौड़ में कृषि जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधावार को हल्द्वानी विकासखंड के अटल आदर्श इंटर कॉलेज, हल्दुचौड़ में एक दिवसीय कृषि जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोहित दुमका ने की। कार्यक्रम में कषि विज्ञान केंद्र ज्योलीकोट की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।




वहीं डा. सुधा जूकारिया ने कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से आय वृद्धि के उपाय साझा किए। डा. बलवान सिंह ने पशुपालकों को जानवरों में होने वाली बीमारियों और उनके उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की। इस दौरान प्रभारी मुख्य कृषि अधिकारी रीतु टमटा ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा उनसे योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में कृषि विभाग एवं अन्य रेखीय विभागों द्वारा अपने-अपने उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया, जिससे किसानों को नई तकनीकों और संसाधनों से अवगत कराया गया। कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिक. ारी पूजा पुनेड़ा ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं उर्वरक प्रबंधन के महत्व पर जागरूक किया। इस अवसर पर राजकुमार फुलारा, डीके दुमका, भास्कर भट्ट, हेमंत विष्ट, मोहन लोशाली, अनिल पांडे, अमित त्यागी, हरिश्चंद्र जोशी, डीएस रैकुनी सहित कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एनएचआई ने आठ बालिकाओं को तकनीकी पढ़ाई के लिए गोद लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट ने इस बार भी अल्मोड़ा से आठ बालिकाओं को उच्च तकनीकी पढ़ाई के लिए गोद लिया है। इन बालिकाओं में सात बालि. का सदन की और एक बालिका वहीं कार्यरत कार्मिक की हैं। एनएचआई के निदेशक डा. ओपी यादव के दिशा निर्देशन में अब तक बालिका सदन से चार बैच को तकनीकी पढ़ाई के लिए गोद लिया जा चुका है। कुल चा बैचों में तीस बालि. काएं योग, नर्सिंग और अन्य रोजगार परक पाठ्यक्रमों के माध्यम से अपनी पढ़ाई कर चुकी हैं। जबकि पांच बालिकाओं की पढ़ाई पूरी करने के बाद जॉब लग चुकी है। बीते दिनों अल्मोड़ा से आठ बालिकाओं का बैच बालिका सदन की अधीक्षिका मंजू उपाध्याय के साथ एनएचआई पहुंचा। केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भी नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट के इस मानवीय पहल की सराहना की। कहा कि एनएचआई के निदेश डा. ओपी यादव ने एक अभिभावक की तरह बालिकाओं की देखरेख और तकनीकी पढ़ाई में पूर्ण सहयोग देकर सराहनीय पहल की है। जो भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा।



# गैर इरादतन हत्या का आरोपी धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय ने पेश कर जेल भेजा गया है। बता दें कि 7 जून को कोतवाली बागेश्वर में वादिनि द्वारा लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में वादिनि ने बताया कि 1 जून को गौरव कुमार उर्फ गोलू पुत्र रमेश राम निवासी ग्राम भूल्यूट मंडलशेरा बागेश्वर ने उसके पुत्र दीपक रौतेला उम्र 24 वर्ष के साथ मार-पीट कर गाढ़ गांव को जाने वाले पैदल पुल से जान से मारने की नीयत से नीचे गधेरे में धक्का दे दिया। जिससे उसके बेटे के सिर, गर्दन एवं कमर में गंभीर चोटे आ गई।




जिसका बरेली राधिका सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर कोतवाली बागेश्वर में मु.अ.सं.-40/25 धारा 110 बीएनएस बनाम गौरव उर्फ गोलू पंजीकृत किया गया। घटना के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल के आसपास व आने-जाने वाले रास्ते की सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चैक किये गये। अभियुक्त अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिये पुलिस को चकमा देकर लगातार अपना स्थान बदल रहा था। उधर घायल का दीपक का बीते 8 जून को उपचार के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद पुलिस ने मामले में मु.अ.स. 40/25 में धारा 110 बीएनएस को 105 बीएनएस में बढ़ोतरी की गई। वहीं मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने मंगलवार देर शाम गिरफ्तार किया गया। बुधवार को अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

### जीएस मर्तोलिया आज जनपद भ्रमण पर

**बागेश्वर।** जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय लघु सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष गणेश सिंह भंडारी और उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया जनपद के दौरे पर रहेंगे। राज्य स्तरीय लघु सिंचाई सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष गणेश सिंह भंडारी कल, 12 जून को बागेश्वर पहुँचेंगे। वे सुबह 7 बजे पिथौरागढ़ से चलकर 11 बजे बागेश्वर के भाजपा कार्यालय में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 2 बजे उपाध्यक्ष लघु सिंचाई कार्यालय में अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। शाम 4 बजे वे पिथौरागढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया 13 जून को बागेश्वर पहुँचेंगे।

# आधुनिक कृषि को जाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय की वैज्ञानिक टीम ने सितारगंज ब्लॉक के गोविंदपुर, मलपुरा और हल्दुवा कल्याणपुर गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में किसानों को उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन व डिजिटल मार्केटिंग की जानकारी दी गई। डा. बीडी सिंह ने टिकाऊ खेती और मौसम आधारित कृषि पर जोर दिया, जबकि डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने महिलाओं को कृषि उद्यमिता और सोशल मीडिया के उपयोग के लिए प्रेरित किया। डा. स्वाति ने उन्नत बीज तकनीकों व फसल प्रबंधन पर जानकारी साझा की। किसानों ने कार्यक्रम को लाभकारी बताया और इसे नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

# कुविवि में नवोन्मेषी ऊर्जा रणनीति

## विभागीय भवनों की छत पर रूफ टफ सोलर पैनलों की स्थापना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने नवोन्मेषी ऊर्जा रणनीति के अंतर्गत एक व्यापक सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना की है जो हरित ऊर्जा की दिशा में विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का परिचायक है। उत्तराखंड अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के सहयोग से यह परियोजना विभिन्न विभागीय भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से क्रियान्वित की गई है। वर्तमान में विश्वविद्यालय परिसर में लगभग 788 किलोवाट विद्युत उत्पादन की सौर क्षमता स्थापित की जा चुकी है। बता दें कि इस परियोजना के अंतर्गत प्रशासनिक भवन में 150 किलोवाट, हरमिटेज भवन में 152किलोवाट, डीएसबी परिसर में 393 किलोवाट, भूविज्ञान



विभाग में 40 किलोवाट, नैनो साइंस विभाग में 25 किलोवाट तथा रसायन विभाग में 20 किलोवाट सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए हैं। एक सामान्य सोलर यूनिट द्वारा औसतन 500 वॉट विद्युत उत्पादन होता है। इस प्रकार केवल 150 किलोवाट क्षमता के लिए लगभग 300 पैनलों की आवश्यकता होती है। उत्पादित विद्युत को ग्रिड के माध्यम से विद्युत विभाग को प्रेषित किया जाता है जिससे सतत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित होती है, साथ ही विभागीय खपत के आधार पर विश्वविद्यालय को विद्युत बिल में नियमानुसार समुचित छूट प्राप्त होती है। यह प्रणाली न केवल आर्थिक दृष्टि से लाभकारी हैए बल्कि विश्वविद्यालय को दीर्घकालिक ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी अग्रसर करती है। इस अभिनव पहल के मूल में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत का दूरदर्शी एवं नवाचारी नेतृत्व है। प्रो. रावत की प्रेरणादायी सोच तथा प्रशासनिक सक्रियता एवं पर्यावरणीय संवे. दनशीलता ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को साकार रूप दिया। उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय परिसर अब न केवल स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बनेगा बल्कि यह मॉडल शैक्षणिक संस्थानों हेतु अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा। प्रो. रावत ने कहा कि इस परियोजना से न केवल संस्थान के ऊर्जा व्यय में दीर्घकालीन कमी आएगी बल्कि यह पर्यावरणीय संरक्षण एवं टिकाऊ विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति में भी सहायक सिद्ध होगी। यह पहल उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका को ऊर्जा एवं पर्यावरणीय नीति निर्माण में एक सशक्त भागीदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# प्रोफेसर मिश्रा के निधन पर कुविवि में शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पूर्व प्राध्यापक प्रो. आरसीएस मिश्र (67) के निधन पर विश्वविद्यालय परिवार ने गहरा शोक व्यक्त किया है। कुवि. वि परिवार के मुताबित प्रो. मिश्र न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक एवं प्रशासक रहे बल्कि उन्होंने विश्व. विद्यालय की अकादमिक एवं प्रशासनिक विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रो. मिश्र कॉमर्स विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत रहे और परीक्षा नियंत्रक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वे इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिसी स्टडीज एंड रिसर्च के निदेशक भी रहे तथा अपने कार्यकाल के दौरान अकादमिक नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाई। सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्होंने उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय में कुलसचिव सहित अनेक प्रशासनिक पदों पर भी कुशलतापूर्वक कार्य किया। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि प्रो. मिश्र जैसे विद्वान, अनुशासित एवं समर्पित शिक्षक का जाना उच्च शिक्षा के लिए एक अपूरणीय क्षति है। प्रो. मिश्र को एक गंभीर शिक्षाविद्, कुशल वक्ता, मार्गदर्शक एवं उच्च स्तरीय अकाद. मिक सोच रखने वाले व्यक्ति के रूप में स्मरण किया जाता है। इस दुखद अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, डीन अकादमिक्स प्रो. संतोष कुमार समेत प्रो. अतुल जोशी, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. संजय पंत, प्रो. हरीश बिष्ट समेत कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, महासचिव डा. विजय कुमार समेत प्रो. एनजी साहू, डा. रीतेश साह, डा. महेन्द्र सिंह राणा सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त की।

## एक नजर

### शराब के नशे में स्कूटी दौड़ाने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी देवेंद्र पींचा ने सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। मिली जानकारी के अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस टीम ने मंगलवार देर शाम टैक्सी स्टैंड तिराहे के समीप चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वाहन संख्या यूके 01 डी 6403 का चालक गिरिराज सिंह नेगी निवासी पौड़ी गढ़वाल शराब के नशे में खतरनाक तरीके से वाहन को चलाते हुए पाया गया। चालक को मोटरवाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। साथ ही डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है।

### नियमितिकरण के लिए जारी है पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 341वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत कानपुर से आए पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ते हुए मानसरोवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

### एकजुट होकर करेंगे कांग्रेस को मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लॉक के ज्योलीकोट के दुरुस्त क्षेत्र ज्योली में बुधवार को जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट एवं भीमताल की पालिकाध्यक्ष सीमा टम्टा का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती बिष्ट ने कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस देश में कांग्रेस द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताते हुए उन्होंने महिला कांग्रेस को संगठित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने को कहा। इस अवसर पर सर्व सहमति सेमहिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भीमताल पार्वती पांडे प्रेमा निर्वाचित हुई। भीमताल नगर पालिका की अध्यक्ष सीमा टम्टा ने नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष को बधाई देते हुए संगठन और कांग्रेस की नीतियों को आगे बढ़ाने को कहा। सर्व समिति से सभी महिलाओं ने पार्वती पांडे उर्फ प्रेमा का फूल माला पहन कर स्वागत किया। बैठक में पूर्व पालिकाध्यक्ष भीमताल दीपक चनौतिया, सभासद शुभम नैनवाल, जानकी आर्य, सरिता रानी, मुन्नी पांडे, हीरा देवी, राजेश्वरी पांडे, भावना, मनीषा पांडे, मुन्नी जोशी, भगवती, गीता देवी, प्रेम पांडे, धनी दुम्का, सीमा व सरिता देवी आदि कांग्रेसी महिलाएं उपस्थित थी।

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** सीईएलआर फाउंडेशन द्वारा जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती अधौड़ा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में फाउंडेशन की टीम द्वारा बच्चों को जरुरी सामग्री वितरित की और उनके साथ बातचीत की तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी जीवंती गोस्वामी, नवल किशोर त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद, पंकज कुमार, ज्योति दुर्गापाल, सोनिया पांडे, गीतांजली चंद और वरिष्ठ पत्रकार अंचल पंत तथा फोटोग्राफर प्रियांशु प्रसाद मौजूद रहे। इसके अलावा टीम द्वारा पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल से शिष्टाचार भेंट की और कूड़ेदान और कूड़े की समस्याओं के संबंध में चर्चा की एवं उनसे आग्रह किया कि वे इस समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे चिन्हित स्थानों पर कूड़े की व्यवस्था को ठीक करवाएंगी। सारिका का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रमों से हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

### इग्नू की सत्रांत परीक्षाएं आज से होंगी शुरू

**नैनीताल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की जून की सत्रांत परीक्षा 12 जून आज से शुरू होगी और 19 जुलाई शनिवार को समाप्त होगी। कुविवि के डीएसबी परिसर के इगनू के मुख्य समन्वयक प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिन शिक्षार्थियों ने परीक्षा फार्म भरा था वे इग्नू के समर्थ स्टूडेंट पोर्टल से अपना हॉल टिकट एवं आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। दूसरी ओर इगनू के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के अंतर्गत उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में कुल 11818 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला देहरादून में कुल 4 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डोईवाला, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज डाकपत्थर एवं सीबीटी मोड में परीक्षा के लिए राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान निरंजनपुर, देहरादून शामिल हैं। देहरादून के अलावा उत्तरकाशी, अगस्त्यमुनि, गोपेश्वर, श्रीनगर, कोटद्वार, नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर, काशीपुर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ व चंपावत और बागेश्वर में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### नव गठित कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा

**नैनीताल।** अधिवक्ता परिषद हाईकोर्ट इकाई की बैठक बुधवार को परिषद के प्रदेश अध्यक्ष जानकी सूर्या व प्रदेश मंत्री संजय सिंह की मौजूदगी में आयोजित की गयी। बैठक में उच्च न्यायालय अधिवक्ता परिषद की नव गठित कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की गयी। इसमें लोकेंद्र डोभाल को अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह अधिकारी को कार्यकारी अध्यक्ष, अनिल कुमार जोशी को महामंत्री, कौशल साह जगाती को कोषाध्यक्ष, सीमा साह, राजेश शर्मा व पीयूष गर्ग को उपाध्यक्ष घोषित किया गया। इसके अलावा अनमोल संधू, सुनील उपाध्याय, महावीर को. हली, अमन जोत चड्ढा को मंत्री का दायित्व सौपा गया। बैठक में कुछ अन्य पदों की भी घोषणा की गयी। बैठक में अन्य लोगों के साथ ही हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के महासं. चव वीरेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

# मुहर्रम का चांद 26 को दिखेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मुहर्रम कमेटी की बैठक सदर नाजिम बक्श की सदारत में रजा क्लब मल्लीताल में हुई जिसमें तय हुआ कि इस बार रजा क्लब इमाम बाड़ा में ताजिये का काम जल्द शुरू किया जाएगा और मुहर्रम का चाँद 26 जून वीरवार को दिखेगा व 27 जून शुक्रवार को चांद की 1 तारीख होंगी चाँद देखने के बाद सूखाताल स्थित कर्बला व इमाम बाड़ा तथा रजा क्लब मल्लीताल में परचम लगाया जायेगा ओर चाँद की एक तारीख से 8 मुहर्रम तक घरों मे जिक्र ए हुसैन की महफिल होंगी। बैठक में तय किया गया कि मुहर्रम माह की 7 तारीख को जुलुस ए अलम निकला जाएगा, जो रॉयल होटल से निकल कर इंद्रा मार्किट से होते हुए बड़ा बाजार से वापस इमामबाड़ा रजा क्लब में संपन्न होगा उसके बाद रजा क्लब मल्लीताल में जिक्र ए हुसैन किया जायेगा ओर मुहर्रम की 9 तारीख को दिन में लंगर यानि भंडरा होगा ओर शाम को मगरिब के बाद ताजियों का जुलुस अपने निर्धारित मार्ग पर निकलेगा जो की इमामबाड़ा रजा क्लब में संपन्न होगा। इसके बाद मुहर्रम की 10 तारीख यौमे अशुरा के दिन में ताजियों का मुख्य जुलुस तहे निशान ढोल ताशों व अखाड़ा के साथ रॉयल होटल से शुरू होगा जोकि इंद्रा मार्किट, बेकरी कंपाउंड से रजा क्लब मल्लीताल पहुंचेगा जहां से फिर तजियों के साथ अपने निर्धारित मार्ग अंडा मार्किट, जय लाल शाह बाजार, सैयद रैस्टोरेंट से वापस, बीच का बाजार, खड़ी बाजार, गारी पड़ाव से मल्लीताल कोतवाली वहां से वापस शारदा संघ, पुराना घोड़ा स्टैंड से गोल घर, बड़ा बाजार से इंद्रा मार्किट से रॉयल होटल, नैनीताल क्लब, चीना बाबा, हाई कोर्ट से होते हुए देर रात सूखाताल इस्थित कर्बला में सम्पन होगा ओर वहां पर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जायेगा।

# वर्षा ने बनाई थी सबसे बढ़िया पेंटिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रतिष्ठित सेंट जोन्स स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की बुधवार को स्कूल प्रबंधन की ओर से घोषणा




की गयी। घोषणा के बाद आयोजित समारोह में विजयी छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष कविता गंगोला ने पुरस्कृत किया। गंगोला ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति बच्चों की जागरूकता अत्यंत सराहनीय है और ऐसे आयोजनों से बच्चों में प्रकृति के संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में उनके साथ भाजपा की कर्मठ कार्यकर्ता मीरा बिष्ट भी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई थी जिसमें सीनियर श्रेणी में वर्षा आर्या प्रथम, अराध्या चौनियाल द्वितीय रही। मिडिल श्रेणी में रियांशी राज प्रथम तथा मनप्रीत रेखाकोटी द्वितीय एवं क्रियान्स वशिष्ठ एवं हितांशा वर्मा तृतीय रहे। जूनियर श्रेणी में वंश आर्या प्रथम, संध्या द्वितीय एवं लक्षिता मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे, साथ ही रियांश भट्ट, चैतन्य जोशी एवं युवान डालाकोटी को सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या पूनम बिष्ट ने विजेताओं को बधाई दी और सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में कलात्मकता के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति चेतना भी बढ़ाती हैं। कार्यक्रम का संचालन ज्योति त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में ज्योति त्रिपाठी,अनीता बोरा,आशा जोशी, किरन मेर, लता फर्त्याल, रुचि साह, मोनिका वर्मा, पल्लवी जोशी, दिया आर्या, विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट, पूनम, रेणु बिष्ट, मनोज कुमार एवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# भागवत कथा को विराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित गोलू देवता मंदिर परिसर में चल रहे सात दिनी श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को विधिवत धार्मिक अनुष्ठानों के साथ



समापन हुआ। इस दौरान आयोजक आचार्य राकेश तिवारी ने बताया कि यह धार्मिक कार्यक्रम वर्ष 1988 से 2019 तक निरंतर 32 वर्षो तक चलते रहा वहीं 2020 में कोविड-19 के चलते कार्यक्रम अवरुद्ध रहा। इस वर्ष से दोबारा इस कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया है। बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जून से किया गया और बुधवार को इसका समापन हो गया। आचार्य कैलाश चंद्र सुयाल ने भागवत कथा संपन्न कराई और इससे पूर्व सुबह गणेश पूजन, पंचागी कर्म के बाद हवन, पूर्णाहूति तथा व्यास पूजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान काशी से आए पंडित परमात्मा राम दुबे, रजनीश मिश्रा, प्रशांत तिवारी, बलराम दुबे, संयोजक सूरदास रामायणी, श्री गोलू देवता मंदिर के संस्थापक सदस्य भीम सिंह कार्की, विमल चौधरी, बृज मोहन जोशी, भुवन बवाड़ी, मनोज जोशी, मंजू रौतेला, रमेश काण्डपाल, सनी राठौर, शेखरानन्द त्रिपाठी, चन्दन मेहरा, उमापति जोशी, सरला जोशी, जगदीश सुयाल, घनश्याम ढोलगाई, सन्नू काण्डपाल, विपिन चंद्र, हरीश लाल साह, खजान सिंह डंगवाल, पूरन सिंह अधिकारी, सुमन साह, भगवान सिंह बोरा समेत अन्य भक्त लोग मौजूद रहे।

# पर्यावरण मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें: मकवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उपाध्यक्ष उत्तराखंड राज्य सफाई कर्मचारी आयोग एवं राज्य मंत्री भगवत प्रसाद मकवाना ने नैनीताल क्लब में समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण मित्रों को मिलने वाली सुविधाएं, वेतन एवं सुरक्षा उपकरण समय से देने के सख्त निर्देश दिए। मंत्री ने बैठक में अनुपस्थित और बिना तैयारी के आने वाले अधिकारियों पर नाजारगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने पालिका द्वारा 524 स्वच्छता कर्मचारियों के आवास खाली करने व किराया वसूलने के नोटिस जारी करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बिना ठोस कारण के नोटिस जारी न किए जाएं साथ ही बिना किसी नोटिस या स्पष्टीकरण के पर्यावरण मित्रो को न हटाने के निर्देश दिए।



उन्होंने मुख्य रूप कर्मचारियों को मिलने वाले पीएफ, ईएसआई और मानकों के अनुसार मिलने वाले वेतन की विस्तृत जानकारी ली। कहा कि सरकार की जन उपयोगी योजनाओं का लाभ सभी वर्ग के लोगों को पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं का लाभ सभी पर्यावरण मित्रों को मिले। उन्होंने समाज कल्याण, नगर निगम तथा पालिका समेत अन्य विभाग के अधिकारियों को माह में एक से तीन बार बहुउद्देशिय शिविर लगाने और व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए जिससे कर्मचारी अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके। कहा कि पर्यावरण मित्रों को समय से सभी सुरक्षा और बरसात से सभी सुरक्षा उपकरण देने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी नगर पालिका के अधिकारियों को मृतक आश्रितों को समय से नौकरी, सेवा निवृत्त को समय भुगतान देने के निर्देश दिए साथ ही उन्होंने कहा कि सभी नियमित कर्मचारियों के समय से गोल्डन कार्ड की प्रक्रिया हेतु सभी विभाग अपने स्तर से शिविर लगाकर कर कार्ड आदि बनाने का कार्य करें। इस दौरान नमस्ते योजना की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां पद के सापेक्ष कराएं। कहा कि नैनीताल में जल्द महर्षि वाल्मिकी चौक बनाया जाएगा जिस पर स्थानीय विधायक सरिता आर्य ने पंत पार्क में महर्षि वाल्मिकि चौक बनाने और विधायक निधि से मूर्ति बनाने की बात कही। इस दौरान अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, समाज कल्याण मोहम्मद चांद, ईओ नगर पालिका नैनीताल द्वितीय विनोद सिंह जीना, ईओ लालकुआं राहुल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष भवाली पंकज अद्वैती समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# भोटिया समुदाय ने बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल में तिब्बती व भोटिया समुदाय के लोगों ने बुधवार को बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनायी। इस मौके पर सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में दिनभर में कई विविध धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य व दिव्य तरीके से आयोजन किया गया। इसके साथ ही 28 से 30 हजार मछली के बीज जीवनदान के रुप में नैनीताल जिले की भीमताल झील में छोड़े गए। बता दें तिब्बती कैलेंडर के हिसाब से बुधवार को बुद्ध पूर्णिमा है, जो तिब्बती कैलेंडर के चौथे महीने के पूर्णिमा को हर साल मनाया जाता है। आज ही के दिन बुद्ध को 35 वर्ष के उम्र में प्रबोधन और 80 वर्ष के उम्र में महा परिनिर्वाण प्राप्त हुआ था। आज के दिन को महायान बौद्ध धर्म के अनुयायी बहुत ही पवित्र मानते हैं। यह माना जाता है



कि आज के किया गया पुन्य और पाप दोनों 500 गुना ज्यादा हो जाता है, इसलिए आज के दिन महायान बौद्ध धर्म के अनुयायी पुन्य के कार्य में लिप्त रहते हैं और पाप करने से बचते हैं। नैनीताल में बुधवार की सुबह करीब 9 बजे सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में तिब्बती और भोटिया समुदाय के लोगों ने विश्व शान्ति, जीवन चक्र से संबंधित सभी दुख और परेशानियों से मुक्ति और उद्धार के लिए तीन घंटे का पूजा अर्चना की। तिब्बती मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष येशी थुप्तेन, तिब्बती संघर्ष समिति के अध्यक्ष तेनजिन जिनपा तथा सचिव तेनजिन धोन्यो और स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष टाशी टॉपग्याल और जन संपर्क सचिव थुप्तेन नोरबू ने परम पवन दलाई लामा जी के दीर्घायु और मंगल स्वस्थ के लिए करीबन 28 से 30 हजार मछली के बीज को जीवन दान के रूप में भीमताल के झील में छोड़ा, जबकि सायं 7 बजे से देवी तारा का महा जाप जागरण शुरु हुआ जो वीरवार (आज) सुबह 5 बजे तक होगा। बुधवार को सामूहिक पूजा में स्थानीय तिब्बती युवा कांग्रेस के अध्यक्ष तेनजिन जिगमें, उपाध्यक्ष टाशी टॉपग्याल, येशी थुप्तेन, तेनं. जन छुलट्रिम, तेनजिन धोन्यो, डोल्मा छोए, छिरिंग यांगजोम, तिब्बती महिला संगठन के उपाध्यक्ष सोनम छोएडोन, सचिव रिंजिन छोएजोम, तेनजिन ल्हाडोन, छिरिंग पेलकी, केलसंग यांगडोन, सेवांग ल्हामो, केलसंग वांगमो, डोल्मा छोएजोम, लहाकपा गयालपो, तेनजिन लोडो, तेनजिन लोडो तथा थुप्तेन नोरबू आदि शामिल रहे।

# यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक के खिलाफ बॉबी पवार की जनहित याचिका खारिज

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निद. ेशक को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ टेंडर आबंटन में भ्रष्टाचार करने व आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता बॉबी पवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत सक्षम न्यायालय में जाने की छूट दी है। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने 6 जून वीरवार को यह निर्णय सुनाया। जनहित याचिका में बॉबी पवार का आरोप था कि उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने टेंडर आवंटन में भ्रष्टाचार किया है और आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इस संदर्भ में वर्ष 2018 में पावर ट्रांसमिशन कार्पोरेशन की एक जांच समिति की रिपोर्ट का हवाला भी याचिकाकर्ता द्वारा दिया गया। राज्य सरकार ने अदालत को अवगत कराया कि कार्मिक एवं सतर्कता विभाग ने 8 जुलाई 2024 को उक्त मामले में जांच बंद करने का निर्णय लिया है। महाधिवक्ता ने यह भी तर्क दिया कि याचिकाकर्ता स्वयं कई मामलों में आरोपी हैं। उन्होंने विधान सभा चुनाव भी लड़ा इसलिये यह याचिका जनहित की आड़ में 'पैसा वसूल' याचिका प्रतीत होती है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष संख्या: 0135–2763508, 2763808, फैक्स नं0 0135–2463507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: WWW. Uttarakahndjalvidyut.com
पत्रांक: 418 **निविदा सूचना** दिनांक 11.06.2025
कार्यालय (अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0–द्वितीय), लखवाड़ एम0पी0पी0 (300 मे0वा0) डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 02/अ0अभि0 (वि0 एवं या0.–द्वितीय)/एल0पी/2025–26
कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम –33/11 के0 वी0 लखवाड़ उपसंस्थान के कन्ट्रोल रूम में लिकेज उपचार एवं अन्य लघु कार्य।
अनुमानित लागत : 8,71,520.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 11.06.2025 15:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 01.07.2025 up to 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
अधि0 अभि0 (वि0 एवं या0–द्वितीय)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# शैक्षिक प्रतिभा का लोहा मनवाया

### कुविवि के विद्यार्थियों को मिले प्रशस्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के फॉरेंसिक साइंस विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने 8 एवं 9 जून 2025 को सोबन सिंह जीना राजकीय मेडिकल साइंसेज एवं अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन (भारतीय फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी कांग्रेस का राष्ट्रीय सम्मेलन) में सक्रिय और प्रभावी सहभागिता निभाई। बता दें कि इस वर्ष सम्मेलन का मुख्य विषय था डॉक्टरों व चिकित्सा अधिकारियों




द्वारा दैनिक कार्यों में सामना की जाने वाली कानूनी चुनौतियां एवं व्यावहा. रिक बाधाएं जो वर्तमान चिकित्सा व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जटिलताओं तथा आवश्यक सुधारों की ओर संकेत करता है। छात्रों ने इस सम्मेलन में डा. नगमा परवीन (अतिथि व्याख्याता फॉरेंसिक साइंस विभाग) के मार्गदर्शन में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान विद्यार्थियों ने पेपर प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी शैक्षणिक प्रतिभा और अनुसंधान क्षमताओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मेलन में गौरव मठपाल ने स्वर्ण पदक जबकि लता बोरा ने रजत पदक तथा संजना ने कांस्य पदक जीता। छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि इन उपलब्धियों ने फॉरेंसिक साइंस विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान प्रतिबद्धता एवं विद्यार्थियों की कठिन मेहनत को भी रेखांकित किया। यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम एवं विभागीय मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली विघार्थियों के लिए अनुसंधान और नवाचार की प्रेरणा भी बनेगी। कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल, डीन महेन्द्र सिंह राणा, डीन अकादमिक्स प्रो. संतोष कुमार, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. रीतेश साह ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य को लिए शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग**

पत्रंक:- 226 /स0अ0-द्वितीय/टी-4 दिनांक:- 10.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-03/स०अ०-द्वितीय/2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 16.06.2025 को 15:00 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है।जो उसी दिन 15:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते तथा प्रपत्र दिनांक 10.06.2025 से 15.06.2025 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य आपदान्यूनीकरणनिधि मद के अन्तर्गत विकासखण्ड नारायणबगड के पंती गांव में पंती गधेरे का चैनलाईशन का कार्य। Job No.01 | 13500.00 | 45 दिन | 500 + 18% GST | डी अथवा उच्चीकृत |
| 2 | राज्य आपदान्यूनीकरणनिधि मद के अन्तर्गत विकासखण्ड नारायणबगड के पंती गांव में पंती गधोरे का चैनेलाईशन का कार्य। Job No.02 | 13500.00 | 45 दिन | 500 + 18% GST | डी अथवा उच्चीकृत |
| 3 | राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि मद के अन्तर्गत विकासखण्ड नारायणबगड के पंती गांव में पंती गधोरे का चैनेलाईशन का कार्य। Job No.03 | 13500.00 | 45 दिन | 500 + 18% GST | डी अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिसबोर्ड से देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता**
**सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग**

# डब्ल्यूटीसीः विजेता पर होगी पैसों की बारिश




**दुबई, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है, फैंस के मन में इस मैच को लेकर उत्सुकता और बढ़ती जा रही है। 11 जून से लाड्र्स के मैदान में खेले जाने वाले इस फाइनल की इनामी राशि का खुलासा आईसीसी ने मई में किया था। आईसीसी ने विजेता टीम के लिए जो राशि तय की है, वह पिछले संस्कण से दोगुनी है। इस बार विजेता टीम को बंपर पैसे मिलेंगे और आईपीएल विजेता से भी ज्यादा मिलेंगे। इस साल विजेता टीम को 3.6 मिलियन यूएस डालर यानी 30.81 करोड़ रुपये

**विजेता टीम को पिछले संस्करण से दोगुनी रकम मिलेगी**

मिलेंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने जब 2023 में फाइनल जीता था तो उन्हें 1.6 मिलियन डालर यानी 13.69 करोड़ रुपये मिले थे। फाइनल में हारने वाली टीम यानी रनर अप को 2.1 मिलियन अमेरिकी डालर (17.96 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो कि पिछले दो बार की विजेता राशि से भी ज्यादा है। वहीं, पिछले दो संस्करणों के उपविजेता को 800,000 अमेरिकी डालर यानी 6.84 करोड़ रुपये मिले थे।

आईसीसी ने अपने बयान में कहा, श्पुरस्कार राशि में वृद्धि टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के आईसीसी के प्रयासों को दर्शाती है, क्योंकि यह नौ टीमों की प्रतियोगिता के पहले तीन चक्रों की गति को बनाए रखेगा। इस डब्ल्यूटीसी चक्र में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और पाकिस्तान पर 2-0 की घरेलू सीरीज जीत के साथ 69.44 प्रतिशत अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए, जबकि भारत ने अधिकांश समय तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद 50.00 अंक प्रतिशत हासिल किए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। खासकर लाड्र्स में खेलना ऐतिहासिक होगा। यह पिछले दो वर्षों में हमारे सभी खिलाड़ियों की मेहनत है, जिसने फाइनल में पहुंचने में मदद की। यह हमारे लिए सम्मान की बात है।

### बीसीसीआई ने पूरी दुनिया को बुलाया थाः कर्नाटक सरकार

# हाईकोर्ट में कहाः भगदड़ की जिम्मेदारी बोर्ड व आरसीबी की

**बेंगलुरु, वार्ता।** कर्नाटक सरकार ने बुधवार को उच्च न्यायालय के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिए जिम्मेदार ठहराया। सरकार ने उच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि आयोजकों ने आधिकारिक अनुमति प्राप्त किए बिना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी दुनिया को आमंत्रित किया।

आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसाले समेत चार लोगों की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान, राज्य का पक्ष ले रहे महाधिवक्ता सामान्य शशि किरण शेट्टी ने कहा कि फ्रैंचाइज़ी ने तीन जून को मैच से केवल एक घंटे पहले एक अभिवेदन प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वे एक विजय समारोह आयोजित करेंगे। शेट्टी ने अदालत को बताया कि यह अनुमति का अनुरोध नहीं था, यह केवल एक सूचना थी। उन्होंने कहा कि औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद, आरसीबी और बीसीसीआई ने तीन जून की रात से चार जून की सुबह के शुरुआती घंटों में सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचार किया, जिसमें प्रशंसकों से जश्न में शामिल होने का आग्रह किया गया। शेट्टी ने कहा कि उन्होंने कहा कि सभी प्रशकों का स्वागत है।



**औपचारिक स्वीकृति न मिलने के बावजूद आरसीबी और बीसीसीआई ने 3 जून की रात से 4 की सुबह के शुरूआती घंटों में सोशल मीडिया पर प्रचार किया**

ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने पूरी दुनिया को आमंत्रित किया है। सरकार के अनुसार, इस लापरवाह प्रचार के कारण 3-5 से चाल लाख लोगों की भीड़ कार्यक्रम स्थल पर जमा हो गई, जबकि इसकी बैठने की क्षमता केवल 33,000 है। प्रवेश के लिए स्पष्ट संचार के अभाव में स्थिति और बिगड़ गयी, जिसके कारण भगदड़ हुई और कई लोगों की जानें गई और कई अन्य घायल हो गए। शेट्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आरसीबी या बीसीसीआई से कोई प्रत्यक्ष संवाद नहीं हुआ( केवल कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) से पत्राचार हुआ। फिर भी, क्रिकेट फ्रैंचाइज़ी ने ऐसा दर्शाया कि इस कार्यक्रम को आधिका. रिक मंजूरी प्राप्त है। महाधिवक्ता ने आगे आरोप लगाया कि आरसीबी ने परेड को एक सरकार-समर्थित कार्यक्रम के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश की, जबकि वास्तव में, यह पूरी तरह से एक निजी कार्यक्रम था। शेट्टी ने कहा कि वे इस अदालत में गलत नीयत से आये और इसे गुमराह करने का प्रयास किया। अदालत में पेश किए गए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ के अनुसार, आरसीबी और बीसीसीआई के बीच हुए समझौते के अंतर्गत, टिकटिंग, सुरक्षा और गेट प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी पूरी तरह से फ्रैंचाइज़ी और क्रिकेट बोर्ड की थी। इस त्रासदी के बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दी। कई पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया और एक नए पुलिस आयुक्त की नियुक्ति की गयी। शेट्टी ने कहा कि सीआईडी को जांच का जिम्मा सौंपने का समय मायने नहीं रखता।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराया



**एंटवर्प, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए रोमांचक मुकाबले में बेल्जियम 2-1 से हराया। बेल्जियम में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से लालथंतलुंगी ने (35वें) मिनट और गीता यादव ने (50वें) मिनट में गोल किए। पहला हाफ कड़े मुकाबले के बीच दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। 35वें मिनट में लालथंतलुंगी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। इसके के बाद अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम की वैन हेलेमोंट ने (48वें) मिनट में बेल्जियम के लिए मैदानी गोलकर स्कोर से 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, दो मिनट बाद ही गीता यादव ने भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारतीय टीम ने रक्षात्मक प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।



# इंग्लैंड में भारत को खलेगी दिग्गजों की कमी

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम तैयार है। शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम इंडिया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगी। गिल को रोहित शर्मा की जगह टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। ऋषभ पंत इस सीरीज में उपकप्तान की भूमिका में होंगे। यह पहला मौका होगा जब रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद भारतीय टीम कोई टेस्ट सीरीज खेलने उतरेगी। हैरानी की बात यह है कि चयनकर्ताओं ने मोहम्मद शमी को भी टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई का पूरा जिम्मा जसप्रीत बुमराह पर होगा। उनका साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा मौजूद होंगे। आंकड़ों पर नजर डालें तो

**रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन व शमी के आंकड़े दे रहे तथ्यों की गवाही**

रोहित, विराट, अश्विन और शमी ने इंग्लैंड में प्रभावित किया है। विराट कोहली ने 33.2 के औसत से 1096 रन बनाए हैं। वहीं, रोहित शर्मा के नाम 524 रन दर्ज हैं। अश्विन ने आलराउंड प्रदर्शन के साथ 18 विकेट और 261 रन बनाए हैं जबकि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को इस धरती पर 42 विकेट मिले हैं। ऐसे में साफ है कि भारतीय टीम को इन अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी। गिल नई जिम्मेदारी के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके सामने चुनौती बड़ी है। गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टेस्ट टीम बदलाव के दौर से गुजरी है और अब उसे नतीजे देने होंगे।



दरअसल, भारत ने 2007 के बाद से इंग्लैंड में कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है, ऐसे में सभी के मन में यही सवाल उठ रहा है कि क्या गिल-गंभीर की ये जोड़ी 18 साल का सूखा समाप्त कर पाएगी? भारत ने आखिरी बार 2007 में द्रविड़ की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में टेस्ट सीरीज जीती थी। उस वक्त तीन मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीत दर्ज की।

# टीम इंडिया ने की इंग्लैंड में प्रैक्टिस

**कप्तान शुभमन गिल सहित टीम के अन्य खिलाड़ी फील्डिंग का अभ्यास करते नजर आए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड में फील्डिंग की प्रैक्टिस की। इसका वीडियो बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल भी अन्य खिलाड़ियों के साथ कैच का प्रैक्टिस करते नजर आए। वहीं भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी थ्रो और फील्डिंग करते नजर आए। 6 जून को इंग्लैंड के लिए रवाना हुई थी टीम इंडिया भारतीय टीम के कुछ खिलाड़ी और हेड कोच गौतम गंभीर 6 जून को मुंबई एयरपोर्ट से इंग्लैंड के लिए रवाना हुए। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद 25 साल के शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप-कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम का यह पहला दौरा होगा। 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन का हुआ था आयोजन भारतीय टीम ने 8 जून को पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया था। इसमें कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया था। हालांकि, टीम में शामिल कई खिलाड़ी इंडिया ए के सदस्य होने की वजह से शामिल नहीं हो पाए थे। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी। भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, पंत (उपकप्तान), ध्रुव, नीतीश, शार्दूल, जडेजा, वॉशिंगटन, बुमराह, सिराज, प्रसिद्ध, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय फुटबॉल टीम हांगकांग से हारी

**हांगकांग, वार्ता।** भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम एएफसी एशिया कप क्वालीफायर में हांगकांग ने इंजरी टाइम में गोलकर हराया। यहां काई टैक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में स्टीफन के इंजरी टाइम में दागे गोल के कारण मेजबान हांगकांग के खिलाफ 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। हॉफ टाइम के बाद कुरुनियन व ब्रैंडन की जगह नाओरेम के साथ सुनील को मैदान में उतरे। इस दौरान भारतीय प्लेयरों के पास कई बार गोल करने के मौके आए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। रेफरी ने हांगकांग को उस समय पेनल्टी दी जब टीम इंडिया के गोलकीपर विशाल गोल लाइन से बाहर आए।

### पूजा ने तेज हाफ मैराथन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड किया हासिल

**अहमदाबाद, वार्ता।** सबसे तेज हाफ मैराथन का रिकार्ड बनाने वाली पूजा टिकमाणी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है। गुजरात में अहमदाबाद की पूजा टिकमाणी ने बताया कि 12 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित बीसफल हाफ मैराथन अहमदाबाद में 20 पाउंड का बैकपैक लेकर सबसे तेज हाफ मैराथन पूरी करने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड ने उन्हें रविवार को इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ब्राजील विश्वकप के लिए क्वालिफाई

**विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालिफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप में जगह पक्की की**

**साओ पाउलो, वार्ता।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गए गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है। विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गए है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है।

ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

# तिलक वर्मा ने थामा अब हैंपशायर का दामन

**नई दिल्ली, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज तिलक वर्मा अब काउंटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे। उन्होंने हैंपशायर का दामन थाम लिया है।

इसकी जानकारी हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) ने बुधवार को की। एचसीए ने बताया कि तिलक काउंटी चैंपियनशिप में हैंपशायर का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। हैदराबाद के 22 वर्षीय बल्लेबाज़ ने भारत के लिए 25 टी20 और चार वनडे मैचों में क्रमशरू 749 और 68 रन बनाए हैं। वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हैं। एचसीए ने विज्ञप्ति में कहा- हैदराबाद क्रिकेट संघ को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हैदराबाद के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एन ठाकुर तिलक वर्मा से ब्रिटेन काउंटी चैंपियनशिप

**मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज अब कांउटी क्रिकेट खेलते नजर आएंगे**

लीग में खेलने के लिए हैंपशायर काउंटी टीम ने संपर्क किया है। हैदराबाद क्रिकेट संघ उन्हें हैंपशायर काउंटी के साथ शानदार जुड़ाव के लिए शुभकामनाएं देता है। तिलक ने 18 प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास) मैचों में 50.16 की औसत से 121 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 1204 रन बनाए हैं। उनके नाम पांच शतक और चार अर्द्धशतक दर्ज हैं। इस सीजन आईपीएल में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 मैच खेले। इनमें तिलक ने 138.30 के स्ट्राइक रेट से 343 रन बनाए। उनके नाम दो अर्द्धशतक दर्ज हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को 212 पर रोका

### कगिसो रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट हासिल किए

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मैच में आस्ट्रेलिया की टीम पहली पारी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 212 रन पर ऑलआउट हो गई। लंदन के लाड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आस्ट्रेलिया से ब्यू वेबस्टर (72 रन) और स्टीव स्मिथ (66 रन)कीपर एलेक्स कैरी 23 रन ही बना सके। कगिसो रबाडा ने 5 विकेट झटके।

मार्को यानसन को 3 विकेट मिले। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन है और तीसरे सेशन का खेल जारी है। साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट पर 19 रन बना लिए हैं। वियान मुल्डर (एक रन) और कप्तान टेम्बा बावुमा (शून्य) क्रीज पर हैं। मिचेल स्टार्क ने ऐडन मार्करम (शून्य) और रायन रिकेलटन (16) को पवेलियन भेज दिया हे। 9वें ओवर में साउथ अफ्रीका ने दूसरा विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क के ओवर की चौथी बाल पर रायन रिकेलटन 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें दूसरा विकेट मिला। स्टार्क ने पारी के पहले ओवर में ऐडन मार्करम को बोल्ड किया था। साउथ अफ्रीका ने पहले ही ओवर में विकेट गंवा दिया है। मिचेल स्टार्क ने ओवर की आखिरी बाल पर ऐडन मार्करम को बोल्ड बोल्ड किया। वे खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया ने तीसरे सेशन में 5 विकेट गंवा दिए। टीम के सभी विकेट 22 रन बनाने में ही गिर गए। टी सेशन के बाद केशव महाराज ने एलेक्स कैरी को बोल्ड किया। यहां से कगिसो रबाडा ने पैट कमिंस और ब्यू वेबस्टर को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने नाथन लायन को बोल्ड किया। रबाडा ने फिर मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर आस्ट्रेलिया की पारी 212 रन पर समेट दी। 57वां ओवर डाल रहे कगिसो रबाडा ने मिचेल स्टार्क को बोल्ड कर दिया है। इसी के साथ आस्ट्रेलिया पहली पारी में 212 रन पर आलआउट हो गई। रबाडा ने इस पारी में 5वां विकेट लिया है। उन्होंने स्टार्क से पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन), कप्तान पैट कमिंस (01 रन), ओपनर उस्मान ख्वाजा (00) और कैमरन ग्रीन (4 रन) को भी आउट किया। 56वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 9वां विकेट गंवाया। नाथन लायन (शून्य) को मार्को यानसन ने बोल्ड कर दिया। उन्होंने ट्रैविस हेड (11 रन) और मार्नस लाबुशेन (17 रन)को भी पवेलियन भेजा। 55वें ओवर में आस्ट्रेलिया ने 8वां विकेट गंवाया। यहां ब्यू वेबस्टर 72 रन बनाकर आउट हुए।



# इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज में विंडीज का सूपड़ा साफ किया

**इंग्लैंड, वार्ता।** बेन डकेट (84) और जेमी स्मिथ (60) की शानदार अर्द्धशतकीय पारियों के बाद ल्यूक वुड (तीन विकेट) और आदिल रशीद (दो विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड के 248 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों जॉनसन चार्ल्स (नौ) और एविन लुइस (नौ) के विकेट 37 रन के स्कोर पर गवां दिए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप और शिमरॉन हेटमायर ने पारी संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में जेकब बेथेल ने शिमरॉन हेटमायर आठ गेंदों में (26) रन को आउट कर इंग्लैंड को तीसरी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में ब्राइडन कार्स ने साई होप 27 गेंदों में (45) रन को आउटकर वेस्टइंडीज को तगड़ा झटका दिया। शरफेन रदरफोर्ड (एक), रोमारियो शेफर्ड (शून्य) को आदिल राशीद ने अपना शिकार बनाया। जेसन होल्डर 12 गेंदों में (25) और गुडाकेश मोती (एक) को ल्यूक वुड ने आउट किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोवमन पॉवेल ने 45 गेंदों में नौ चौकों और चार छक्कों की मदद से (नाबाद 79) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 211 रन ही बना सकी और 37 रनों से

# गंगनहर में डूबने से पांच लोग लापता, तलाश जारी

## रामपुर का जायरनी 15 वर्षीय बेटे व दस वर्षीय बेटे के साथ नहर में डूबा, एक युवा भी बहा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** गंगनहर पिछले कुछ दिनों से लगातार मौत का काल बनती जा रही है। आज पिरान कलियर में जहां रूडकी निवासी एक युवक की गंगनहर में डुबने से मौत हो गयी तो वहीं रामपुर से दरगाह पिरान कलियर में परिवार के साथ जियारत को आये एक पिता भी अपने पुत्र व पुत्री के साथ गंगनहर में डुबकर लापता हो गया। चारों को गोताखोर मिलकर तलाश कर रहे है लेकिन अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं झबरेडा में भी रजवाहे मे नहाते समय किशोर की डूबकर मौत हो गयी।



जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी एक परिवार दरगाह पर जियारत को आया था वह अपने 15 साल के बेटे व दस वर्षीय बेटी के साथ गंगनहर पर गया और नहाने लगा लेकिन इसी दौरान बच्चे पानी के तेज बहाव में बहने लगे तो पिता ने भी उन्हें बचाने के लिए नहर में छलांग लगयी लेकिन जायरीन बेटा व बेटी सहित गंगनहर में डुबकर लापता हो गये। वहीं अन्य युवकों ने भी उन्हें बचाने के लिए नहर में छलांग लगायी तो गोताखोर भी नहर में कूद गये और उनकी तलाश मे जुटे रहे। लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी का पता नहीं चला। वहीं इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। बडी तादाद में जायरीन व स्थानीय निवासी नहर की तरफ दौडे। इस दौरान लोगों का हजूम लगा रहा। वही कलियर पुलिस भी लापता लोगों की तलाश कर रही है।

वहीं नई गंगनहर में नहाते समय एक युवक डुबकर लापता हो गया। पुलिस गोताखोर की मदद से डुबकर लापता हुए युवक तलाश कर रही हैं।

जानकारी के अनुसार नई गंगनहर में नहाते समय एक युवक डुबकर लापता हो गया। जौरासी जबरदस्तपुर निवासी अमन (18) अपने दोस्त के साथ मंगलवार को पिरान कलियर आया हुआ था।इस दौरान वह अपने दोस्त के साथ नई गंगनहर में नहाने चला गया। नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया।आसपास के लोगों ने शोर मचाया। लेकिन वह पानी के तेज बहाव में बहकर लापता हो गया।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस गोताखोरों की मदद से डुबकर लापता हुए युवक की तलाश कर रही हैं।

## झबरेड़ा रजवाहे में नहाने आया युवक बहकर मरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** राजवाहे में नहाने गया युवक पानी में डूब गया। आसपास नहा थे युवकों ने शोर मचाया और उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। मौके पर पहुंचे मोनू जलवीर और जल पुलिस ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को ढूंढा और बाहर निकाला। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ वहां जमा थी। जानकारी के अनुसार झबरेड़ा थाना क्षेत्र के अकबरपुर झोझा निवासी 22 वर्षीय युवक जुबेर पुत्र शमशाद तांशीपुर के समीप राजवाहे में नहाने आया था। शाम करीब तीन बजे नहाते समय अचानक से वह गहरे पानी की ओर चला गया और डूबने लगा। आसपास नहा रहे युवकों ने प्रयास किया लेकिन तब तक वह गहरे पानी में डूब चुका था। जानकारी पाकर परिजनो और ग्रामीणों की भीड़ मौके पर पहुंच गई। इसके साथ ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवक की तलाश के लिए मोनू जलवीर और जल पुलिस को बुलाया गया।

## पुलिस ने फरार वारंटी दबोचा

**पिरान कलियर।** पुलिस ने न्यायालय से लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को उनके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। कलियर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि न्यायालय से मुकदमों वॉछित चल रहे वारंटीयों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक वारंटी लव कुमार निवासी गढ़मीरपुर थाना रानीपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया है।

## विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मोहल्ला पठानपुरा के लोगो ने बुधवार को विधुत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने अधिकारियों पर उद्योगपतियों को बिजली बेचने के आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान तालिब राव और अतीक अहमद ने कहा कि पिछले कई दिनों से जैसे ही गर्मी बढ़ी है वैसे ही बिजली व्यवस्था चरमरा गई। भरी गर्मी में 24 घण्टों में मात्र कुछ ही घण्टे बिजली आ पा रही है जिसके चलते पानी की भी भारी किल्लत हो रही है मोहल्ले के



लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले में कोई भी जनप्रतिनिधि संज्ञान नही ले रहा जबकि चुनाव के वक्त यह लोग हर दरवाजे पर वोट माँगने आ जाते है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जनता की किसी भी समस्या से कोई सरकोर नही रहता। कहा जनता को विद्युत समस्याओं साथ पानी की भी समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है उन्होंने यह भी आरोप लगाए की बिजली का बिल भरने के बावजूद भी विधुत कर्मी उनके कनेक्शन भी काट रही है।

### आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम: ग्रामोत्थान परियोजना ने

## खानपुर की सुनीता देवी को बनाया एक सफल उद्यमी

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** खानपुर ब्लॉक स्थित असगरपुर गाँव की श्रीमती सुनीता देवी ने ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से अपनी मेहनत और संकल्प के बल पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है। शराखीश स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य सुनीता देवी ने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और आज एक सफल दुग्ध उत्पादन उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं।

सुनीता देवी के पास थोड़ी सी कृषि भूमि थी, लेकिन पारंपरिक खेती से आय सीमित थी। पति के निधन के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति और भी कठिन हो गई। ऐसे समय में उन्होंने कुछ नया करने का साहस किया और आर्थिक रूप से सशक्त बनने का निर्णय लिया। स्वयं सहायता समूह की बैठक के दौरान उन्हें ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की जानकारी मिली, जो ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही थी। उन्होंने शगोरधनपुरश सीएलएफ की बिजनेस प्रमोटर श्रीमती पिंकी से संपर्क किया और अपनी योजना साझा की। सुनीता देवी की लगन और ईमानदारी को देखते हुए परियोजना के अंतर्गत उन्हें ₹35,000 की बिना ब्याज की ऋण राशि स्वीकृत की गई। इस सहायता राशि से सुनीता देवी ने एक उन्नत नस्ल की दुधारू गाय खरीदी और दुग्ध उत्पादन इकाई की शुरुआत की। उन्होंने पशुधन विशेषज्ञों से प्रशिक्षण लिया और गाय की देखभाल, पौष्टिक आहार तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया। दूध निकालने और स्थानीय बाजार में बेचने की व्यवस्थित योजना बनाई। कुछ ही समय में गाय ने अच्छी मात्रा में दूध देना शुरू कर दिया, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि हुई। अब वह न केवल अपने परिवार की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा कर पा रही हैं, बल्कि नियमित रूप से बचत भी कर रही हैं। इस उद्यम से उन्हें न सिर्फ आर्थिक लाभ मिला, बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्राप्त हुई। ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना की समय पर मिली सहायता और सुनीता देवी की अथक मेहनत ने उन्हें एक सशक्त महिला उद्यमी में परिवर्तित कर दिया है। उनकी कहानी यह प्रमाणित करती है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो वे भी आर्थिक रूप से सशक्त बनकर समाज में प्रेरणा बन सकती हैं।

## अनियंत्रित होकर डीसीएम पलटी, चालक ने कूद कर बचाई जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** भगवानपुर बाई पास रोड पर दरियापुर के पास एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। हरिद्वार की ओर से भगवानपुर बाईपास रोड़ पर शेम्पू से भरा एक डीसीएम दरियापुर के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक किसान के खेत मे पलट गया। चालक और परिचालक ने कूदकर अपनी जान बचाई।डीसीएम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।डीसीएम में भरे शेम्पू के टैंकों से शेम्पू खेत मे पानी की तरह बहने लगा।वहां पर भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। सूचना पर ग्रामीण बाल्टी डब्बे लेकर पहुंचे। ग्रामीण शेम्पू को भरते नजर आए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस लोगों की भीड़ को वहां से हटाया। ओर घटना की जानकारी की।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि एक डीसीएम अनियंत्रित होकर पलट गया था। कोई जान माल की हानि नही हुई है।

## भाजपा सरकार में महिलाओं पर हो रहे जमकर अत्याचार : अनुपम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** आज मंगलौर पहुँची लालढांग की विधायक अनुपमा रावत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भाजपा पर कड़े व्यंग करते हुए कहा कि भाजपा शासनकाल में महिलाओं पर भारी अत्याचार हो रहे है। महिलाओं का शोषण चरम पर है। जहाँ एक और भाजपा बेटी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात करती थी वही आज भाजपा के राज में बेटियां या महिलाएं सुरक्षित नही है।



वही पूर्व राजमंत्री आदित्य राणा ने भी भाजपा के दौर में महिलाओं की सुरक्षा और महंगाई को लेकर सवाल खड़े किए। कांग्रेस नेता डॉ एस पी सिंह बावरा ने भी भाजपा की करनी और कथनी पर सवाल खड़े किए। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मरगूब कुरैशी ने भी सरकार पर कड़े प्रहार किए।

## नाबालिग को बहला फुसला कर भगाने वाला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग बहला फुसलाकर भागकर ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक ने पांच जून को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई हैं।उन्होंने एक युवक पर अपनी नाबालिग को बहला फुसलाकर भागकर ले जाने का आरोप लगाया था।पुलिस तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी।एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने 6 जून को किशोरी को बरामद कर लिया था।तभी से आरोपी फरार चल रहा था।पुलिस ने आरोपी गौरव निवासी सुनेटीगाढा थाना रामपुर मनिहारन सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ पोकशो की धारा भी बढ़ाई गई है।

## आईपीएस जितेंद्र मेहरा ने किया ट्रैफिक पुलिस लाइन का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** एसपी ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा (आइपीएस) ने ट्रैफिक पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों की जांच की इसके साथ ही कांवड़ और चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों ने सौम्य व्यवहार रखने की हिदायत दी। वहीं उन्होंने नियमों का उल्लंघन करने वालो पर सख्त कारवाई के निर्देश भी दिए।

सिविल लाइन वोट क्लब स्थित ट्रैफिक पुलिस लाइन का एसपी ट्रैफिक जितेंद्र मेहरा ने वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने लाइन के सभी कक्षों का निरीक्षण करते हुए वहां पर तैनात पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी को चेक किया। साथ ही उन्होंने अभिलेखों को भी जांचा। उन्होंने अधीनस्थों के साथ बैठक करते हुए उन्हें सख्त निर्देश दिए कि चारधाम एवं अन्य यात्रा में आने वाले सभी यात्रियों से अपना व्यवहार सही रखें और ड्यूटी के दौरान संयम बरते।। उन्होंने साथ ही कहा कि यदि कोई भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है और कानून की धज्जियां उड़ाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाएं। उन्होंने जनता से अपील की कि वह भी पुलिस का सहयोग करें ताकि दिन-रात सड़कों पर खड़े रहकर ड्यूटी करने वाले पुलिस जवानों का मनोबल बना रहे। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक लाइन में खड़े वाहनों को भी देखा और जिन वाहनों का समय पूरा हो चुका है उन्हें रोशनाबाद पुलिस लाइन भेजने के लिए ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान को सीओ हरिद्वार संजय चौहान, ट्रैफिक इंस्पेक्टर रुड़की राजेंद्र नाथ समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## झबरेड़ा में पुण्यतिथि पर याद किए गए पायलट

**रुड़की।** कांग्रेस नेता राजेश पायलट की 25 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके पदचिह्नों पर चलने का आह्वान किया। झबरेड़ा स्थित एक बैंकट हॉल में बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह ने कहा राजेश पायलट ने किसानों व मजदूरों के विकास के लिए कई काम किए उनके बताएं मार्ग पर चलना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व राज्य मंत्री एवं ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर गौरव चौधरी ने कहा कि राजेश पायलट ने अपने कार्यकाल में ऊर्जावान सोच के साथ किसान मजदूर एवं निचले तबके के लोगों के हितों में कार्य किए। झबरेड़ा विधायक वीरेंद्र जाति ने कहा कि राजेश पायलट एक ऐसे नेता थे सर्व समाज को साथ लेकर चलने वाले नेता थे आज के राजनेताओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि सर्वसमाज के हितों के लिए कार्य किया जा सके। श्रद्धांजलि सभा का संचालन मास्टर ओमकार के द्वारा किया।

## अवैध चाकू के साथ एक व्यक्ति को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सँलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर बारीकी से नजर रख चेकिंग करने के लिए निर्देशित किया था। जिसमें पुलिस टीम बनाई गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। उसकी तलाशी लेने पर एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आरिफ पुत्र खलील बताया।

## पुलिस ने माल सहित चोर दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने दुकान में चोरी करने वाले एक चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार अक्षय कुमार पुत्र धर्मपाल सैनी निवासी ढाल्ला चोरा थाना गागलहेड़ी जनपद सहारनपुर उ0प्र0 ने थाना भगवानपुर पर आकर तहरीर दी कि उसकी दुकान कस्बा भगवानपुर से दिनांक 28-5-25 की रात्रि मे अज्ञात चोर द्वारा दुकान का ताला तोडकर दुकान से फिलिप्स कम्पनी की एक प्रेस , कम्प्यूटर की एलईडी,कैप प्रीटिंग मशीन, एलईडी जूस का गिलास चोरी कर ले गये। जिस सम्बन्ध मे थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिशा निर्देश दिये गये तथा पुलिस टीम का गठन किया गया। दिनांक 10-6-2025 को पुलिस टीम द्वारा आरोपी सोयब पुत्र ईरशाद निवासी ग्राम शाहपुर निकट तालाब थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी के माल सहित खानपुर से खेलपुर गांव को जाने वाली सडक से पकड़ा गया। आरोपी से पुलिस ने 1.एक अदद मानीटर कम्पनी का लगभग 15 इंच 2.एक स्टैण्ड मानीटर, 3एक कप प्रिन्टर मशीन मय स्टैण्ड, 4.एक प्रेस फिलिप्स कम्पनी की, एक लाईट, 5.एक मिक्सी जार आदि बरामद किया है। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान, हे0का0 सुन्दर लाल, का0 रविन्द्र राणा शामिल रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम मौ0 उसमान दर्ज है जो गलत है। जबकि उसका सही नाम मौ0 उसमान भट्टी है। मेरे पति का नाम शमीम अहमद दर्ज है सही नाम शमीम अहमद भट्टी है व मेरा नाम महशर जहां दर्ज है जबकि सही नाम महशर जहां भट्टी है। इसलिए भविष्य में सही नाम से ही जाना, पहचाना व दर्ज किया जाए।

**श्रीमती महशर जहां भट्टी पत्नी शमीम अहमद भट्टी नि. रामपुर रुड़की, हरिद्वार। पिन**-247668

## नाज मोहम्मद बने को केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद के गढ़वाल मंडलाध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** मंगलौर नगर पालिका परिषद मंगलौर के पूर्व नगर अध्यक्ष के बेटे नाज मोहम्मद को केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद ने उत्तराखंड गढ़वाल मंडल अध्यक्ष बनाये जाने समर्थकों ने आभार जताया है। गौरतलब है कि केंद्रीय लोक शिकायत निवारण परिषद ने मंगलौर के मोहल्ला किला निवासी नाज मोहम्मद को उत्तराखंड गढ़वाल मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया है। नाज



मोहम्मद कई योजना में मंगलौर नगर पालिका के सभासद रह चुके है। इससे पहले उनके पिता स्वर्गीय खलील अहमद भी एक बार के नगर पालिका के अध्यक्ष पद विराजमान रहे। केंद्रीय लोक निवारण के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट आलम मालिक ने नाज मोहम्मद को नियुक्ति पत्र देकर संगठन को आगे बढ़ाने और मजबूत करने पर बल दिया। नाज मोहम्मद व उसके समर्थकों ने एडवोकेट आलम मालिक का आभार जताया और कहां की वह गरीबों और मजलूमों की साथ सदैव खड़े रहेंगे।

### शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर

## कांग्रेसियों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल एसडीएम रुड़की से मिला तथा रुड़की में रोजमर्रा की समस्याओं के संबंध में तथा भ्रष्टाचार के निराकरण हेतु एसडीम को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।



इस अवसर पर आठ बिंदुओं का एक ज्ञापन दिया गया जिसमें पीने के पानी की समस्या, रुड़की में जल भराव की समस्या, नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता खराब होना, स्ट्रीट लाइट बंद होना ,बिजली सप्लाई में बेतहाशा कटौती ,रोडवेज बस अड्डे पर स्वच्छ पीने का पानी एवं शौचालय में गंदगी ,रुड़की में बाजार एवं अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण एवं जाम को खत्म किया जाना, हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को रोजाना कार्यालय में बैठकर जन समस्याओं को सुनने हेतु आदेश पारित करना तथा एचआरडीए में भ्रष्टाचार को खत्म करना जैसे बिंदु शामिल थे। इस अवसर पर राजेंद्र चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में व्यस्त है उसे जनता की कोई चिंता नहीं है। गर्मी के सीजन में पीने का पानी उपलब्ध नहीं है तथा बिजली की बेतहाशा कटौती से जनता परेशान है आने वाले मानसून सत्र में जल भराव की समस्या मुंह बाए खड़ी है ऐसे समय में सरकार को तत्परता से जल भराव की समस्या का निराकरण करना चाहिए था जिस दिशा में कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। एसडीम लक्ष्मी राज सिंह चौहान ने कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि वह इन सभी जनहित की समस्याओं के लिए शीघ्र ही बैठक बुलाकर इनका निराकरण करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में श्रीमती उदय जैन महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष ,अजय चौधरी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, मोहित त्यागी महामंत्री जिला कांग्रेस, आशीष चौधरी जिला अध्यक्ष एनएसयूआई, नीरज अग्रवाल सचिव जिला कांग्रेस, मदनपाल सिंह भडाना जिला महामंत्री, डॉ हरविंदर सिंह उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस, एडवोकेट नितिन त्यागी सचिव जिला कांग्रेस, सुभाष चौधरी, मोनू त्यागी, जोगिंदर सिंह, आदि मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** देहात क्षेत्र में बिजली, राशन, गन्ना बकाया और चकबंदी जैसी समस्याओं से त्रस्त किसानों ने बुधवार को भाकियू रोड के नेतृत्व में तहसील में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

बुधवार को भाकियू रोडके राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड़ के नेतृत्व में क्षेत्र के किसान प्रशासनिक भवन पर एकत्र हुए। यहां किसानों ने बैठक कर अपनी समस्याओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने रखा। इसके बाद किसान यहां से रैली के रूप में तहसील की ओर बढ़े। किसान यहां से वोट क्लब, सिविल लाइंस, रुड़की टाकीज और रोडवेज से होते हुए तहसील परिसर में पहुंचे। यहां किसानों ने धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह रोड़ ने एक-एक कर कई विभागों की समस्याएं बताई। बताया कि चकबंदी विभाग में लगातार अधिकारी किसानों का उत्पीड़न करते आ रहे हैं। बार-बार कहे जाने के भी किसानों की समस्याएं हल नहीं हो रही है। ऊर्जा निगम में भी अधिकारी किसानों को परेशान करने पर लगे हैं। बहुत कम बकाये वालों के भी किसानों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। बहुत से ऐसे किसान हैं जिन्होंने ट्यूबवेल के कनेक्शनों के लिए आवेदन किया हुआ है, लेकिन उनके कनेक्शन नहीं हो रहे हैं। एनएचएआई विभाग में भी किसानों के जो रास्ते बंद किए हुए हैं, बार-बार अनुरोध पर भी सभी रास्तें नहीं खोले जा रहे हैं। इससे किसानों को पांच से 15 किलोमीटर तक



घूमकर आना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य विभाग की ओर से लोगों के राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। इससे किसानों के सामने राशन का संकट भी खड़ा हो रहा है। जिन किसानों के राशन कार्ड नहीं बन रहे हैं, उनके राशन कार्ड बनाए जाए। वहीं उन्होंने टोडा कल्याणपुर में आने-जाने वाले रास्ते को भारतीय सेना द्वारा रोका जा रहा है। इस मामले में भी प्रशासन को दखल देने की जरूरत है। इसके अलावा इकबाल शुगर मिल पर किसानों का बकाया पैसा रुका पड़ा है। मिल किसानों का भुगतान देने के लिए तैयार नहीं है। प्रशासन को इसमें दखल देने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने सभी मांगों को लेकर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल प्रधान, प्रदेश महामंत्री हाजी इरशाद, युवा प्रदेश अध्यक्ष सचिन तोडा, प्रदीप त्यागी, जिलाध्यक्ष नाजिम अली, आचार्य घनश्याम, राजवीर, रियासत प्रधान, मुबारक अली, कारी शहजाद, अनीश प्रधान, रजत रोड, इंदर रोड आदि मौजूद रहे।

# हकीकत में खास मुद्दे

भाजपा और कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने भले ही अतीत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में शिकायतें उठाई हैं, लेकिन प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उनमें से कई जांच में खरी नहीं उतरीं। कांग्रेस ने अब चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर लिया है तथा ज्यादा मौलिक मुद्दों को उठाया है, जिन पर अलग से विचार किए जाने की जरूरत है। बताते चलें कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों में जो कुछ हुआ, उसके आधार पर चुनाव संचालन को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठाए हैं। इसमें हकीकत में कुछ खास मुद्दे हैं, जैसे आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में सूचीबद्ध मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि, मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि तथा मतदान प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के वास्ते केंद्र द्वारा चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन किया जाना। गांधी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने से इन्कार कर दिया है। उक्त फैसले में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल के एक हिस्से के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की सिफारिश की गई थी। जिन राज्यों में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव निकट थे, वहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के बारे में किए एक शुरुआती विश्लेषण से पता चला कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं की संख्या में तेज उछाल के उदाहरण मौजूद थे। जहां विधानसभा चुनावों से पहले जोड़े गए नये मतदाताओं की संख्या ज्यादा थी, आम चुनावों के बाद मात्र छह महीनों में 39 लाख से ज्यादा मतदाता जुड़े , वहीं 2014 में भी इसी किस्म की बढ़ोतरी देखी गई थी। लगभग चार मिलियन मतदाताओं की बढ़ोतरी एक बड़ी तादाद है और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सत्यापन के लिए मतदाता सूची से संबंधित मशीन द्वारा पठनीय आंकड़ों को सक्रियतापूर्वक जारी करना चाहिए। इस आरोप के संबंध में कि शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी असामान्य थी, यह तर्क सही नहीं है। यह मतदान के तात्कालिक (प्रोवि. जनल) आंकड़ों पर आधारित है और ईसीआई के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में शाम 5 बजे के बाद मतदान में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। ईसीआई द्वारा एक एप के जरिये साझा किए गए मतदान प्रतिशत के तात्कालिक आंकड़े पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं, क्योंकि ये चुनाव के दौरान संख्याओं की हाथ से की गई (मैनुअल) प्रविष्टि पर निर्भर होते हैं और मशीन की सटीक गणना से तुलना करने पर इनमें विसंगतियां हो सकती हैं। चूंकि फार्म 17–सी के जरिये प्रत्येक मतदान केन्द्र के अंतिम आंकड़े कुछ समय बाद ही जारी किए जाते हैं, लिहाजा मतदान के तात्कालिक आंकड़ों पर भरोसा करना गलत होगा। हालांकि, एक और मुद्दा है जिस पर निर्वाचन आयोग को जवाब देना चाहिए, सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखना और शिकायतों की जांच के लिए राजनीतिक दलों एवं उनके प्रत्याशियों को उसे सुलभ कराना।


## प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे



32 देशों की यात्रा से लौटे से 7 डेलिगेशन के 51 सांसदों से पीएम का मिलना ठीक है, यह उनका विशेषाधिकार है और ये कोई आश्चर्य की बात नहीं है, लेकिन हमारे पास कुछ आसान सवाल हैं, हम चाहते हैं कि पीएम इन सवालों का जवाब दें, प्रधानमंत्री मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता कब करेंगे, पार्टियों के सांसदों से नहीं, बल्कि नेताओ से कब मिलेंगे, पहलगाम आतंकी हमले के बाद सामने आई भीतरी और बाहरी सुरक्षा चुनौतियों पर इन नेताओं को कब विश्वास में लेंगे, कारगिल युद्ध के बाद हमारे पास एक कारगिल समीक्षा समिति थी। क्या सिंगापुर में सीडीएस के खुलासे के बाद भी ऐसी ही कवायद होगी, क्या समीक्षा होगी, क्या कोई विश्लेषण होगा, क्या कोई रिपोर्ट होगी।

–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

# चोट अंगुली में, दोष पूरे शरीर को देते रहे





हफीज किदवई

अंगुली नीतीश थे और शरीर लालू थे। कितनी आसानी से मक्कारों ने लालू को खलनायक बना दिया और खलनायक को नायक बनाकर पूजते रहे। 15–20 सालों में क्या हासिल किया बिहार ने, मीडिया ने लालू कार्यकाल को बनाया बीमा और मीडिया ने ही नीतीश को कहा विकास पुरुष, खैर हमे नीतीश से कोई लेना देना नहीं, क्योंकि ऐसे लोगों से क्या ही उलझें, आज कुछ, कल कुछ, परसो कुछ, न जुबान का ठिकाना और न ही किरदार का कोई ठिकाना। कुर्सी के लिए किसी को भी पाया बना लेने वालों पर बात ही बेईमानी है।

हम आते हैं लालू प्रसाद यादव पर, उनके ऊपर चवन्नी छाप भी उठकर भ्रष्टाचार का आरोप लगा देते हैं। वह भी चारा चोर कहकर खी खीखी करते हैं, जिनमें राजनीतिक अक्ल एक रत्ती से भी कम है। यह मासूम लोग हैं, इन्हें टीवी में बैठा एंकर बता देता है फलाने चोर हैं, यह चोर चोर बकने लगते हैं, टीवी का एंकर कह देता है कि फलाने महान हैं, विकास पुरुष हैं, यह उसके नाम ले लेकर लहालोट होते हैं। यह कभी भी पलट कर अपने इर्द गिर्द नहीं देखते हैं। लालू प्रसाद यादव के जमाने में हुए अपराध को देखते वक्त सूक्ष्मदर्शी इस्तेमाल करते हैं और वर्तमान सत्ता के अपराध झांकने में अपनी मटर जैसी आंखे इस्तेमाल करते हुए पर्दा डाल देते हैं। जरा बिहार के अगल–बगल के मुख्यमंत्री को भी देखें, उन्होंने अपने राज्यों में बिहार से ज्यादा काम किया है, जबकि वह आते जाते रहे हैं। यूपी को ही ले लें, नीतीश के समकक्ष मुलायम सिंह यादव, मायावती या राजनाथ सिंह, सबने इनसे बेहतर काम कम वक्त में किया है। अखिलेश यादव के पांच साल के काम तो नीतीश अगले 50 साल में भी नहीं कर पाएंगे। नीतीश एक ढोल थी जो सिर्फ लालू लालू लालू कहकर बज रही थी। लालू प्रसाद यादव को गरियाओ और सत्ता पाओ। लालू को गले लगाओ और सत्ता पाओ। यानी सत्ता सिर्फ एक नाम से मिलती,लालू और लालू। लालू कभी नैतिकता में नीचे नहीं गिरे, कभी घिनौनी राजनीति नहीं की, कभी अपशब्द नहीं बोले, बस देशज अंदाज में तफरीहन बातें की। गलतियां उतनी ही कि जितनी हमारे देश के तमाम विख्यात नेता करते रहे और काम भी उतना ही किया। आज लालू लंबी जेल की सजा काटकर जमानत पर है, यही प्रमाण है उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता का और उस सत्ता के डर का जो हुकूमत, लालू की आंख देख सहम जाती है। क्या समझते हैं कि लालू के वक्त जज मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाया करते थे। क्या समझते हैं कि लालू फैसले मैनेज नहीं कर सकते थे। दूसरे तमाम नेताओं की तरह अपने ऊपर से मुकदमे हटा नहीं सकते थे क्या। कितने ही प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने खुद पर से आपराधिक मुकदमे खुद ही खत्म कर लिए, तो क्या लालू यह नहीं कर सकते थे। सब कर सकते थे मगर नहीं किया गया। सलाखों को कुबूल किया, तभी न्यायालय पर आपको भरोसा है। हमने बहुत से गुंडों को बहुत ऊंचे पद पर बैठे देखा है, आप भी देख रहे हैं, तब भी आपको लगता है कि लालू गलत थे। एक बार लालू के सर लगे इल्जाम को देखिएगा, रुपयों की गिनती कर लीजिएगा और यह भी देखिएगा उतने रुपये में आजका सत्ताधीश कितने विधायक खरीदकर चुनी हुई सरकार गिराता है। वह बेहिया लोग लालू पर सवाल उठाते हैं, जो विधायक खरीदने वाले के सामने सर झुकाया करते हैं। ईमानदार हो तो सर उठाकर उसको भी इतना ही कोसो जो लालू के सर मढ़े भ्रष्टाचार की कीमत में केवल एक या डेढ़ विधायक ही खरीद पाता, जबकि उसने बीसों को खरीदा है, सोचो कितना खर्च किया होगा। सरकारें गिराई हैं, पार्टियां तोड़ी हैं, क्या यह सब बीफ ईमानदारी से हुआ है। इन विधायक चोरों को पर्दे में छिपाकर। उन्हें जबरदस्ती चाणक्य का दर्जा देते हुए,जरा भी शर्म नहीं आती दोगले आपको। लालू का जेल में रहना और लालू को बदनाम करना, दोनों से किसी की चुनावी दुकान चलती है। लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना। कभी उनकी लीडरशिप में खामी नहीं देखी और कभी उन्हें कमजोर, मजाकिया या फिजूल नहीं जाना, हमेशा यह तो माना कि वह अद्वितीय हैं। अन्ना के झांसे के वक्त लालू ही एक आवाज थे जो संसद से सड़क तक बोल रहे थे कि यह आंदोलन सही नहीं है। लालू उस वक्त ही नब्ज पकड़ चुके थे मगर सरकार मदमस्त थी लालू को ही घेरने में, उनकी आवाज अनसुनी की गई। संसद में लालू के वह भाषण आज भी ऐतिहासिक है, जो बता रहा है कि संसद सर्वोच्च है, क्योंकि जनता ने उसे चुना है। लालू एक दौर की राजनीति का पर्याय हैं और अपने विरोधी की ऑक्सीजन हैं, बिना लालू नाम लिए, वह आज भी क्लास मॉनिटर तक का चुनाव नहीं लड़ सकते। लालू जी को जन्मदिन की मुबारकबाद और प्रार्थना की वह अभी मजबूती से और रहें, क्योंकि देश को उनकी जरूरत हैं। जिन्हें लालू के आरोप, सजा या परिवारवाद से दिक्कत है, वह हमें उस पार्टी का नाम बताएं जिनमें यह अवगुण न हों, कम या ज्यादा तराजू लेकर वह बैठे। लालू के राज में भी कुछ बहुत गलतियां रही होंगी, मगर अच्छाइयां ज्यादा थीं। हमने यह मान लिया है कि कुछ कमियों के साथ अच्छी चीजें फेंक नहीं दी जाती हैं। लालू प्रसाद इस माटी का हमको प्रसाद है, हम उनकी इज्जत करते हैं, लालू कुछ भी हों, धोखेबाज, चालबाज, मक्कार नहीं हो सकते और लाशों पर राजनीति नहीं करते, बस इतना काफी है, उनके प्रति प्रेम के लिए, हां हम लालू से प्रेम करने लगे हैं। जन्मदिन मुबारक, ईश्वर आपकी सफलता, समझ, अंदाज और सरलता आपके नीचे तक भी पहुंचाए और आपको स्वस्थ्य रखे। तेजस्वी आपका हमें उपहार है और वैचारिक प्रतिबद्धता आपका दिखाया रास्ता है, यह दोनों हमेशा बने रहें, आपको बहुत बहुत शुभकामनाएं।

**लालू जेल में हैं, यह भी उनकी ईमानदारी है। बहुत पहले लिखा था कि राहुल को इस भारत में अगर आज किसी से राजनीतिक दीक्षा लेनी चाहिए, वह सिर्फ लालू प्रसाद यादव हैं। राहुल ने तो आगे बढ़कर लालू जी को गले लगा लिया, उनके साथ देखकर तबियत खिल उठती है। मैं खुद हमेशा खुद को कोसता हूं कि लालू को मापने में हमने इतना अगर मगर क्यों किया। क्यों लालू को जांचने में हमने उनकी सुनी जो अपनी जुबान कहीं किसी शाखा से उधार लाए थे। लालू जी का जन्मदिन है, हम इसका प्रायश्चित करते हैं कि हमने उस समय मुंह नहीं खोला जब खोलना चाहिए था। लालू का सलाखों में जाना हमारा खुद का कैद हो जाना था, एक ही तो आवाज थी, जो बिना तराजू लिए बोलती थी। बस खुशी इतनी है कि लालू जी को हमने कभी खलनायक नहीं माना।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धर्म के आवरण में दरिंदगी: कुछ तो गड़बड़ है

**ऐसे ही केरल में कैथोलिक चर्च से जुड़े यौन शोषण के मामले चर्चा में रहे। एक नन ने जालंधर के रोमन कैथोलिक चर्च के बिशप पर 14 बार यौन शोषण का आरोप लगाया था। 2019 में तो पोप फ्रांसिस ने भी स्वीकार किया था कि भारत, लैटिन अमेरिका, इटली, और अफ्रीका में बिशप और प्रीस्ट द्वारा ननों का यौन शोषण हुआ है। पटना में 2017 में एक पादरी पर दो महिलाओं के साथ बलात्कार और धर्म परिवर्तन के नाम पर यौन शोषण का आरोप लगा। इसी प्रकार दिसंबर 2024 में संभल, उत्तर प्रदेश, में एक मस्जिद के मौलाना साजिद और उसके भाई पर 13 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की कोशिश और तीन घंटे तक बंधक बनाने का आरोप लगा। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। एक तथ्य यह भी है कि धार्मिक संस्थानों में यौन शोषण के मामलों को अक्सर दबाने की कोशिश की जाती है।**



निर्मल रानी

हमारे देश में जितना अधिक धर्म का ढिंढोरा पीटा जा रहा है अधर्म भी उतनी ही तेजी से बढ़ता जा रहा है। पिछले कुछ वर्षों से ऐसे मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। खासतौर से जब से आसाराम, स्वामी चिन्मयानंद, गुरमीत राम रहीम, स्वामी नित्यानंद, दाती महाराज, रामपाल, आसाराम के कुपुत्र नारायण साईं, भीमानंद महाराज उर्फ शिवमूरत द्विवेदी, राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद व आशु भाई महाराज जैसे स्वयंभू संतों व डेरा संचालकों से जुड़े मामले सामने आए व इनमें से कई को बलात्कार व यौन शोषण के मामले में जेल जाना पड़ा तब से तो धर्म क्षेत्र में इस तरह के कुकर्मों की गोया झड़ी सी लग गई। देश में न जाने कितने साधु वेश धारी मंदिर के पुजारी या किसी न किसी रूप में धर्म क्षेत्र से जुड़े लोग यौन हिंसा के शर्मनाक मामलों में पकड़े जा चुके हैं। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में दीपक वर्मा नामक एक बलात्कारी को थाना आलमबाग के अंतर्गत पुलिस ने सूर्योदय से पूर्व ही सुबह सवेरे मुठभेड़ में मार गिराया, यह व्यक्ति भी धर्म का चोला ओढ़े रहता था। स्वयं को माता का भक्त प्रदर्शित करने वाला यह कुकर्मी माता रानी के जागरण समारोहों में झांकियां सजाने व झांकियां निकालने का काम किया करता था। इस ने चंद्रनगर मेट्रो स्टेशन के नीचे से ढाई–तीन साल की बच्ची को, जो अपने पिता के साथ लेटी हुई थी, चुपके से उसका अपहरण कर उसे उठा लगाया। बाद में इस व्यक्ति ने उस बच्ची के साथ बड़ी ही बेरहमी के साथ दुष्कर्म किया था। मासूम बच्ची अभी भी गंभीर अवस्था में इलाज करा रही है। पुलिस ने माता भक्त इस आरोपी पर एक लाख का इनाम भी घोषित कर दिया था। उसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और गत वीरवार को देर रात थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया के निकट एनकाउंटर में ढेर कर दिया। भारत जैसे धर्म प्रधान देश में में यौन शोषण के मामलों का तेजी से बढ़ना अत्यंत चिंता का विषय है। हालांकि देश में यौन शोषण को लेकर काफी कड़े कानून भी बने हुए हैं फिर भी यह एक प्रमुख सामाजिक समस्या बनी हुई है। खासकर धर्म क्षेत्र में कुकर्मियों व अधर्मियों का प्रवेश कर जाना धार्मिक सीख व शिक्षाओं पर भी सवाल खड़े करता है।

एक अनुमान के अनुसार भारत में प्रत्येक 22 मिनट में एक बलात्कार का मामला दर्ज होता है। इसमें वह मामले शामिल नहीं हैं जो भयवश या लाज वाश अथवा सुलह सफाई के बाद या फिर सामाजिक कलंक या कमजोर कानूनी व्यवस्था के कारण दर्ज नहीं होते और वह सरकारी रिकॉर्ड में नहीं आ पाते अन्यथा यह आंकड़े और भी चौंकाने वाले हो सकते हैं। वैसे तो दक्षिण अफ्रीका, स्वीडन, संयुक्त राज्य अमे. रिका, इंग्लैंड, मिस्र, फ्रांस व इथियोपिया जैसे देश भी महिला शोषण व बलात्कार जैसे मामलों में बदनाम देशों की सूची में शामिल हैं परन्तु इनमें से कोई भी देश धर्म का उस स्तर पर ढिंढोरा नहीं पीटता जितना भारत में देखने को मिलता है। स्वयं को धर्म प्रधान प्रदर्शित करने वाले भारत जैसे देश में बेशक यह एक अत्यंत गंभीर व संवेदनशील मुद्दा है। कहीं आश्रमों, मंदिरों व चर्चों में यौन शोषण के मामले सामने आते हैं जहां महंत, पुजारी, पादरी जैसे धर्म के आवरण में छुपे लोगों पर गैंगरेप का आरोप लगता है। जैसे कुछ समय पूर्व कानपुर में एक पीड़िता को पहले नशीला लड्डू खिलाया गया फिर उसका यौन शोषण कर घटना का वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। चार महीने बाद गोविंद नगर थाने में शिकायत तो दर्ज जरूर हुई, लेकिन परन्तु चूंकि महंत, पुजारी, और अन्य रेपिस्ट प्रभावशाली थे इस कारण उनके विरुद्ध पुलिस ने देर से कार्रवाई की। इसी तरह मई 2025 में आगरा के एक मंदिर में 5 साल की बच्ची के साथ बलात्कार की घटना चर्चा में रही। इस मामले में पुलिस ने शुरू में आरोपी को छोड़ दिया था, लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद उसे फिर से गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अप्रैल 2025 में सीतापुर में एक मंदिर के पुजारी पर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने और एक पत्रकार की हत्या का आरोप लगा था। ऐसे ही सतना के नादन थाना क्षेत्र में एक कथा वाचक नारायण स्वरूप त्रिपाठी ने तीन नाबालिग बहनों को काल सर्प दोष की पूजा करने के बहाने अपने कमरे में बुलाकर उनका बलात्कार किया। पीड़िता बहनों के परिजनों की शिकायत पर नादन थाना पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बचपन की छिनती मुस्कान: बाल श्रम मौलिक अधिकारों का हनन

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**





अतुल गोयल

हर वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने बच्चों को मजदूरी से मुक्त कराने और उनके बचपन को सुरक्षित करने के उद्देश्य से की थी। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है प्रगति स्पष्ट है लेकिन अभी और काम किया जाना बाकी है– आइए प्रयासों में तेजी लाएं। यह थीम आज के समय की जमीनी सच्चाई को बखूबी दर्शाती है क्योंकि वैश्विक स्तर पर लाखों बच्चे अब भी उस अंधेरे दलदल में फंसे हैं, जिसे बाल श्रम कहते हैं, जो उनके मौलिक अधिकारों के साथ ही उनके जीवन की संभावनाओं को भी निगल रहा है। बाल श्रम कोई सरल या सतही समस्या नहीं है। यह उस गंभीर सामाजिक विडंबना का परिणाम है, जिसमें समाज, सरकार, उद्योग और व्यक्तिगत स्वार्थ की जटिलताएं आपस में उलझी हुई हैं। किसी भी बच्चे को उसकी इच्छा के विरुद्ध काम पर लगाना, उसे शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल जैसी मूलभूत चीजों से दूर करना, सीधा–सीधा उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद–24 यह स्पष्ट करता है कि 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को किसी कारखाने, खदान या अन्य खतरनाक कार्यस्थल पर नियोजित नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद छोटे–छोटे ढाबों, चाय की दुकानों, ईंट भट्टों, कालीन बुनाई केंद्रों, बीड़ी, कांच, पटाखा और चूड़ी उद्योगों में काम करते मासूम बच्चों को देखना एक आम दृश्य है। बाल श्रम की वैश्विक स्थिति को देखें तो आईएलओ और यूनिसेफ की 2023 की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया भर में लगभग 16 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं, जिनमें से लगभग 8 करोड़ बच्चे खतरनाक श्रम कार्यों में लगे हुए हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि हर 10 में से एक बच्चा अपने बचपन के बजाय किसी मजदूरी की जगह पर खड़ा है। इन 16 करोड़ बच्चों में से एशिया और प्रशांत क्षेत्र में लगभग 4.9 करोड़, अफ्रीका में लगभग 8.6 करोड़, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन में 1.1 करोड़ बच्चे इस समस्या से पीड़ित हैं। इस समय सर्वाधिक गंभीर स्थिति उप–सहारा अफ्रीका की है, जहां प्रत्येक दसवां बच्चा श्रमिक है। भारत की स्थिति भी चिंताजनक है। भारत सरकार के श्रम मंत्रालय और सामाजिक न्याय मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 तक भारत में 5 से 14 वर्ष की आयु के लगभग 1.01 करोड़ बच्चे बाल श्रमिक हैं। हालांकि पिछले दो दशकों में शिक्षा के प्रचार, सरकारी योजनाओं और गैर–सरकारी संगठनों की मेहनत से बाल श्रमिकों की संख्या में गिरावट आई है, लेकिन शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्योगों, घरेलू कामों और खेती–बाड़ी जैसे असंगठित क्षेत्रों में इनकी उपस्थिति अब भी भारी है। महामारी के बाद की परिस्थितियों में बाल श्रम का पुनरुत्थान देखने को मिला है। कोविड–19 के कारण परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब होने से कई बच्चों को पढ़ाई छोड़कर काम पर जाना पड़ा।

भारत के कई हिस्सों में बच्चों को आज भी पढ़ाई और खेल के बजाय दिनभर मजदूरी में झोंक दिया जाता है। कभी वे सड़क किनारे भीख मांगते, कचरा बीनते, जूते पॉलिश करते या कारखानों में सस्ते श्रमिक की तरह इस्तेमाल किए जाते हैं। बाल श्रम बच्चों को न केवल शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है, बल्कि उन्हें शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी हानि पहुंचाता है। अस्वच्छ और खतरनाक वातावरण में काम करने के कारण बच्चों को सांस की बीमारी, अस्थमा, त्वचा रोग, टीबी, रीढ़ की हड्डी के विकार और कैंसर तक हो सकता है। साथ ही लंबे समय तक पोषण की कमी और शारीरिक शोषण के कारण वे उम्र से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं और मानसिक रूप से भी अवसाद, डर, हीनता ग्रंथि और अपराध की दुनिया की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। यह समस्या सिर्फ मानवीय संकट नहीं है, यह आर्थिक और सामाजिक विकास में भी बाधा है। एक समाज का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर करता है। यदि वह पीढ़ी शिक्षा के बजाय बचपन में ही मजदूरी करने लग जाए तो न केवल उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है बल्कि पूरे राष्ट्र की प्रगति भी अवरुद्ध हो जाती है। मानव संसाधन की क्षति, उत्पादकता में गिरावट और सामाजिक असमानता जैसे दुष्परिणाम सामने आते हैं।

बाल श्रम के पीछे अनेक कारण हैं लेकिन गरीबी इसकी सबसे मजबूत जड़ है। जब एक परिवार अपनी बुनियादी आवश्यकताओं भोजन, पानी, दवा और शिक्षा को पूरा नहीं कर पाता तो बच्चे को स्कूल भेजने के बजाय काम पर भेज देना मजबूरी बन जाती है। इसके अलावा निरक्षरता, कुपोषण, किसी सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच का अभाव, बाल तस्करी और अज्ञानता भी बाल श्रम के प्रमुख कारक हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों को यह तक पता नहीं होता कि उनके बच्चे को मजदूरी पर लगाना कानूनी अपराध है और संविधान उनके बच्चे को शिक्षा और सुरक्षित बचपन का अधिकार देता है। बाल श्रम को रोकने के लिए भारत में बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम 1986 बनाया गया था, जिसे 2016 में संशोधित कर और कठोर किया गया। इस संशोधन में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के किसी भी कार्य में नियोजन पर पूर्ण प्रतिबंध है, साथ ही 14–18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक उद्योगों में काम पर लगाने पर भी रोक लगाई गई है। इसके बावजूद इस कानून की प्रभावशीलता संदिग्ध बनी हुई है क्योंकि निगरानी, प्रवर्तन और सजा की प्रक्रियाएं अपेक्षाकृत कमजोर हैं। कई बार बच्चा परिवार की मदद के नाम पर घरेलू उद्योगों में कार्य करता रहता है और कानून इसकी सही से व्याख्या नहीं कर पाता। बाल श्रम से जुड़ी एक बड़ी विडंबना यह भी है कि कई बार इन्हें बचाने वाले कानून ही इनके अधिकारों की राह में बाधा बन जाते हैं। उदाहरण के तौर पर जब कानून में यह प्रावधान है कि बच्चा पारिवारिक काम कर सकता है तो इसका फायदा उठाकर बाल मजदूरी को पारिवारिक रोजगार बताकर उसे वैध ठहराने की कोशिश की जाती है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्रों में, जहां निरीक्षण की व्यवस्था नहीं है, वहां तो स्थिति और भी भयावह होती है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना जैसी योजनाएं भी चलाई हैं, जिनका उद्देश्य 9 से 14 वर्ष की आयु के बाल श्रमिकों को बचाकर उन्हें विशेष विद्यालयों में दाखिल कराना और उन्हें पुनर्वास सहायता देना है, लेकिन इन योजनाओं का कार्यान्वयन और जमीनी असर आज भी सीमित और असमान है। कई जिलों में इनकी उपस्थिति नहीं है और जहां है भी, वहां संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल की कमी है। यदि भारत को सच में बाल श्रम मुक्त बनाना है तो केवल कानून बनाना या कुछ योजनाएं शुरू करना पर्याप्त नहीं होगा। इसके लिए व्यापक सामाजिक बदलाव की आवश्यकता है। सबसे पहले तो सरकार को शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निवेश बढ़ाना होगा ताकि गरीब परिवार अपने बच्चों को स्कूल भेजने में सक्षम बनें। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रमों को मजबूत बनाकर युवाओं को रोजगार योग्य बनाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# दुनियाभर में दखल दे रहे अमेरिका के अपने 25 शहरों में प्रदर्शन

## लॉस एंजिलिस में शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू




**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में 5 दिनों से जारी प्रदर्शन के कारण शाम 6 बजे के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया है। लॉस एंजिलिस की मेयर कैरन बैस ने इमरजेंसी की घोषणा की है। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक अवैध अप्रवासियों को बाहर निकालने के फैसले के खिलाफ हो रहा प्रदर्शन अमेरिका के 12 राज्यों के 25 शहरों तक फैल चुका है।

सैन फ्रांसिस्को, डलॉस, आस्टिन, टेक्सास और न्यूयार्क जैसे शहरों में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। हालात पर काबू पाने के लिए ट्रम्प ने लॉस एंजिलिस में 4 हजार नेशनल गार्ड के अलावा 700 मरीन कमांडो को भी तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि हालात खराब हो रहे हैं। जरूरत पड़ने पर वे पूरी ताकत से निपटेंगे। वहीं, सोमवार-मंगलवार को लॉस एंजिलिस

### ट्रम्प बोले: सुरक्षाबल पूरी ताकत से निपटेंगे, जरूरत पड़ने पर सैन्य बल का इस्तेमाल करूंगा

पुलिस ने करीब 1100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। लॉस एंजिलिस में अवैध प्रवासियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई के विरोध में चोरी और लूटपाट की घटनाएं भी सामने आई हैं। मंगलवार को नकाबपोश दंगाइयों ने एक माल में स्थित जारा स्टोर में तोड़फोड़ और लूटपाट की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लोग जारा स्टोर के दरवाजे तोड़कर अंदर घुसते और सामान लूटते दिखे। एक अन्य वीडियो में कुछ उपद्रवी एडिडास स्टोर, फार्मेसियां, मारिजुआना दुकानें और ज्वेलरी शाप्स में भी तोड़फोड़ करते दिख रहे हैं। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट के अधिकारी क्रिस मिलर ने बताया-एक महिला को एपल स्टोर में चोरी करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर लॉस एंजिलिस में हिंसा जारी रही तो वे पूरे शहर में विद्रोह कानून लागू कर सकते हैं। यह कानून सरकार को हिंसा रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल करने की इजाजत देता है। पिछले 2 दिन से हालात बेहद बिगड़ रहे हैं, अगर बगावत हुई तो मैं जरूर विद्रोह कानून लागू करूंगा। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने 14 जून को वाशिंगटन डीसी में होने वाली आर्मी परेड के दौरान प्रदर्शन को लेकर भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रदर्शन करता है तो उसे सेना का सामना करना पड़ेगा। 14 जून को अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ और ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस हिंसा में अब तक दो लोगों की मौत हा

# ट्रम्प ने गाजा जंग खत्म करने को कहा



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मंगलवार को फोन पर बातचीत की। इस दौरान ट्रम्प ने नेतन्याहू से गाजा में जंग को खत्म करने के लिए कहा है।

इजरायल के चैनल 12 की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि गाजा में सीजफायर और बंधकों की रिहाई तक ही बात नहीं रुकनी चाहिए, बल्कि जंग को पूरी तरह खत्म किया जाए। इसके अलावा ट्रम्प ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमला करने को लेकर भी फिलहाल मंजूरी नहीं दी है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने यह भी कहा कि जंग रुकने से ईरान और सऊदी अरब के साथ चल रही बातचीत में मदद मिलेगी। साथ ही अमेरिका हमास को भी जंग खत्म करने के लिए गारंटी देने को तैयार है। डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू से बातचीत में यह साफ किया कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु डील पर समझौते के लिए कोशिशें जारी हैं। हालांकि, ट्रम्प ईरान के

■ **ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले को मंजूरी नहीं, बातचीत जारी रखना चाहते हैं ट्रम्प**

हालिया प्रस्ताव से सहमति नहीं है। उन्होंने कहा कि फिर भी बातचीत के दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। इसके जवाब में नेतन्याहू ने कहा कि ईरान पर हमेशा सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। हालांकि, ट्रम्प ने फिर भी ईरान पर सैन्य हमले को टालने पर जोर दिया। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया कि ईरान पर हमेशा एक विश्वसनीय सैन्य दबाव बना रहना चाहिए। लेकिन ट्रम्प ने दोबारा दोहराया कि बातचीत के दौरान सैन्य हमले की संभावना को टाल देना चाहिए।

# बिलावल का दावा: अबकी बार ट्रम्प भी नहीं रोक पाएंगे भारत-पाक जंग

## कहा: पाक में 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है, भारत को जलयुद्ध की धमकी भी दी

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने आशंका जताई कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच फिर से युद्ध छिड़ा तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के पास इसे रोकने के लिए वक्त नहीं होगा। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में मिडिल ईस्ट इंस्टीटयूट में यह बात कही।

बिलावल ने भारत पर बलूचिस्तान में दखलंदाजी और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे संगठनों को सपोर्ट देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा-क्या हर आतंकी हमले के बाद भारत के साथ युद्ध छेड़ देना चाहिए? पाकिस्तान शांति चाहता है, जो दोनों देशों के हित में है। बिलावल ने कहा कि इस साल पाकिस्तान में आतंकवाद बढ़ा है। अगर हिंसा इसी तरह जारी रही, तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है। बिलावल ने कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल किए बिना स्थाई शांति संभव नहीं



■ **अगर हिंसा इसी तरह जारी रही तो 2025 सबसे खूनी साल हो सकता है: पूर्व विदेश मंत्री**

है। उन्होंने पानी विवाद को भी उठाया और चेतावनी दी कि अगर भारत ने पाकिस्तान का पानी रोका, तो यह जल युद्ध की वजह बन सकता है। उन्होंने कहा: चाहे देश छोटा हो या बड़ा, वह पानी और अपनी जिंदगी के लिए लड़ेगा। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि स्थगित कर दी है। पाकिस्तान की 80 प्रतिशत खेती इसी नदी पर निर्भर है। सिंधु नदी को पाकिस्तान की लाइफलाइन कहा जाता है। बिलावल ने भारत पर संयुक्त राष्ट्र चार्टर तोड़ने करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने कश्मीर को ग्लोबल मुद्दा माना है, न कि भारत का आंतरिक मामला। बिलावल ने भारत से बातचीत की अपील की और कहा कि भारत को पाकिस्तान से कई शिकायतें हो सकती हैं, लेकिन बातचीत बंद करने से समस्याएं हल नहीं होंगी। बिलावल ने दावा किया कि अमेरिका के अफगानिस्तान से अचानक हटने और वहां छोड़े गए हथियारों की वजह से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा: हम आतंकवाद, अफगानिस्तान और अन्य मुद्दों पर बात करते हैं।

# लॉस एंजिल्स में घायल पत्रकार को सहायता की पेशकश

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अमेरिका के लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय रबर की गोली से घायल हुए एक टेलीविजन न्यूज चैनल के रिपोर्टर को सहायता प्रदान करने की पेशकश की है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को कहा कि सरकार ने लॉस एंजिल्स में महावाणिज्य दूतावास के माध्यम से रिपोर्टर लॉरेन टोमासी से संपर्क किया है और उन्हें प्रदान करने के लिए की पेशकश की है। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया के नाइन नेटवर्क न्यूज़ के लिए संवाददाता टोमासी रविवार को स्थानीय समयानुसार लॉस एंजिल्स में विरोध प्रदर्शनों को कवर करते समय घायल हो गई थीं। पुलिस अधिकारी द्वारा चलाई गई रबर की गोली से उनके पैर में गोली लग गई थी। उन्होंने बुधवार को नाइन नेटवर्क टेलीविजन को बताया कि घटना की तस्वीरें 'वास्तव में भयानक' है।

# बांग्लादेश में टैगोर के पैतृक आवास पर कट्टरपंथियों का हमला

## उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, पुलिस ने कार्रवाई नहीं की

**ढाका।** बांग्लादेश के सिराजगंज में मंगलवार को कट्टरपंथियों की भीड़ ने गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर हमला कर दिया। कचहरी घर के नाम से मशहूर टैगोर के पैतृक आवास में जमकर तोड़फोड़ की।

जमात-ए-इस्लामी और हिफाजत-ए-इस्लाम के कट्टरपंथियों की भीड़ ने टैगोर के विरोध में नारे भी लगाए। सूचना मिलने के बाद शहजादपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाना प्रभारी असलम अली का कहना है कि फिलहाल मामले की पड़ताल की जा रही। अभी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। काफी देर तक चले

■ **काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे**

हंगामे के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन शाम तक कट्टरपंथी मौके पर जमा रहे। बात दें कि राजधानी ढाका से लगभग 125 किमी की दूरी पर स्थित गुरुदेव टैगोर के इस दो मंजिला पैतृक आवास को म्यूजियम का दर्जा दिया गया है। गुरुदेव रबिन्द्रनाथ टैगोर के दादा द्वारकानाथ टैगोर ने इस कचहरी घर का निर्माण 1840 में कराया था। 1979 में बांग्लादेश के पुरातत्व विभाग ने इसे संरक्षित इमारत का दर्जा दिया था। कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ करने की साजिश पहले से रची थी सूत्रों के अनुसार, कट्टरपंथियों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को म्यूजियम के निदेशक सिराजुल इस्लाम ने एक व्यक्ति को बंधक बनाकर मारपीट की। जबकि इस्लाम ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है।

पुलिस जांच में भी किसी को भी म्यूजियम में बंधक बनाए जाने की बात सामने नहीं आई। लेकिन देखते ही देखते कट्टरपंथियों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। बताया जाता है कि कट्टरपंथियों ने कचहरी घर में तोड़फोड़ करने की साजिश दो-तीन दिन से रची हुई थी। इसलिए भीड़ मौके पर जमा हो गई।



हैदराबाद। आयोग के समक्ष पेश होने के लिए बीआरके भवन पहुंचे तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव व न्यायमूर्ति पी.सी. घोष।

# ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस किशोरी को पुलिस ने मारी गोली

**सिडनी।** उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में चाकू से लैस होकर धमकी देने वाली एक किशोरी को मंगलवार को पुलिस ने गोली मार दी। यह घटना मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम 5:30 बजे के आसपास, क्वींसलैंड राज्य के ब्रिसबेन से 1000 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम स्थित टाउन्सविले में हुई, जहां एक होटल में एक 17 वर्षीय लड़की के चाकू से लैस होने और धमकी देने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। बुधवार को पुलिस ने एक बयान में कहा कि अदालत में यह आरोप लगाया जाएगा कि लड़की अधिकारियों पर हमला करने के लिए आगे बढ़ी जिसके बाद उसके पेट में गोली मारी गई। अधिकारियों ने उसका तुरंत प्राथमिक उपचार करवाया और उसे इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

# टेस्ला चीफ मस्क ने ट्रम्प से मांगी माफी

**वाशिंगटन।** टेस्ला चीफ एलन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से माफी मांग ली है। उन्होंने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी गलती मानी है। मस्क ने इसे लेकर एक्स पर एक पोस्ट किया है। मस्क ने पिछले कुछ पोस्ट में उन्होंने ट्रम्प के बयानों और नीतियों का समर्थन भी किया है।

उन्होंने लास एंजिलिस में अवैध अप्रवासियों पर हुई छापेमारी को लेकर खुशी भी जताई। इससे पहले एक इंटरव्यू में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से मस्क को लेकर सवाल पूछा गया था, तो उन्होंने बेहद शांत लहजे में जवाब दिया। ट्रम्प ने कहा हमारे बीच अच्छे संबंध थे और मैं बस उनके अच्छे होने की कामना करता हूं। ट्रम्प का यह बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इससे ही जुड़े एक वीडियो पर एलन मस्क

■ **कहा: पोस्ट में कुछ ज्यादा ही बोल गया, सात जून को राष्ट्रपति बोले थे एलन से रिश्ता खत्म**

ने 'रेड हार्ट' इमोजी कमेंट किया था। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि ट्रम्प और मस्क के बीच रिश्ता बेहतर होने लगा है। मस्क पहले ट्रम्प के खिलाफ की गई अपनी कुछ पुरानी पोस्ट हटा चुके हैं। उन पोस्ट में ट्रम्प का रिश्ता एक यौन अपराधी एप्स्टीन से जोड़ा गया था। इसके अलावा ट्रम्प के महाभियोग की भी मांग की थी। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने 7 जून को कहा था कि उनका एलन मस्क के साथ रिश्ता खत्म हो गया है। एनबीसी न्यूज से बात करते हुए ट्रम्प ने मस्क को चेतावनी दी थी कि अगर विपक्षी डेमोक्रेट्स का साथ दिया तो गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। ट्रम्प और मस्क 'बिग ब्यूटीफुल बिल' को लेकर आमने-सामने आ गए थे। ट्रम्प इस बिल के समर्थन में हैं, जबकि मस्क खिलाफ। यह बिल हाउस आफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 22 मई को सिर्फ 1 वोट के अंतर से पास हो चुका है। इसके समर्थन में 215 और विरोध में 214 वोट मिले थे। अब यह सीनेट में विचाराधीन है, जहां इसे 4 जुलाई 2025 तक पास किया जाना है।

मस्क अब ट्रम्प के इस विधेयक के रास्ते में बड़ी रुकावट बनते दिख रहे हैं। ट्रम्प का दावा है कि यह 'देशभक्ति से भरा हुआ' कानून है।



# चीन के बाद ताइवान ने भारतीय नेवी को शुक्रिया कहा

**ताइवान।** ताइवान सरकार ने सिंगापुर के कंटेनर जहाज हुए हादसे के बाद मदद करने के लिए इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड का आभार जताया है।

ताइवान इन इंडिया ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा: ताइवान सरकार इंडियन नेवी और कोस्टल गार्ड के तेजी से किए गए बचाव कार्य के लिए आभारी है। हम लापता के सदस्यों की सुरक्षित वापसी और घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। दरअसल, अरब सागर में केरल के कोच्चि के पास लगभग 44 नाटिकल मील दूर एक कंटेनर जहाज 503 में 9 जून को विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई थी। आग तेजी से फैली जिसके बाद जहाज में और भी कई

■ **अरब सागर में जलते जहाज से 18 क्रू मेंबर को रेस्क्यू किया था**

विस्फोट हुए, जिससे यह डूबने की कगार पर पहुंच गया था। ये जहाज श्रीलंका के कोलंबो से मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह की ओर जा रहा था। 10 जून को वहां पहुंचने वाला था। इस जहाज में जहाज में लगभग 650 कंटेनर थे जिनमें 2000 टन तेल और 240 टन डीजल था। भारतीय नौसेना को शिप के हादसे की जानकारी 9 जून को सुबह 9:30 बजे मिली। इसके रेस्क्यू आपरेशन में लगभग 7 घंटे का समय लगा। खराब मौसम के कारण इसके रेस्क्यू में काफी दिक्कतें आईं।

# यूक्रेन के रक्षा बजट में कटौती करेगा अमेरिका

■ **यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि मौजूदा अमेरिकी प्रशासन अगले साल यूक्रेन के लिए अपने सैन्य बजट में कटौती करेगा। हेगसेथ ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की रक्षा उपसमिति के समक्ष एक सुनवाई के दौरान यह जानकारी दी।

रक्षा मंत्री ने सांसदों से कहा कि यह आगामी रक्षा बजट में कटौती है। यह प्रशासन यूक्रेन संघर्ष के बारे में बहुत अलग दृष्टिकोण रखता है। हमारा मानना है कि कई वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए बातचीत के माध्यम से एक शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हित में भी होगा। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार फरवरी 2022 में रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक अमेरिका ने यूक्रेन को 66 अरब डॉलर से अधिक की सहायता दी




है। पूर्व में जो बाइडन प्रशासन के तहत स्वीकृत और अनुमोदित बजट के तहत अमेरिका ने यूक्रेन को लगातार हथियार प्रदान करना जारी रखा है, लेकिन ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन के लिए किसी भी नई सहायता की घोषणा नहीं की है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के ज़रिये शांतिपूर्ण समाधान दोनों पक्षों और हमारे देश के हितों के लिए सबसे अच्छा है।

# इक्वाडोर में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या

**क्विटो।** इक्वाडोर के दक्षिण-पश्चिमी तटीय शहर गुआयाकिल में आठ लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। यह हमला गुआयाकिल के पास क्वालेस इलाके में डौले राजमार्ग के निकट हुआ। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई।

हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह हमला सप्ताहांत में चार असॉल्ट राइफलों की हाल ही में जब्ती से जुड़ा हो सकता है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमला सुबह तब हुआ, जब पेका क्षेत्र और एक नगरपालिका बाजार

■ **हमलावरों को पकड़ने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया**

के पास स्थानीय लोग अपने दिन की शुरुआत कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार मारे गए लोगों में पांच मोटरसाइकिल टैक्सी चालक थे। इक्वाडोर के सबसे खतरनाक शहरों में से एक गुआयाकिल में हाल के दिनों में कई घातक हमले हुए हैं। बैस्टियन पॉपुलर के एक घर में रविवार को चार लोगों की हत्या कर दी गई। इसके अलावा, सोमवार को मुचो लोटे इलाके में अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने के बाद एक विवाहित जोड़े की गोली मारकर हत्या कर दी गई।